ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 2, अंक 294, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

करण की किल का ट्रेलर रिलीज 16

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 15

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
समर ऑफर मात्र ₹4 में प्रतिदिन
यह ऑफर केवल कानपुर के पाठकों के लिए
फोन: 0512- 2548300

एक नजर

पराग दूध आज शाम से दो रुपये प्रति लीटर महंगा

लखनऊ। लखनऊ दुग्ध संघ ने 14 जून की शाम से पराग दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। कीमतों में वृद्धि सभी वैरायटी में की गई है। इनमें पराग गोल्ड, टोंड समेत सभी तरह के दूध हैं। लखनऊ कार्यक्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में दूध की ये नई दरें शुक्रवार शाम से प्रभावी हो जाएंगी। कंपनी के महाप्रबंधक विकास बालियान ने बताया कि एक लीटर पराग गोल्ड की नई कीमत अब 68 रुपये होगी। पहले यह 66 रुपये लीटर था। 54 रुपये में मिलने वाला टोंड मिल्क 56 रुपये लीटर मिलेगा। लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में बिक रहे दूध पर नई कीमतें प्रभावी होंगी।

चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

नई दिल्ली। प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यह विकास अन्य अनुमानों से अधिक है लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने शुरुआती अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी।

अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।

अजीत डोभाल डॉ. पीके मिश्रा

कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई।

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। सिन्हा ने उन्हें स्थानीय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।

- आतंकी घटनाओं के बाबत गृहमंत्री शाह, एनएसए डोभाल से की वार्ता

जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य, जारी किए गए आदेश

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया कि मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं। हालांकि, इस परंपरा का जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है।

नीट-यूजी: ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

कानपुर में पांचवीं मंजिल से गिरकर महिला डॉक्टर की मौत

बुधवार देर रात मेडिकल कॉलेज में परीक्षा भवन की 5वीं मंजिल से डक्ट में गिरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) में बने परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से महिला एमबीबीएस डॉक्टर की मौत हो गई। बरेली निवासी महिला डॉक्टर अपने दो साथी पुरुष डॉक्टरों के साथ पांचवीं मंजिल पर पार्टी कर रही थी। पुलिस ने दोनों साथी डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। परिजनों ने दोनों डॉक्टरों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पोस्टमार्टम में महिला डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटों का पता चला है। पेट में अल्कोहल भी मिला है। आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के ग्राम अजनौरा के रहने वाले रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर बरेली में तैनात रहे। इस दौरान उन्होंने वहां बरेली के थाना बारादरी के सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने वाले उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी (24) के साथ रह रहे हैं। पिता के अनुसार बेटी दीक्षा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया था। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। वह तीन दिन पूर्व मेरठ गई थी। 25 जून से उसे नौकरी पर रेगुलर होना था। वह अपना सामान लेने कानपुर गई थी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा आर्यनगर में किराए पर कमरा लेकर रह रही थीं। वह एक डॉक्टर के रिलेशनशिप में थीं। मेरठ जाने से पहले उनके बैचमेट डॉक्टर मयंक और डॉक्टर हिमांशु ने आर्य नगर में एक रेस्टोरेंट में पार्टी की। इसके बाद बुधवार देर रात करीब 1 बजे वह लोग मेडिकल कॉलेज कैंपस में परीक्षा भवन में गए और पांचवीं मंजिल पर फिर से पार्टी शुरू की। तीनों डॉक्टर डक्ट की पांच फुट ऊंची दीवार पर चढ़कर बैठ गए। पुलिस ने बताया कि दीक्षा बीच में बैठी थी और दोनों डॉक्टर अगल-बगल बैठे थे। तभी दीक्षा डक्ट की ऊपरी सतह की स्लैब तोड़ते हुए डक्ट में नीचे जा गिरी। दोनों डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान अवस्था में दीक्षा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी शिखर और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया। पिता प्रदीप तिवारी, अजीतमल निवासी मौसा अरुण दुबे, फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि दोनों साथी डॉक्टरों ने पार्टी के बाद उसकी हत्या करके डक्ट में फेंक दिया। आरोप है कि पुलिस की कहानी फिल्मी है।

- छत पर दो बैचमेट डॉक्टरों के साथ चल रही थी पार्टी, बैचमेट पर हत्या का आरोप
- सुरेश शर्मा नगर बरेली की थी निवासी, मेरठ मेडिकल कॉलेज में 25 को थी ज्वाइनिंग
- डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं, पेट में अल्कोहल भी पाया गया

पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री

कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए थे। कुवैत के प्रथम उपप्रधानमंत्री शेख फहद के मुताबिक 48 शवों की पहचान कर ली गई है जिसमें 45 भारतीय और 3 फिलीपीन के हैं। एक शव की पहचान के प्रयास जारी है।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

मंगाफ अग्निकांड

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 40 भारतीय

मृतकों में तीन उप्र. के

लखनऊ। कुवैत में आग की घटना में मरने वाले 45 भारतीयों में तीन उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य के आलाधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। मृतकों में प्रवीण माधव सिंह (वाराणसी), जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता (गोरखपुर) के हैं।

दिल्ली को पानी देने से मुकरा हिमाचल प्रदेश

- सुप्रीम कोर्ट में कहा-उसके पास नहीं है अतिरिक्त पानी
- कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यमुना नदी बोर्ड जाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए।

येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो केस में गैर जमानती वारंट जारी

- भाजपा नेता पर लगा है नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोप
- कर्नाटक के पूर्व सीएम ने खुद पर लगे आरोपों को किया खारिज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनवीडब्ल्यू) जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले पूछताछ को बुलाया था। येदियुरप्पा ने जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है।

पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा पर 17 वर्षीया किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस की ओर से 14 मार्च को मामला दर्ज किए जाने के कुछ ही घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने मामले को जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था। येदियुरप्पा (81) ने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज किया है और कहा है कि वह इस मामले से कानून का सहारा लेंगे।

ऑनलाइन मंगाई आइस्क्रीम निकला मांस का टुकड़ा

मुंबई। मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन कोन आइस्क्रीम मंगाई और उसे कोन में नाखून के साथ मांस का टुकड़ा मिला। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि संदेह है कि मांस का टुकड़ा मनुष्य की कटी अंगुली है, इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मलाड पश्चिम में रहने वाले एक डॉक्टर ने यम्मो कंपनी की बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम ऑनलाइन मंगाया था। खाने को खोला तो कोन से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे डाक्टर ने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत की। लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने मांस के टुकड़े को बर्फ की थैली में रखा और मलाड पुलिस थाने में शिकायत की। कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

- पुलिस ने फोरेंसिक जांच के लिए भेजा सैंपल

लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 को

नई दिल्ली। लोकसभा 26 जून को नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को नोटिस दे सकते हैं। अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

25 प्रतिशत तक कम होंगी फ्लैट्स की कीमतें

उप्र. के विभिन्न शहरों में विकास प्राधिकरणों के मकानों के लिए नई कास्टिंग गाइडलाइन तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में अलग-अलग आय समूहों के लिए तैयार प्राधिकरणों के फ्लैट्स की कीमतें 15 से 25 प्रतिशत तक कम हो सकतीं हैं। कीमतें कम करने के मद्देनजर कम्पाऊंड चार्ज कम करने के सुझाव के साथ एक कास्टिंग गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेजी गई है।

मार्च में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी ओवरहेड और कंटीजेंसी चार्ज कम कर 1000 फ्लैट बेचने की योजना बनाई थी, आने वाले समय में पूरे राज्य में यह प्रयोग लागू हो सकता है। दरअसल, राज्य में फिलहाल सम्पत्तियों की कीमतों की गणना साल 1999 में बनी कास्टिंग गाइडलाइन पर आधरित है। इसमें कई ऐसे चार्ज जुड़े हैं जिससे सम्पत्तियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अलग-अलग आय समूहों के लिए बने फ्लैट्स के बेसिक मूल्य पर कंटीजेंसी और ओवरहेड चार्ज लिया जाता हैं। एलडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कास्टिंग गाइड लाइन में बड़ा सुधार करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव शासन के पाले में है, अगर इस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली और बाद में इस प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करा लिया गया तो फलैट्स की कीमतें दो से पांच लाख रुपये तक कम हो सकतीं हैं।

अगर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो गया तो एचआईजी, एमआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के मकानों के कंटीजेंसी शुल्क में 8 जबकि ओवरहेड चार्ज में 7.50 फीसद की कमी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भूखण्डों पर लगने वाली ब्याज दरों में भी कमी होगी। इस कड़ी में शासन को भेजी गई गाइडलाइन में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी पर सात, एमआईजी पर आठ, एचआईजी पर 9 जबकि व्यावसायिक भवन भूखण्ड होने पर 11 फीसद ब्याज लेने का सुझाव दिया गया है। विलम्ब से भुगतान करने पर 2 फीसद अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

इसी तरह लीज होल्ड भवनों में भूमि के अतिरिक्त भवनों के निर्माण लागत पर फ्री होल्ड चार्ज न लेने का सुझाव दिया गया है। वहीं, आवंटी को 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर छह, 60 दिन में पूरे पैसे जमा करने पर पांच फीसद छूट जैसी सुविधा भी दी जाएगी।

- कमेटी की तैयार रिपोर्ट शासन के पाले में, कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा

> मुख्यमंत्री की मंशानुरुप जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को लेकर दिए सुझाव व्यापक अर्थों में हैं। कैबिनेट से पास हो जाने पर आगे इसे लागू करने पर अमल किया जाएगा। – **नितिन रमेश गोकर्ण**, अपर मुख्य सचिव आवास

डॉ. दीक्षा।

इसी परीक्षा भवन की छत से गिरने से हुई डॉ. दीक्षा की मौत। अमृत विचार

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद दीक्षा के परिवारीजन। अमृत विचार

पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मेडिकल कॉलेज के छात्र। अमृत विचार

डॉक्टर के शरीर पर मिलीं 36 से ज्यादा चोटें

- पोस्टमार्टम में आंतरिक रक्तस्त्राव से मौत की पुष्टि, अल्कोहल भी मिला
- दुष्कर्म की आशंका को लेकर बनाई स्लाइड

तीनों डॉक्टर क्यों गए थे भवन की छत पर, जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कैमरे में तीनों डॉक्टर कैद, डॉ.दीक्षा दिख रहीं छिपकर अंदर जाते
- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज गठित करेगा जांच कमेटी

अमृत विचार। डॉ.दीक्षा तिवारी और उनके दोनों साथी डॉ.हिमांशु व डॉ.मयंक कॉलेज की छत पर कैसे और क्यों गए, इसकी जांच पुलिस के साथ ही जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम भी करेगी। कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी ने विभागीय जांच के लिए कमेटी गठन करने की बात कही है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन की छत से गिरकर बरेली निवासी डॉ.दीक्षा तिवारी की मौत हो गई। डॉ.दीक्षा कॉलेज में वर्ष 2018 बैच की पैरा एम-टू की छात्रा थी।

डॉ.दीक्षा ने वर्ष 2023 में एमबीबीएस उत्तीर्ण करने के बाद वर्ष 2024 में इंटर्नशिप की थी। मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे पुलिस को कॉलेज के परीक्षा भवन की छत से एक छात्रा के गिरने की सूचना मिली।

पुलिस व डॉ.दीक्षा के साथी उन्हें लेकर इमरजेंसी पहुंचे थे, जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी करने पर पता चला है कि डॉ.दीक्षा कॉलेज के हॉस्टल या परिसर में नहीं रहती थीं। न ही डॉ.हिमांशु व डॉ.मयंक कॉलेज परिसर में रहते थे। रात को वह कॉलेज में कैसे पहुंचे और छत पर क्यों गए, इस संबंध में जांच के लिए विभागीय कमेटी गठित की जाएगी। तीनों डॉक्टरों ने कॉलेज कैंपस में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया था।

अपनी मर्जी से जाते हुए दिख रहीं डॉ.दीक्षा

मेडिकल कॉलेज परिसर में कई कैमरे लगे हैं। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक डॉ.दीक्षा अपने साथी डॉ.हिमांशु व डॉ.मयंक के साथ अपनी मर्जी से जाते हुए दिख रही हैं। वह छिपकर अंदर जाते हुए नजर आ रही हैं।

डॉ दीक्षा की मौत के बाद जानकारी देंती मेडिकल कालेज की उप प्राचार्य प्रो. रिचा गिरी, साथ में डॉ.सीमा द्विवेदी। अमृत विचार

डॉक्टर ने चेहरा देखकर किया अंतिम दर्शन

- कानपुर। गुरुवार देर शाम पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन जब निजी वाहन करके दीक्षा के शव को बरेली ले जा रहे थे तो गोल चौराहे के किनारे गाड़ी को परिजनों ने रुकवा दिया। कुछ ही समय बाद स्वरूप नगर पुलिस डॉ हिमांशु को हिरासत में जीप से लेकर वहां पहुंची। इसके बाद कफन में लिपटे दीक्षा के चेहरे को खोलकर डॉ हिमांशु को दिखाया गया। जिसके बाद वह फूट-फूटकर रोने लगा। परिजनों के आंसू फिर से छलक पड़े। इसके बाद थाना पुलिस डॉ हिमांशु को लेकर चली गई और वह लोग बरेली निकल गए।

दुखद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मेडिकल कालेज के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल की डक्ट में गिरने से संदिग्ध हालात में हुई मौत के बाद गुरुवार रात उनके शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर दीक्षा के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं हैं। शरीर के अंदर और बाहर गहरे जख्म मिले। दुष्कर्म की आशंका को लेकर स्लाइड बनाई गई। बिसरा सुरक्षित किया गया और पेट में अल्कोहल मिलने की पुष्टि हुई। पैनल और वीडियोग्राफी में हुए पोस्टमार्टम में आंतरिक रक्तस्त्राव से मौत की पुष्टि हुई है। पसलियां टूटकर हार्ट और लिवर में घुस गईं जिससे आंतरिक खून बहुत बहा।

दीक्षा के फूफा योगेश भवन की छत पर गए। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज में मचा रहा हड़कंप

स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में एमबीबीएस डॉक्टर की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की खबर फैलने के बाद दिन भर मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मचा रहा। दीक्षा की मौत के बाद परिजन और उनके रिश्तेदार एक बार घटनास्थल को देखना चाहते थे। घटनास्थल पर और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग के लिए स्वरूपनगर थाने में दिनभर परिजनों और रिश्तेदारों की भीड़ लगी रही। वहीं पोस्टमार्टम हाउस में भी लोग मौजूद रहे। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज में जिम्मेदार अधिकारियों के पास पुलिस अफसरों के फोन पहुंचते रहे। जिसके बाद उन लोगों को प्रेस कांफ्रेंस करनी पड़ गई।

फूट-फूटकर रोते रहे माता-पिता कुछ कहने से बचते रहे डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। स्वरूप नगर पुलिस ने बुधवार देर रात करीब दो बजे जब दीक्षा के साथ हुई घटना की सूचना एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा के पिता प्रदीप तिवारी को दी तो घबराने से उनके हाथ से मोबाइल छूट गया। उन्होंने हिम्मत जुटाकर जानकारी पत्नी अनीता उर्फ रेनू को दी। वह भी रोने बिलखने लगी।

इसके बाद उन लोगों ने भाइयों और नाते रिश्तेदारों को जानकारी दी और तुरंत गाड़ी से कानपुर आने के लिए निकल पड़े।

अलग-अलग गाड़ियों से निकलने के बाद सभी लोग मेडिकल कॉलेज स्थित घटनास्थल परीक्षा भवन पहुंचे। कुछ ही देर में मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की भी भीड़ लगने लगी। दोपहर होते-होते दूर-दराज रहने वाले दीक्षा के ज्यादातर रिश्तेदार पहुंच गए। माता-पिता और रिश्तेदार बेटी को यादकर फूट-फूटकर रोने लगे। जेआर कुछ भी बोलने से कतराते हुए कटते नजर आए।

बिलखती मां अनीता उर्फ रेनू तिवारी। अमृत विचार

गिरने से टूट गई डक्ट की कमजोर स्लैब

स्वरूप नगर पुलिस के अनुसार डॉ मयंक और डॉ हिमांशु से पूछताछ की गई तो उन लोगों ने बताया कि बुधवार रात फाइनल ईयर की पार्टी हुई थी। पहले उन लोगों ने आर्य नगर में पार्टी की। इसके बाद देर रात पांच मंजिला बिल्डिंग परीक्षा भवन पहुंचे। डॉक्टरों ने बताया कि छत पर पहुंचने के बाद उन लोगों ने पार्टी की। इसके बाद दीक्षा बात करते हुए छत पर बने डक्ट की दीवार पर बैठ गई। यहां संतुलन बिगड़ने से वह स्लैब पर गिरी और सीधे नीचे डक्ट में चली गई।

- शरीर के अंदर और बाहर गहरे जख्म मिले, बिसरा सुरक्षित

शव ले जाते समय फूट-फूटकर रोये जेआर

- महिला डॉक्टर के शव का पोस्टमार्टम होने के दौरान काफी भीड़ लगी रही। परिजन जल्द से जल्द पोस्टमार्टम कराकर बरेली ले जाना चाहते थे। शव को ले जाने के दौरान कई जेआर और उसके बैचमेट फूट-फूटकर रोये।

इसी डक्ट में गिरी थी दीक्षा तिवारी।

- पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दीक्षा के नाते रिश्तेदार

चप्पल के साथ नीचे गिरी डॉक्टरों पर पूरा शक

- फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि पुलिस की कहानी पूरी फिल्मी है। कहा कि छत पर पैरों के घसीटने निशान हैं। बहन पैरों में चप्पल के साथ नीचे गिरी है। उन लोगों को पूरा संदेह है कि साथी डॉक्टरों ने उसे छत पर डक्ट में अंदर धक्का देकर हत्या कर दी।

दोनों डॉक्टर अच्छे दोस्त थे

- एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने घटनास्थल पर मौजूद पिता को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दो साथी डॉक्टर हिरासत में हैं उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। परिवार से बात करने के बाद सामने आया कि दोनों साथी डॉक्टर दीक्षा के परिवार के भी टच में हैं और सब अच्छे परिचित हैं। घर का आना-जाना भी था। बताया कि फोरेंसिक टीम ने शव पर आई चोट और स्पॉट की जांच की है।

हत्या या हादसा की गुत्थी उलझी, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की मौत का मामला

अमृत विचार। रात करीब एक बजे मेडिकल कॉलेज के सुनसान पड़े परीक्षा भवन में की गई पार्टी में एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा तिवारी, मेरठ में तैनात डॉक्टर हिमांशु और डॉ मयंक मौजूद थे। पार्टी में आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि कुछ ही देर में महिला डॉक्टर की जान चली गई। परिजन इसे हादसा मानने के लिए तैयार नहीं है। वहीं पुलिस के अफसर और फोरेंसिक टीम इसे हादसा बताकर निष्पक्ष जांच करने की बात कह रहे हैं। दीक्षा के परिजनों का कहना था कि शहर में पार्टी करने की और भी जगह थी। लेकिन इतनी रात में सुनसान जगह जाकर पार्टी करने की बात गले नहीं उतर रही है। इस मामले में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि परिजनों ने अभी तक तहरीर नहीं दी है। जांच की जा रही है।

दीक्षा के पिता प्रदीप तिवारी से बात करते एडिशनल सीपी हरीश चंदर। अमृत विचार

पंचनामा की प्रक्रिया में देरी पर भड़के परिजन

महिला डॉक्टर दीक्षा के परिजन 12 बजे तक कानपुर पहुंच गए थे। सभी लोग जल्द से जल्द पंचनामा की कार्रवाई कराकर पोस्टमार्टम कराने के बाद 300 किमी दूर शव ले जाने की बात कह रहे थे। लेकिन पुलिस की पंचनामा की कार्यवाही 2.30 बजे पूरी हो सकी। जिसके बाद पोस्टमार्टम प्रभारी नवनीत चौधरी ने पुलिस से वीडियोग्राफी और पैनल से पोस्टमार्टम के लिए सीएमओ और एसीपी से परमीशन ले आने की बात कही। इस पर हैलट चौकी के पुलिसकर्मी कांशीराम गए और कागजी कार्यवाही पूरी कराई। इस प्रक्रिया में हुई देरी के बाद कागज चार बजे तक आ पाए। इस दौरान परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। आरोप था कि पोस्टमार्टम का स्टॉफ जानबूझकर देरी पर देरी कर रहा है।

दादी को नहीं बताया, मोहल्ले वालों के सहारे छोड़ा

- दीक्षा तिवारी के साथ हुई घटना की सूचना के बाद पिता प्रदीप ने अपनी मां सावित्री देवी को कुछ भी नहीं बताया। फुफेरे भाई गौरव ने बताया कि इन दिनों वह बहुत बीमार चल रही हैं। इस कारण परिजन दूसरा बहाना बताकर मोहल्लों वालों के सहारे छोड़कर निकल आए। उन्हें गहरा सदमा लग सकता है।

23 जून को थी नीट पीजी

- परिजनों ने बताया कि दीक्षा की 23 जून को नीट पीजी थी। इसको लेकर वह काफी उत्साहित थी। परिजनों ने बताया कि वह शुरू से ही पढ़ाई में काफी होनहार थी। वह लगातार अपने दम पर आगे बढ़ती ही गई। हाईस्कूल और इंटर में भी उसके बेहतरीन नंबर आए थे।

सुविधा पहली जुलाई से नए नंबर से संचालन, नहीं देना होगा अतिरिक्त शुल्क

टूंडला, फतेहपुर के लिए स्पेशल मेमू ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। कोरोना काल से स्पेशल के नाम पर चल रहीं कई मेमू ट्रेनों को पहली जुलाई से नियमित किया जा रहा है। इससे कानपुर से टूंडला, फंफूद, फतेहपुर और सूबेदारगंज (प्रयागराज) आने-जाने वाले यात्रियों को कम किराए में प्रतिदिन मेमू सेवा उपलब्ध होगी। यह ट्रेनें अब अपने पुराने नंबर से चलेंगी। यात्रियों को कोई अतिरिक्त चार्ज नहीं देना होगा। ट्रेनों को मौजूदा शून्य नंबर प्रणाली के स्थान पर उनके नियमित नंबर के साथ संचालित किया जाएगा।

पुराना नंबर	कहां से कहां तक	नया नंबर
04187	कानपुर-टूंडला	64587
04188	टूंडला-कानपुर	64588
04191	कानपुर-फफूंद	64589
04192	फफूंद-कानपुर	64590
04181	सूबेदारगंज-कानपुर	64591
04182	कानपुर-सूबेदारगंज	64592
04129	फतेहपुर-कानपुर	64593
04130	कानपुर-फतेहपुर	64594

इन ट्रेनों के पहली जुलाई से बदलेंगे नंबर

वर्तमान नंबर	ट्रेन	नया नंबर
12520	अगरतला-एलटीटी	15660
12519	एलटीटी-अगरतला	15659
13413	बालुरघाट-बठिंडा	15733
13414	बठिंडा-बालुरघाट	15734
13483	बालुरघाट-बठिंडा	15743
13484	बठिंडा-बालुरघाट	15744

5 दिन 5 ट्रेनें बदले रूट से चलेंगी

आगरा के समीप यमुना ब्रिज पर नॉन इंटरलॉकिंग के काम की वजह से कई ट्रेनों का रूट डायवर्ट किया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार लेटलतीफी के कारण यात्रियों को कुछ दिक्कत हो सकती है। 03409 मालदा टाउन-खातीपुरा, इटावा-ऊदीमोड़-आगरा छावनी-बिचपुरी-भरतपुर के रास्ते 13 जून को चलेगी। 09448 पटना-अहमदाबाद, इटावा-ऊदीमोड़-आगरा छावनी-पथौली-बयाना के रास्ते 14 जून को चलेगी। 09196 मऊ-वड़ोदरा, इटावा-ऊदीमोड़-आगरा छावनी-पथौली-बयाना के रास्ते 16 जून को चलेगी। 04125 सूबेदारगंज-बांद्रा टर्मिनस, इटावा-ऊदीमोड़-आगरा छावनी-पथौली-बयाना के रास्ते 17 जून को चलेगी।

नई दिल्ली, पटना, गया को दो सुपरफास्ट के 15 फेरे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए नई दिल्ली-पटना और नई दिल्ली-गया के बीच सप्ताह में छह दिन दो सुपरफास्ट ट्रेनों के संचालन का फैसला लिया है। इनका संचालन पटना और गया से 14 जून तथा नई दिल्ली से 15 जून से होगा। दोनों ट्रेनें 15-15 फेरे लगाएंगी। अप-डाउन दोनों तरफ से आवाजाही में गोविंदपुरी स्टेशन पर पांच मिनट का ठहराव दिया गया है।

पटना-नई दिल्ली एक्सप्रेस 02393 पटना से रात 8.10 बजे चलकर प्रयागराज के रास्ते सुबह 4.30 बजे गोविंदपुरी स्टेशन पहुंचेगी और पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर नई दिल्ली दोपहर 12.10 बजे पहुंचेगी। डाउन ट्रेन 02394 नई दिल्ली से दोपहर 1.20 बजे चलेगी और शाम 7.15 बजे गोविंदपुरी आकर अगले दिन सुबह सात बजे पटना पहुंचेगी।

दिल्ली के लिए कल स्पेशल ट्रेन चलेगी

- एनसीआर पीआरओ रागिनी सिंह ने बताया कि 04001 स्पेशल 14 जून को पटना से दिल्ली के लिए रात 9.30 बजे चलेगी। ट्रेन 15 जून को सुबह 8.10 बजे सेंट्रल स्टेशन आकर नई दिल्ली दोपहर तीन बजे पहुंचेगी। प्रयागराज मंडल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि 03410 मालदा टाउन स्पेशल 14 जून को नहीं चलेगी।

इसी तरह गया-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 02397 14 जून को दोपहर 2.15 बजे गया से चलकर रात 10.30 बजे गोविंदपुरी आएगी। पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर सुबह 7.10 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी। डाउन ट्रेन 15 जून की सुबह 8.20 बजे आनंद विहार से रवाना होकर दोपहर 2.30 बजे गोविंदपुरी स्टेशन आएगी और देर रात 12.30 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या M8754133 में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR KHAN अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 706825661473 व मेरे पैन कार्ड संख्या CBIPK6973R व मेरे पिता के पैन कार्ड संख्या AMBPJ9443D में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR अंकित है जो कि सत्य व सही है। अंतः मेरे पिता को ABDUL JABBAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. अनवर पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी मकान न. ईदगाह थाना कोतवाली नगर तहसील सदर जनपद सुल्तानपुर।

सूचना

सूचित है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम छोटू दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम छोटू कनौजिया है। भविष्य में छोटू कनौजिया के नाम से जाना जाए। छोटू कनौजिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद कनौजिया नया गायत्रीनगर, जानकीपुरम लखनऊ।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। सुफल बिस्वास निवासी भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा।

सूचना

सूचित हो कि मैं बबली शुक्ला निवासिनी 537/भा/783 भरतनगर मोहिबुल्लाहपुर लखनऊ घोषणा करती हूं कि बबली शुक्ला ऊर्फ नमिता देवी दोनो मेरे ही नाम है। किंतु ग्रामीण डाक जीवन बीमा नमिता देवी के नाम से है जबकि वास्तिविक नाम बबली शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला है। एवम ग्रामीण डाक जीवन बीमा में नमिता देवी के स्थान पर बबली शुक्ला जाना व माना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता संख्या में मेरा नाम भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 894128651381 व पैन कार्ड संख्या ABSPP7117N में मेरा नाम भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) है। अंतः भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) व भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। और भविष्य में मुझे भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) के नाम से बैंक के समस्त अभिलेखों में अंकित किया जाए। भोला नाथ पाण्डेय पुत्र स्व.साहबदीन पाण्डेय निवासी मकान न.235, एलआईजी, ई ब्लाक श्याम नगर कानपुर नगर।

सूचना

बैंक ऑफ इंडिया में मेरा बचत खाता राजा नाम से है। जबकि, मेरा पूरा नाम इजहार अहमद उर्फ राजा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। इजहार अहमद उर्फ राजा पुत्र मुमताज अहमद निवासी -268/523/341, गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।

कटरी, हिंदूपुर में अवैध प्लाटिंग पर 71 के खिलाफ तहरीर

❍ जोन एक के तहत केडीए ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की ❍ निजी हाउसिंग सोसाइटियां बेच रहीं केडीए की जमीन, 123 बीघा जमीन कब्जाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा कटरी क्षेत्र, हिंदूपुर, सिंहपुर कछार में अवैध प्लाटिंग के मामले में गुरुवार को केडीए ने 71 विकासकर्ताओं (बिल्डर) पर एफआईआर दर्ज कराने के लिये पुलिस को तहरीर दी। डूब क्षेत्र में निजी हाउसिंग सोसाइटियों ने केडीए की लगभग 123 बीघा जमीन को कब्जाकर प्लाट बेच दिये। कार्रवाई के बाद केडीए, तहसील के अधिकारियों और भू-माफिया में हड़कंप मच गया है। केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के अनुसार बिठूर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग हुई है, अभी कई और अवैध विकासकर्ता निशाने पर हैं। केडीए निर्माणों को चिह्नित कर सूची बना रहा है। जल्द उन पर भी एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल के निर्देश पर शहर में अवैध, अनाधिकृत निर्माण, विकास कार्य पर अंकुश लगाये जाने को लेकर जीरो टालरेंस की नीति आपनाई जा रही है। अभी तक केडीए ने 100 से अधिक मकानों को सील व धराशायी किया है। गुरुवार को विषेश कार्याधिकारी प्रवर्तन (जोन-1) डॉ. रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में सहायक अभियन्ता शैलेन्द्र सिंह क्षेत्रीय अवर अभियन्ता सीबी पाण्डेय और सुपवाइजरों की संयुक्त टीम ने विकासकर्ताओं द्वारा अवैध रूप से विकसित की गयी 39 अवैध प्लाटिंग को चिन्हित कर विकासकर्ताओं के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिये थानों में तहरीर दी। केडीए ने अवैध निर्माणों के खिलाफ अब तक के इतिहास में इतनी बड़ी कार्रवाई कभी नहीं की।

कब्जेदारों ने केडीए की जमीन पर अवैध प्लाटिंग कर सड़क भी काट दी। अमृत विचार

डूब क्षेत्र में बिना नक्शा पास कराए अवैध प्लाटिंग

- कटरी ख्योरा, बनियापुर, हिंदूपुर, धरपुर, प्रतापपुर हरी, चिरान गांव, गंगापुर केडीए ग्रीन के पीछे, हिंदूपुर डल्लापुर बिठूर, सिंहपुर कछार, वृंदावन धाम सोसयटी मकड़ी खेड़ा में करीब 123 बीघा जमीन पर विकासकर्ताओं ने अवैध प्लाटिंग की है। इनमें कटरी ख्योरा, हिंदूपुर और सिंहपुर कछार में सबसे ज्यादा भू-माफिया सक्रिय हैं। विशेष कार्याधिकारी प्रवर्तन जोन-1 डा. रवि प्रताप सिंह ने बताया कि इन क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से प्लाटिंग की जा रही है। एक भी प्लाटिंग पर केडीए द्वारा न तो नक्शा पास कराया गया था और न ही ले-आउट पास कराया गया था।

केडीए ने कब्जा कर बनाए पक्के निर्माण भी गिरा दिए। अमृत विचार

अवैध प्लाटिंग करने पर इनपर हो रही कार्रवाई

1.बलराम सिंह पर कटरी ख्यौरा में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

2.महादेवा तेजा पर कटरी ख्यौरा में 8 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

3 अनुराग गुप्ता दयाल फार्म हाउस पर कटरी ख्यौरा में 15 बिस्वा में प्लाटिंग करने पर

4.रामबाबू पर कटरी ख्यौरा में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

5. प्रिया गुप्ता पर कटरी ख्यौरा में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

6. मुन्नालाल पर कटरी ख्यौरा में 3.50 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

7.छेदीलाल यादव कटरी ख्यौरा में 5 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

8. डा. आनन्द गुप्ता, महेश चन्द्र गुप्ता, सोनू यादव पर कटरी ख्यौरा में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

9. संजय, तुलसी राम पर कटरी ख्यौरा बनियापुर में 1/2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

10. प्रेम स्वरूप महेश्वरी आदि पर कटरी में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

11. हाकिम सिंह आदि पर हिन्दूपुर में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

12. विजय लांबा (नमो प्लाटिंग) पर हिन्दूपुर में 1 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

13. अवधेश कटियार (नमो प्लाटिंग) हिन्दूपुर में 1/2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

14. मुरारी लाल, श्याम लाल, सोनू यादव आदि पर हिन्दूपुर में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

15. रामकिशन, सुमित कुमार, किशोर प्रधान आदि पर हिन्दूपुर में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

16. अनिल अग्रवाल, देवीचरन आदि पर हिन्दूपुर में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

17. सुनील कुमार, मृदुल जौहरी, राधेश्याम, सूरजवली शंकर लाल पर धरमपुर में 04 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

18. पन्ना लाल, अदन, पूजा यादव, राकेश, सटी प्रसाद मेसर्स मां डवलेपस द्वारा सुनील कुमार, आकाश कुमार, चेतन बाजपेई पर धरमपुर में 5 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

19. सियाराम, शिवकान्त पर प्रतापपुर हरी में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

20. प्रकाश नारायण आदि पर प्रतापपुर हरी में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

21. पवन सिंह, कुलदीप सिंह पर प्रतापपुरी हरी में 1 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

22. हरिमोहन, राम गोपाल, शम्भूनाथ, हरी व बलराम आदि पर प्रतापपुरी हरी में 2/1 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

23.चांदनी, जे सिंह आदि पर चिरान गॉव में 1/2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर. राघव पर चिरान गॉव में 02 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

25. संजय पर कटरी में 1/2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

26. आलोक कटियार, शहजादे लाल व हरिशंकर आदि पर गंगापुर केडीए ग्रीन्स के पीछे 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

27. हाकिम सिंह पर हिन्दूपुर में 1.5 बीघा में जमीन पर प्लाटिंग करने पर

28. किशोर निषाद पर हिन्दूपुर डल्लापुरवा बिठूर में 2.5 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

29. शम्भू जैन पर प्रतापपुर चिरान में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

30. शिवाकान्त शुक्ला पर सिंहपुर कछार में 04 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

31. हरी किशन कठेरिया, राम खिलावन कठेरिया, अशोक कुमार कठेरिया व अन्य पर सिंहपुर कछार में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

32. भवर लाल कोठीलाल एवं अनिल कोठीलाल पर सिंहपुर कछार में 3 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

33. अजय यादव पर सिंहपुर कछार में 4 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

34. धर्मेन्द्र पटेल (कटियार प्रापर्टीज) पर सिंहपुर कछार में 5 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

35.अनिकेत पटेल एवं सुभाष चन्द्र पटेल पर मकड़ी खेड़ा वृदावन धाम सोसाइटी में 5 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

36. अजय यादव व भूपेन्द्र सिंह भदौरिया पर सिंहपुर कछार में 10 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

37. सोनू यादव पर सिंहपुर कछार में 2 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

38. किशोर निषाद पर सिंहपुर कछार में 5 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर

39. राघवेन्द्र गर्ग पर सिंहपुर कछार में 6 बीघा जमीन पर प्लाटिंग करने पर।

सनिगवां में छह करोड़ की भूमि पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। चकेरी के सनिगवां में आराजी संख्या 204 और 256 में केडीए की जमीन पर अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चला। केडीए ने छह हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में बने नये निर्माणों को धराशायी कर दिया। केडीए विशेष कार्याधिकारी अजय कुमार ने बताया कि खाली कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत लगभग छह करोड़ रुपये है। कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई के दौरान पुलिस बल, प्रवर्तन दस्ता के साथ ही अमीन अंकुर पाल और शिव प्रकाश मौजूद रहे।

भ्रष्टाचार की जांच करने केडीए आए विशेष सचिव

कानपुर। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के विशेष सचिव उदय भानु त्रिपाठी गुरुवार को केडीए भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे। पूर्व पार्षद और ठेकेदार श्रवण बाजपेयी ने केडीए में कुछ कर्मचारियों के विरुद्ध शासन में शिकायत की थी। जिसपर विशेष सचिव केडीए में सुबह 10.30 बजे ही पहुंच गये। केडीए के सूत्रों के मुताबिक विशेष सचिव ने बंद कमरे में दिनभर बैठक की और फाइलों को तलब किया। विशेष सचिव ने कई सवाल भी पूछे हालांकि अधिकारी बैठक के संबंध में कुछ भी बताने से बचते दिखे।

> विकासकर्ताओं द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से की गयी प्लाटिंग के प्रति आम जनमानस को जागरूक करना है। जिससे उन्हें आर्थिक हानि न हो सके। हमारी अपील है कि प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित प्लाटिंग में भूमि खरीदने से पूर्व केडीए से ले-आउट स्वीकृत की जानकारी स्वयं प्राप्त करें फिर भूमि खरीदें। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर ही भवन का निर्माण करायें।
>
> – मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष, केडीए

आज का मौसम

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं वर्षा की कोई संभावना नहीं हैं

43.8°	30.8°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:15	सूर्यास्त 07:03

शहर में आज

- **रक्तदान :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर स्वैच्छिक रक्तदान आईआईए भवन पनकी इंडस्ट्रियल एरिया साइट-5 में सुबह 11 बजे।
- **शपथ ग्रहण :** मर्चेंट चैंबर हॉल सिविल लाइंस में सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शाम 4.30 बजे।

एक नजर

आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर का निधन

कानपुर। लेह में आईआईटी कानपुर के सस्टेनेबल एनर्जी इंजीनियरिंग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कंवर सिंह नलवा का देहांत हो गया। वे 39 वर्ष के थे। बताया गया कि लेह में ऑक्सीजन कम होने से उनकी तबियत बिगड़ी थी। इसके बाद हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। शुक्रवार को उनका शव देहरादून के लिए रवाना किया जाएगा। प्रो. कंवर आईआईटी के दो अन्य साथियों के साथ आधिकारिक दौरे पर आईआईटी रोपड़ गए थे। वहां से वे अपने साथियों के साथ लेह ट्रिप के लिए गए हुए थे। प्रोफेसर के देहांत की सूचना पर आईआईटी निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल और डिप्टी डायरेक्टर प्रो. बृजभूषण ने शोक जताया।

हैलट के स्त्री-प्रसूति रोग विभाग में लेप्रोस्कोपी सर्जरी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में आने वाली पेट की समस्या से पीड़ित महिलाओं को अब सर्जरी में लंबा चीरा लगाने और कई दिनों तक रुकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अपर इंडिया शुगर एक्सचेंज प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में मरीजों की जांच व सर्जरी लेप्रोस्कोपी विधि से शुरू कर दी गई है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में अभी तक महिलाओं की ओपन सर्जरी कर समस्या का समाधान किया जाता था।

डॉक्टर सर्जरी में मरीजों को लंबा चीरा लगाते थे। अब स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में लेप्रोस्कोपी विधि से सर्जरी शुरू होने से इस समस्या से निजात मिलेगी। गुरुवार को पहली बार स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो.नीना गुप्ता व प्रो. उरूज की यूनिट में बांझपन की समस्या से पीड़ित महिला के अंडाशय में लेप्रोस्कोपी सर्जरी की। वहीं प्रो.सीमा द्विवेदी व प्रो. प्रतिमा की यूनिट में अविवाहित किशोरी के अंडाशय की गांठ लेप्रोस्कोपी विधि से निकाली गई। प्रो. रेनू गुप्ता व प्रो. गरिमा गुप्ता की यूनिट में अत्यधिक महावारी से पीड़ित महिला की बच्चेदानी का ऑपरेशन हुआ। प्रो. शैली व प्रो.दिव्या की यूनिट में एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिला का चिपका हुआ अंडाशय निकाला गया।

रोबोटिक सर्जरी पर कार्यशाला

स्त्री रोग विभाग में गुरुवार को गायनी रोबोटिक सर्जरी कार्यशाला में रिजेंसी हॉस्पिटल की स्त्री रोग विभाग की निदेशक डॉ. युथिका शर्मा ने भविष्य में रोबोट से होने वाले ऑपरेशन की तकनीक बताते हुए रोबिटिक सर्जरी से मरीजों व डॉक्टरों को होने वाले फायदों से अवगत कराया। इस दौरान विभागाध्यक्ष प्रो.नीना गुप्ता, प्रो.रेनू गुप्ता, प्रो.सीमा द्विवेदी, प्रो.शैली अग्रवाल, प्रो. वंदना शर्मा, डॉ. सुचिता त्रिपाठी, डॉ. सुगंध श्रीवास्तव समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

रोबोटिक सर्जरी की कार्यशाला में मौजूद प्रो.नीना गुप्ता, डॉ. युथिका शर्मा, प्रो. रेनू गुप्ता, प्रो.सीमा द्विवेदी। अमृत विचार

कोर्ट में पेश किया फिरौती पत्र

कानपुर। कुशाग्र हत्याकांड मामले गुरुवार को एडीजे 17 की कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने कुशाग्र के घर में फेंके गए फिरौती पत्र को पेश किया। कोर्ट ने अगली तिथि 18 जून निर्धारित की है।

आचार्य नगर निवासी 16 वर्षीय कुशाग्र का 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या की गई थी। हत्यारोपियों ने उसके घर फिरौती का पत्र फेंका था। रायपुरवा पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात शुक्ला व उसके साथी शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सुनवाई एडीजे 7 आजाद सिंह की कोर्ट में हो रही थी। 6 जून को फाइल एडीजे 17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई थी।

केडीए के फ्लैटों के नहीं बढ़ेंगे दाम 25 फीसदी देकर ले सकेंगे कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 140वीं केडीए बोर्ड की बैठक शुक्रवार को बुलाई गई
- मास्टर प्लान ,नक्शा पास की नई दरों का प्रस्ताव आएगा

अमृत विचार। शुक्रवार को केडीए बोर्ड की 140वीं बैठक है। जिसमें मास्टर प्लान 2031, नक्शा, बजट, 25 फीसदी भुगतान पर कब्जा, रेट फ्रीज संबधी प्रस्ताव लाए जायेंगे। केडीए मास्टर प्लान को अंतिम रूप दे सकता है। केडीए अपने फ्लैटो के दामों में बढ़ोत्तरी पर रोक लगा सकता है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में सिग्नेचर सिटी योजना को छोड़कर अन्य योजनाओं में बने फलैटों के दाम नहीं बढ़ाए जाने का प्रस्ताव बैठक में रखा जायेगा। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस और एलआईजी समेत अन्य फ्लैट पर 25 और 50 फीसदी देकर कब्जा लेने के प्रस्ताव को भी रखा जायेगा।

मास्टर प्लान 2031 में 386 गांव शामिल होंगे। मुख्य रूप से मास्टर प्लान को अंतिम रूप देने पर अधिकारियों का जोर रहेगा। जिसका प्रस्ताव बोर्ड के सामने रखा जायेगा। इसके अलाचा एक अप्रैल से नक्शा पास कराने के में बढ़े शुल्क का प्रस्ताव भी बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा। बोर्ड की स्वीकृति के बाद शासन को मुहर लगाने के लिये शासन को भेजा जायेगा। बोर्ड बैठक में चालू वित्तीय वर्ष का बजट भी रखा जायेगा। इसका प्रस्ताव लगभग बनकर तैयार है। बोर्ड बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन से चुन्नीगंज में बन रहे 95 करोड़ रुपये से कन्वेंशन सेंटर का नक्श ही स्वीकृति के लिये बोर्ड के समक्ष रखा जायेगा। बैठक में बोर्ड के नामित सदस्य प्रमोद अग्रहरि, पार्षद अरूण कुमार गर्ग, कैलाश चन्द्र पाण्डेय, धीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी एवं सौरभ देव को भी बोर्ड बैठक में बुलाया गया है। यह पार्षद भी प्रस्ताव पेश करेंगे।

घर बैठे काउंसिलिंग और रोजगार मेले की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेवायोजन विभाग ई-मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से करेगा युवाओं की हर समस्या का समाधान
- करियर व साक्षात्कार संबंधी समस्याओं का जवाब देगा विशेषज्ञ पैनल, मिलेगी हर तरह की सूचना

अमृत विचार। सेवायोजन विभाग युवाओं को अब ई-मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से सूचनाएं प्रदान करेगा। इन दोनों माध्यमों से करियर काउंसिलिंग की भी सुविधा मिल सकेगी। अभी बेरोजगार युवक-युवतियों को सेवायोजन विभाग में रोजगार मेले से पहले करियर काउंसिलिंग और मेले तथा रोजगार संबंधी जानकारी लेने के लिए आना पड़ता है। युवाओं की इसी समस्या को दूर करने के लिए विभाग ने डिजिटल सूचना प्रदान करने की पहल की है।

सेवायोजन विभाग में अब रोजगार मेले, काउंसिलिंग व अन्य जानकारी के लिए आने की जरूरत नहीं होगी। युवाओं को सिर्फ विभाग की ओर से जारी ई-मेल अकाउंट और व्हाट्सएप पर अपनी समस्या लिखकर भेजनी होगी। विभागीय अधिकारी उस मेल आईडी या व्हाट्सएप पर सभी संबंधित जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इसके लिए पहले दौर में विभाग के पास मौजूद युवाओं के नंबर और मेल आईडी को संकलित किया जा रहा है। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि इस सुविधा से युवाओं का श्रम व समय बचेगा। वे अपने स्मार्ट मोबाइल फोन के जरिए ही सभी जानकारी हासिल कर सकेंगे। इस सुविधा के जरिए युवा करियर संबंधी जानकारी भी हासिल कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें कारियर व साक्षात्कार संबंधी समस्याओं को लिखकर भेजना होगा। विभाग की ओर से विशेषज्ञों का पैनल उन्हें जवाब भेजेंगे। माना जा रहा है कि रोजगार मेले से पहले युवाओं के सवाल अधिक आ सकते हैं। इसलिए मेले से पहले इस सुविधा के लिए बने पैनल के सदस्यों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। युवाओं को इस सुविधा के जरिए विभाग की ओर से लगाए जाने वाले रोजगार मेले की भी जानकारी दी जाएगी। इसमें मेले में आने वाली कंपनियों के साथ ही शैक्षणिक योग्यता, पदों की संख्या, जरूरी योग्यता, वेतनमान सहित अन्य जानकारियां दी जाएंगी।

सीएमओ कार्यालय के बाहर दिव्यांगों ने की नारेबाजी

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के सदस्यों व दिव्यांगजनों ने सीएमओ कार्यालय के बाहर नारेबाजी की। इसके बाद सीएमओ डॉ.आलोक रंजन को ज्ञापन देकर दिव्यांग बोर्ड की खामियां दूर करने की मांग की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि दिव्यांग बोर्ड ने पैर से दिव्यांग का आनलाइन आंख का प्रमाण पत्र बना दिया है। बहुत से दिव्यांगजन के प्रमाण पत्र में दिव्यांगता ही नहीं दर्ज है, गड़बड़ियों के सुधार का विकल्प ही खत्म हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि दिव्यांग बोर्ड की समस्या दूर नहीं हुई तो आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

पनकी में गला रेतकर अज्ञात युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एसीपी ने फोरेंसिक टीम के साथ जुटाए घटना के साक्ष्य

अमृत विचार। पनकी थानाक्षेत्र में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की गर्दन रेती गई थी। युवक का शव अंडरपास के पड़ा मिला। पनकी पुलिस, एसीपी पनकी और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंचे। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

एसीपी पनकी टीबी सिंह ने बताया कि पनकी थाना क्षेत्र में भौंती से कपली की ओर जाने वाली सड़क पर अंडरपास के नजदीक रोड किनारे झाड़ियों में 30 वर्षीय युवक का रक्तरंजित शव मिला है। युवक की गर्दन रेतकर हत्या की गई है। शरीर पर भी कई जख्म के निशान हैं। मौके पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

प्राथमिक जांच में ऐसा लग रहा है, कि युवक की हत्या के बाद शव को लाकर पनकी में फेंका गया है। क्यों कि जहां शव मिला है वहां पर खून भी नहीं मिले हैं। शव की शिनाख्त के लिए कानपुर के सभी थानेदारों को युवक की फोटो भेज दी गई है। अन्य जिलों को भी युवक की तस्वीर भेजी गई है।

अखिलेश से मिला इरफान का परिवार

कानपुर। सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी, मां खुर्शीदा बेगम, छावनी के विधायक हसन रूमी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे। हसन रूमी ने अखिलेश यादव को लोकसभा की सीटों में बढ़त पर बधाई दी वहीं इरफान के परिवार ने पैरोकारी की। उन लोगों का कहना था कि इरफान सोलंकी को गलत फंसाया गया है और सजा भी दे दी गई। रूमी के अनुसार इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

बुजुर्ग ने बेटे पर लगाया घर से निकालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जूही थानाक्षेत्र में 75 वर्षीय बुजुर्ग ने बेटे पर घर से निकालने का आरोप लगाया। पीड़ित का आरोप है कि मकान के विवाद में पुत्र व बहू आए दिन विवाद कर मारपीट को आमादा हो जाते हैं। भय के कारण वह होटल में रहने को मजबूर हैं। जूही पुलिस ने परिजनों को हिदायत देकर बुजुर्ग को घर में दाखिल कराया।

जूही विनोबा नगर निवासी वृद्ध ने बताया कि वर्ष 2015 में पत्नी की मौत के बाद बेटे, बहू व पौत्र के साथ रहते हैं। आरोप है कि बेटा व बहू मकान के एक भाग में जबरन कब्जा किए हुए हैं और आए दिन मारपीट करते हैं। 8 जून को वह घर में दीवार खड़ी करवा रहे थे, जिस पर बेटे, बहू व पौत्र विवाद करने लगे और धक्का दे दिया। सूचना डॉयल 112 पर की और जान के भय के कारण सचान चौराहा स्थित एक होटल में ठहरे। पीड़ित का आरोप है कि बहू की प्रताड़ना के कारण ही उनकी पत्नी की मौत हो गई। 11 जून को जूही इंस्पेक्टर से शिकायत की। 12 जून को दो दरोगा उन्हें घर लेकर गए, लेकिन बहू ने घर में घुसने नहीं दिया। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि पुलिसकर्मियों को भेज कर वृद्ध को घर में सकुशल दाखिल कराया गया है।

मौसम की मार — रेगिस्तान से आ रही गर्म पछुवा हवाओं के कारण तापमान सामान्य से ज्यादा, 20 जून तक झुलसाएगी गर्मी, 22 से राहत की संभावना

अभी तो बरस रही आग, पुरवाई पर टिकी बरसात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। रेगिस्तान से आने वाली तेज गर्म हवाओं की वजह से तापमान लगातार सामान्य से काफी ऊपर चल रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अभी एक हफ्ते भीषण गर्मी से राहत की कोई उम्मीद नहीं है। 22 जून से मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। मानसून बंगाल की खाड़ी में कम दबाव की स्थिति के कारण बीच में ही रुका हुआ है। मानसून की रेखा बिहार के सीमावर्ती इलाकों तक ही सीमित है। इसके तभी सक्रिय होकर आगे बढ़ने की उम्मीद है, जब पुरवाई हवा चलेगी। 20 जून के बाद ही मानसून के पूर्वी उत्तर प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। इसी से अनुमान है कि 21 और 22 जून के आसपास पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है।

शहर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 43.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। चिकित्सकों ने हीट वेव की स्थिति देखते हुए बुजुर्गों, मरीजों व बच्चों को धूप से बचने की सलाह दी है। सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि अभी दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं। बीच-बीच में तेज हवाओं की वजह से आंधी आने जैसे हालात बन सकते हैं।



शहर में दो दिन से बदली है। अमृत विचार

हीट स्ट्रोक से पांच की मौत की आशंका

कानपुर। गुरुवार को अलग-अलग थानाक्षेत्रों में दो स्थानों पर ज्ञात और तीन स्थानों पर अज्ञात शव पड़े मिले। पुलिस हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जता रही है। चकेरी थानाक्षेत्र के शिवकटरा निवासी 28 वर्षीय अजय की लू लगने से मौत हो गई। वह घर के पास पड़ा मिला। नौबस्ता थानाक्षेत्र में कृष्णापुरम इलाके में 45 वर्षीय अनिल सिंह चंदेल की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार भाई धीरज ने बताया कि घर के पास उसका शव पड़ा मिला था। वहीं हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में 75 वर्षीय पुरुष, चकेरी और जाजमऊ में 45 वर्षीय पुरुष का शव मिला।

रक्तदान करके कमाएं जीवन रक्षा का पुण्य

विश्व रक्तदाता दिवस

विकास कुमार, कानपुर

- रक्तदान के प्रति जागरुकता के उद्देश्य से आज मनाया जाएगा विश्व रक्तदाता दिवस

14 जून को हर साल विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है

अमृत विचार। खून का रंग लाल और अपना गुण धर्म होता है, वह जरूरतमंद इंसान का मजहब या जाति नहीं देखता। रक्तदाता भी रक्तदान करते समय यह नहीं देखते उनका खून किसके काम आएगा। किसी मरीज को जीवन रक्षा के लिए रक्त की जरूरत का पता चलते ही देवदूत बनकर रक्तदान करने पहुंच जाते हैं। 14 जून को हर साल विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। आप भी रक्तदान कर सकते हैं।

किस साल कितना रक्तदान

वर्ष	यूनिट
2020-21	6523
2021-22	5475
2022-23	5859
2023-24	10612

रक्तदाता जो बन गए जीवनदाता

90 बार रक्तदान कर चुके तरनजीत के साथ परिवार

गुमटी बंबा रोड निवासी समाजसेवी तरनजीत सिंह ने बताया कि सन 1995 में एक लड़की हादसे में घायल हो गई थी, उसे खून की जरूरत थी। तभी रक्तदान कर लोगों का जीवन बचाने की मन में उमंग जागी। अब इस मुहिम में पूरा परिवार सहयोग करता है। पत्नी 13 बार, बेटी 15 बार और बेटा 23 बार रक्तदान कर चुका है। वह 90 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। अन्य लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी कर रहे हैं।

89 बार रक्तदान किया लगा चुके हैं 40 कैंप

श्रीअमरनाथ सेवा मंडल के महामंत्री शाशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए उन्होंने पहली बार 1984 में रक्तदान किया था। अब तक वह 89 बार रक्तदान कर चुके हैं। वह रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन करते हैं। 40 कैंप लगाकर कई यूनिट रक्तदान लोगों से करा चुके हैं।

सबको दे रहे खून, 10 हजार लोगों से कराया रक्तदान

संकल्प सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि बालिग होने पर पहली बार जन्मदिन पर रक्तदान किया था। अब तक वह 60 बार रक्तदान कर चुके हैं। इसके अलावा वह 164 कैंप भी आयोजिक करा चुके हैं। 10 हजार से ज्यादा लोगों को प्रेरित कर रक्तदान कराया है। 11 जून को एक जरूरतमंद को अपना रक्त देकर जान बचाई।

दोस्त की दादी को रक्त देकर मिली थी प्रेरणा

समाजसेवी आरके सफफड़ ने बताया कि वह 24 साल से रक्तदान की मुहिम से जुड़े हैं। पहली बार दोस्त की दादी को रक्त की जरूरत पड़ी तो अपना रक्त दिया था। इसके बाद लोगों की जिंदगी बचाने की प्रेरणा मिली। बुखार की हालत में भी उन्होंने अपने दोस्त के बेटे को रक्तदान किया। वह 12,900 लोगों से रक्तदान करा चुके है, जिनमें सभी वर्ग, धर्म व जाति के लोग शामिल हैं।

असीम अरुण ने शुरू की थी कमिश्नरेट में मुहिम

मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ .लुबना खान ने बताया कि लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। सबसे अधिक मांग बी पॉजिटिव और ओ पॉजिटिव की रहती है।निगेटिव ग्रुप का रक्त मिलना थोड़ा मुश्किल होता है। निगेटिव ग्रुप वाले लोगों की संख्या कम है। थैलेसिमिया सोसाइटी कमिश्नरनेट के साथ मिलकर शहर में सबसे ज्यादा रक्तदान कराती है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी के सामने मांगें रखते शिक्षक। अमृत विचार

30 जून तक स्कूल बंदी की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठक कर कहा जल्द पूरी हों मांगें
- शिक्षकों ने निर्वाचन ड्यूटी व निपुण मानदेय भी जल्द दिए जाने की मांग

अमृत विचार। शहर में पड़ रही गर्मी के चलते गुरुवार को शिक्षकों ने 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किए जाने की मांग की है। बेसिक शिक्षा विभाग में बैठक कर शिक्षकों ने निवाचन ड्यूटी मानदेय व निपुण प्रशिक्षण मानदेय भी जल्द दिए जाने की माग उठाई है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक शिक्षक संघ की ओर से गांविंद नगर स्थित बीएसए कार्यालय में प्रदर्शन किया गया। सबसे पहले शिक्षकों ने सभा कर अपना आक्रोश जताया। इसके बाद अधिकारियों के समक्ष अपनी मांगें रखीं। इस दौरान जिलाध्यक्ष राकेश बाबू पाण्डेय और पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि कई बार प्रदर्शन करने के बावजूद भी शिक्षकों की मांगों को नहीं माना गया है। निपुण भारत का मानदेय, दिव्यांग प्रशिक्षण का मानदेय, निर्वाचन ड्यूटी का मानदेय, हाफ सीएल पर चर्चा की मांग भी रही है। इसके अलावा बढ़ती गर्मी को देखते हुए 18 के बजाए स्कूलों को 30 जून तक बंद रखने की मांग को भी किनारे कर दिया गया। शिक्षकों ने कहा कि इतनी गर्मी में स्कूल खोलने से विभाग बच्चों और शिक्षकों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहा है। बीएसए सुरजीत कुमार सिंह ने मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।

एक नजर

पुराने विवाद में छात्र पर हमला, रिपोर्ट

कानपुर। चकेरी थानाक्षेत्र के अहिरवां में पुराने विवाद में आरोपियों ने छात्र को लाठी-डंडे से पीटा। साथ ही धारदार हथियार से हमला कर दिया। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। संजीव नगर निवासी आकाश सिंह चौहान ने बताया कि वह कम्प्यूटर का कोर्स कर रहे हैं। इलाके के दारा यादव समेत उसके साथी उनसे रंगदारी मांगते हैं। विरोध करने पर धमकाते हैं। बुधवार की शाम को वह एक दुकान पर खड़े थे। तभी दारा और उसके साथी ईशू यादव, राज पटेल, धीरज यादव आये और लाठी डंडे से उन्हें पीटने लगे। दारा ने उन चेहरे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

रमेश और भोले के सम्मान में होगा अभिनंदन समारोह

कानपुर। कानपुर व अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की लगातार हो रही जीत से उत्साहित भाजपा कानपुर उत्तर ने जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। तय किया गया की 16 जून को नवीन मार्केट में कानपुर सांसद रमेश अवस्थी एवं अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले का भव्य स्वागत व कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह करेगी। दीपू पांडे ने कहा की उसी दिन भाजपा अपने 14 मंडलों मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 100 टॉप बूथों के अध्यक्षों को भी सम्मानित करेगी।

विकास भवन में तबादला एक्सप्रेस का इंतजार

कानपुर। विकास भवन में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक तबादला एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे हैं, यही कारण है हर किसी के चेहरे पर तनाव साफ देखा जा रहा है। कार्यालयों में लोग कामकाज तो कर रहे हैं लेकिन उनके चेहरे में वह खुशियां नहीं हैं क्योंकि तबादला नीति के चपेट में जो आएगा, उसका आब्दाना उठना तय है। रावतपुर स्थित विकास भवन में मनरेगा, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण, डूडा समेत दर्जनों कार्यालय हैं जिनमें सैकड़ों कर्मचारी कार्यरत हैं, इनमें कई ऐसे कर्मी हैं जो कई कई साल से जमे हैं। शासनस्तर पर वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले की हवा फैलते ही कार्यालयों में भी लोगों के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है।

खलवा पुल पर इलेक्ट्रिक पंप और जनरेटर

विधायक महेश त्रिवेदी ने अपने आफिस में नगर आयुक्त के साथ बरसात और नाला सफाई पर की बैठक

विधायक महेश त्रिवेदी के कार्यालय में बैठक करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जूही खलवा पुल पर जलभराव की समस्या को दूर करने के लिये 2 जनरेटर पंप को हटाकर दो इलेक्ट्रिक मोटर पम्प विथ जनरेटर लगेगा। जूही सम्पवेल पर अभी 4 जनरेटर पंप लगे हुए हैं। इनके स्थान पर मोटर पंप लगाये जाएंगे ताकि बरसात में जलभराव को खलवा पुल से जल्द से जल्द निकाला जा सके।

किदवई नगर विधायक महेश त्रिवेदी ने नगर आयुक्त के साथ बरसात और नाला सफाई पर बैठक में यह निर्णय लिया।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन विधायक महेश त्रिवेदी के कार्यालय पहुंचे। बरसात को लेकर एवं अन्य नागरिक समस्याओं के सम्बन्ध में वार्ता की। विधायक ने निर्देश दिये कि बसन्त बिहार का नाला जो हमीरपुर की ओर जाता है, उसमें मेट्रो ने खुदाई के दौरान पाट दिया है, तत्काल पटे नाले को खुलवाया जाये। जोन-5 में गोविन्द नगर में राम आसरे नगर में जलभराव पर चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने मुख्य अभियन्ता को निर्देश दिये कि मौके का निरीक्षण करते हुए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये। सोटे वाले बाबा मन्दिर के पास पूर्व में जलकल विभाग द्वारा बनायी गयी सीवर लाइन में रोड कटिंग होने के कारण नाला टूट गया था। निर्देश दिये कि नाला मरम्मत का कार्य पूर्ण करते हुए तत्काल रोड बनाया जाये। गौशाला चौराहे के पास जल भराव के निदान के लिये एक नाला बनाये जाने के निर्देश दिये गये।

नाला खत्म, गलियों में भरा सीवेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जूही हमीरपुर रोड पर मेट्रो ने मैनहोल के ऊपर बना डाला पिलर
- पाइप लाइनों से पानी न जाने की वजह से बाहर बह रहा दूषित पानी

अमृत विचार। जूही हमीरपुर रोड पर मेट्रो के काम के दौरान बरसाती नाला खत्म कर सीवर लाइन बनाकर क्षतिग्रस्त गहरी सीवर लाइन में जोड़ दी गई है। जिसके बाद बस्तियों में सड़कों पर गंदा पानी भर गया है। जिससे स्थानीय लोग परेशान हो गये हैं।

मेट्रो की जेएमसी नामक फर्म ने बिना नगर निगम की अनुमति लिए बरसाती नाले को खत्म कर दिया और सीवर लाइन को गहरी सीवर लाइन से जोड़ दिया जो पहले से बंद हैं। बरसाती नाले को खत्म करने से अब सीवेज बस्तियों में भर रहा है।

क्षेत्रीय पार्षद शालू सुनील कनौजिया ने बताया कि बरसाती नाले को खत्म करने की जानकारी पर नगर निगम जोन-3 के अधिशासी अभियंता नानक चंद्र ने अवगत कराया है कि मेट्रो और जेएमसी ने बरसाती नाले को समाप्त कर दिया और स्थाई जलनिकासी की न सूचना दी कंपनी ने नाला समाप्त करने की कोई अनुमति नहीं ली है। इस कारण दिक्कत है जिसे ठीक कराया जाएगा।

जूही में सड़क पर भरा सीवर का गंदा पानी।

लक्ष्मीपुरवा में पानी के लिए लगाया जाम

कानपुर। रायपुरवा थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुरवा में तीन दिन से पानी की सप्लाई न होने के चलते बुधवार देर 12 बजे सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए। इलाकाई लोगों ने लक्ष्मीपुरवा से अफीमकोठी जाने वाली सड़क पर बैठकर रोड जाम कर दिया और पानी की सप्लाई शुरु होने तक बैठे रहने की बात कही। लोगों का आरोप है कि जलकल रात 12 बजे के बाद पानी की सप्लाई करता है। वहीं तीन दिन से पानी की आपूर्ति ठप है। रायपुरवा थाना प्रभारी ने बताया लोगों को समझाकर सड़क से हटाया गया है। पानी न मिलने से लोगों में नाराजगी है।

बैंक मैनेजर-स्टाफ के खिलाफ रिपोर्ट

कानपुर। बैंक से पचास हजार रुपये चुराने के मामले में दो माह बाद कलक्टरगंज थाने में धोखाधड़ी और चोरी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित कारोबारी ने तहरीर दी थी मगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। अब बैंक मैनेजर और बैंक स्टॉफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

त्रिवेणी नगर रेलबाजार निवासी किशन गुप्ता की धनीराम ओमर संस नाम से नौघड़ा में दुकान है। 12 अप्रैल 2024 को उनकी दुकान से कर्मचारी धीरेन्द्र द्विवेदी बैंक में 1.60 लाख जमा कराने गया था। बैंक में भीड़ थी और खुद को स्टॉफ बताने वाले आरोपी ने पैसे का थैला अपने पास रखा लिया। उसी में उसने पचास हजार की गड्डी पार कर दी। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गया। यह फुटेज वायरल हुई। जिसके बाद कारोबारी ने जन शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज कराई।

16 जून को सर्वार्थ सिद्धि योग में गंगा दशहरा

कानपुर। हिंदू धर्म में गंगा को देवी का दर्जा मिला है। माना जाता है कि जब गंगा स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुईं तब ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी थी। तभी से इस तिथि को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष 16 जून रविवार को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 16 जून की रात्रि 2:32 पर प्रारंभ हो रही है और तिथि का समापन 17 जून की सुबह 4:45 पर होगा। उदया तिथि के अनुसार गंगा दशहरा इस वर्ष 16 जून को मनाया जाएगा।

मनोज द्विवेदी।

ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारतीय शास्त्र, पुराण व उपनिषद में गंगा की महिमा का बखान है। गंगा भारतीय संस्कृति की प्रतीक व हजारों साल की आस्था की पूंजी हैं। शास्त्रों में गंगा का पानी अमृत व मोक्षदायिनी कहा गया है। गंगा दशहरा के दिन हस्त नक्षत्र का निर्माण हो रहा है, जो सुबह 11:13 बजे तक रहेगा। गंगा स्नान के लिए ब्रह्म मुहूर्त उत्तम माना गया है। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4:03 से 4:45 के बीच है। इस दिन रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। जिसे पूजा-पाठ, स्नान-दान के लिए सबसे उत्तम माना गया है।

अब खैर नहीं | पिछले तीन वर्ष से एक ही जगह ड्यूटी कर रहे कर्मियों की सूची तैयार हो रही

अक्षम बता एसी में बैठे चालक, परिचालक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिवहन मुख्यालय ने मांगे नाम, जांच के बाद सख्त कार्रवाई की चपेट में आएंगे
- 15 जून शाम 5 बजे तक नकारा कर्मचारियों की सूची तलब, मचा हड़कंप

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में कई चालक, परिचालक रूट पर जाने के बजाए अपने को अक्षम घोषित कराकर ऑफिस में अपनी ड्यूटी लगवाकर एसी और कूलर की हवा खा रहे हैं। ऐसे लोगों पर परिवहन मुख्यालय सख्त हो गया है और सूची बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि उनपर कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा कानपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक ने ऐसे कर्मियों की सूची 15 जून सायं 5 बजे तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं जो कई कई साल से एक ही सीट पर जमे हैं।

परिवहन मुख्यालय के निर्देश पर कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने सभी डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों, ट्रेनिंग सेंटर, झकरकटी बस अड्डा, चुन्नीगंज बस अड्डा और रावतपुर बस अड्डा के जिम्मेदारों को निर्देशित किया है कि जो कर्मचारी तीन वर्ष या 7 वर्ष एक ही स्थान पर पूरा कर चुके हैं उनका पूरा विवरण दें ताकि उनका स्थानांतरण किया जा सके। इसके अलावा ऐसे कर्मियों की भी सूची तैयार हो रही है जो कई कई साल से अपने को अक्षम बताकर ऑफिस में कार्य कर रहे हैं।

भूल गए कैसे चलाई जाती बस, हाथ-पैर सब जाम

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें चलाने के लिए नियुक्त किए गए चालक, परिचालकों ने मार्ग पर आने वाली समस्याओं से बचने का फार्मूला तैयार कर लिया और कई कई साल से रूट पर नहीं गए हैं। स्थिति ये है कि ऐसे चालक बस चलाना ही भूल गए हैं, उनके हाथ पैर भी अब काम नहीं करते हैं और उनकी आंखें भी कमजोर हो गई हैं।

> परिवहन मुख्यालय के दिशा-निर्देश पर कार्यालयों में तीन साल से अधिक एक ही सीट पर जमे कर्मियों की सूची तैयार करके 15 जून तक उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं।
>
> -अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, कानपुर परिक्षेत्र

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बूथ अध्यक्ष होंगे सम्मानित

कानपुर। लोकसभा चुनाव में कानपुर नगर में रमेश अवस्थी और अकबरपुर लोकसभा में देवेंद्र सिंह भोले की जीत से उत्साहित भाजपा दक्षिण जिला इकाई शनिवार को कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह करेगी। समारोह में विधानसभा वार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एक दर्जन बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार को दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह बैठक कर योजना तैयार की। कहा कि प्रत्येक विधानसभा के प्रत्येक मंडल स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन बूथ अध्यक्षों को सम्मानित किया जाएगा। 21 जून को होने वाले योग दिवस, 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में चर्चा हुई। कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह में भाजपा जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य,विधान सभा मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, विधान सभा प्रभारी, संयोजक, विधानसभा चुनाव संचालन समिति, एवं मंडल कमेटी स्तर तक की कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी के मुताबिक शनिवार, 15 जून को सायं 6 बजे किदवई नगर साईट नंबर वन पास गीता पार्क में कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में राम बहादुर यादव,प्रबोध मिश्रा,विनोद मिश्रा, जसविंदर सिंह, राजन चौहान, गणेश शुक्ला, संजय कटियार, शैलेंद्र त्रिपाठी, अर्चना आर्या, मनीष त्रिपाठी,अर्जुन बेरिया आदि थे।

सार-संक्षेप

गुरु की शरण से मिलेगी प्रभु की शरणागति

डॉ, कुंजेश्वरी।

कानपुर। वैराग्य के बाद व प्रभु की शरणागति के पहले बीच में एक तत्व है। जिसके बिना कार्य नहीं हो सकता। उस तत्व का नाम महापुरुष है। जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिक डॉ. कुंजेश्वरी देवी ने गुरुवार को त्रिभुवन पैलेस इंदिरानगर में दार्शनिक प्रवचन के छठवें दिन गुरु तत्त्व पर प्रकाश डाला। डॉ. कुंजेश्वरी देवी ने बताया प्रभु शरणागति में कौन सा मार्ग साधक के लिए उचित है, इसका निर्णय वहीं महापुरुष करेगा। जो अड़चने आएंगी उसका समाधान भी महापुरुष ही करेगा। प्रभु की प्राप्ति के लिए उसी महापुरुष यानि गुरु की शरण में जाना होगा। सर्वसम्मत मत यही है कि बिना गुरु के अनजान तत्त्व को नहीं जाना जा सकता।

दहेज की मांग पूरी न होने पर तीन तलाक देने का आरोप

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में एक महिला ने ससुरालीजनों पर आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे मारापीटा। साथ ही पति ने तीन तलाक दे दिया। जिसके बाद पीड़िता रेलबाजार थाने में शिकायत की। रेलबाजार निवासी महिला के अनुसार उनका विवाह दिसम्बर 2022 को बाबूपुरवा निवासी युवक के साथ हुआ था। पीड़िता में बताया कि शादी के कुछ माह बाद से ही आरोपी ससुरालीजन दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। विरोध करने पर आरोपी उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। लेकिन वे वैवाहिक जीवन बचाने के लिए चुप रही। आरोप है, कि पांच जून 2024 को उन्हें दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिसके बाद वे मायके आ गईं। फिर दस जून को पति ने फोन कर तीन तलाक दे दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

भीषण गर्मी में बिजली न आने से लोग बेहाल

कानपुर। शहर में बिजली व्यवस्था दुरुस्त होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार रात को धनकुट्टी, कोपरगंज, नौबस्ता, दहेली सुजानपुर, पुरानी कानपुर समेत एक दर्जन क्षेत्रों में रात को बिजली का संकट रहा। जबकि गुरुवार को गुमटी नंबर पांच, बंबा रोड, सिविल लाइन, जाजमऊ, अहिरवां, यशोदा नगर, पशुपति नगर, श्याम नगर समेत 60 से अधिक क्षेत्रों में दिन में भी बिजली का रोना। भीषण गर्मी में बिजली न आने की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केस्को मुख्यालय और सबस्टेशन में जाकर लोग शिकायत कर रहे हैं, लेकिन तय समय पर समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक विकास नगर उपकेंद्र के विश्वविद्यालय फीडर की आपूर्ति मुरलीधाम वितरण ट्रांसफार्मर का एचटी व एलटी जंपर जलने से सुबह 10 बजे से 11 बजे तक शटडाउन लिया था। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में भी समस्या आई, उनको दूर किया गया। वहीं, बताया कि बिजली विभाग के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर नए विद्युत संयोजन व विद्युत भार वृद्धि के लिए आवेदन संबंधित कार्य के लिए शुक्रवार शाम छह बजे से शनिवार मध्य रात्रि डेढ़ बजे तक यानी साढ़े सात घंटे तक तकनीकी कार्य किया जाएगा।

बिल कम कराने के नाम पर 85 हजार हड़पे

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र के पुरवामीर के रहने वाले राजकिशोर ने हाथीपुर और रामादेवी निवासी पर आरोप लगाया कि दोनों ने बिजली का बिल कम कराने के नाम पर 85 हजार रुपये हड़प लिए। राजकिशोर ने बताया कि एक लाख 38 हजार बिजली का बिल बकाया था। दोनों ने उसी को 85 हजार में निपटाने की बात कर रुपये लिए थे। आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

वकीलों ने बैठक कर मांग उठाई। अमृत विचार

कर्नाटक में लागू हुआ, प्रदेश में भी लाएं अधिनियम

कानपुर। राजस्थान में सबसे पहले अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू हुआ था। दो दिन पूर्व अधिनियम लागू होने के बाद कर्नाटक देश का दूसरा राज्य बन गया है। प्रदेश की योगी सरकार भी अधिनियम जल्द लागू करे, जिससे अधिवक्ताओं का उत्पीड़न समाप्त हो। यह बातें गुरुवार को लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने बैठक में कहीं। पूर्व अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने बताया कि न्यायालय के अधिकारी, अधिवक्ताओं के लिए विशेष सुरक्षा कानून न होने से अधिवक्ताओं पर लगातार हमले किए जा रहे, उनकी हत्याएं तक हो रही हैं। पुलिस अधिवक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनका उत्पीड़न कर रही है। कर्नाटक में भी अधिनियम लागू कर दिया गया है। इर संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य अधिवक्ताओं के विरूद्ध हिंसा को रोकना है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने अधिनियम के लिए ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन किया था, जो सुझाव भी ले चुकी है। मांग करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा के लिए अधिवक्ता संरक्षण लागू करें। बैठक में प्रेम कुमार गुप्ता, मुकुंद गुप्ता, अरविंद दीक्षित, प्रदीप तिवारी, संजीव कपूर मौजूद रहे।

हादसे में युवक की मौत

कानपुर। सचेंडी थानाक्षेत्र के रुद्रपुर में रहने वाले 40 वर्षीय शम्मी मोहम्मद की सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि बाइक से घर जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने मामले की जांच की।

मैं अपनी मौत का स्वयं जिम्मेदार...

कानपुर। गुरुवार को झांसी रेलवे लाइन की पटरियों पर ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आधार कार्ड से युवक की शिनाख्त की। मृतक के हाथ में लिखा था कि मैं अपनी मौत का स्वयं जिम्मेदार हूं। गुजैनी आई ब्लॉक निवासी बेंचेलाल का बेटा अमित कुमार (38) पत्नी व माता पिता के साथ रहता है। छोटा भाई पंकज रेलवे में है। रतनलाल चौकी प्रभारी अरविंद मिश्र ने बताया कि अमित ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। उसके हाथ में लिखा था कि वह अपनी मौत का स्वयं जिम्मेदार है। परिजनों आत्महत्या का कारण नहीं बता सके है।

ट्रैफिक नियम तोड़ने में एक दिन में 3,594 चालान

दोपहिया वाहन में पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं लगाने पर शुरू हुई कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार सख्त रुख अपनाए है। अभियान चलाकर एक दिन में नियमों का उल्लंघन कराने वाले 3594 लोगों के चालान किए गए और 8 लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद ट्रैफिक पुलिस की कमी पूरी हो गई थी। अब शहर में यातायात व्यवस्था सुगम और सुचारू बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बीती 9 जून से शहर के सभी जोनों में अभियान शुरू किया गया है। 9 जून को 1810, 10 जून को 3066, 11 जून को 3284 व 12 जून को 3594 लोगों का यातायात नियमों के उल्लंघन में चालान किया गया है।

08 लोगों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने में रिपोर्ट

11 मालवाहक वाहनों को सवारी ढोते पकड़ा गया

11,754 ट्रैफिक पुलिस ने 4 दिन में किए चालान

1036 नो पार्किंग में खड़े वाहनों के एक दिन में चालान

92 गलत दिशा में वाहन चला रहे लोगों को पकड़ा गया

1062 दोपहिया वाहनों का पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं लगाने पर हुआ चालान

- दोपहिया वाहन पर बिना हेलमेट पीछे बैठी सवारी का चालान किए जाने से कई मार्गों पर हड़कंप देखा गया। बीती 24 मई को शासन के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने शहर में दो पहिया वाहन पर पीछे बैठने वाली सवारी के लिए हेलमेट की आनिवार्यता का नियम लागू किया था। पिछले 4 दिनों के अभियान में पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं लगाने पर ट्रैफिक पुलिस ने 1062 लोगों का चालान किया है। 9 जून को 67, 10 को 195, 11 को 389 व 12 जून को 411 वाहन स्वामियों का दो पहिया में पीछे बैठी सवारी के हेलमेट नहीं लगाने पर चालान किया गया। इसे लेकर लोगों का कहना रहा कि उन्हें इस नियम के लागू होने की जानकारी नहीं थी। ट्रैफिक पुलिस को नियमों के लिए जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

आठ लोगों के खिलाफ थानों में दर्ज कराई गई रिपोर्ट

- बुधवार को अभियान में मालवाहक वाहन में सवारी ढोने वाले 11, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 92, नो पार्किंग में सबसे अधिक 1036, दोपहिया वाहन में पीछे बैठी सवारी के हेलमेट न लगाने पर 411 व नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करने में 166 लोगों का चालान किए गए। चौबेपुर, नौबस्ता और गुजैनी थाने में 1-1, हनुमंत विहार में 2, तथा बर्रा थाने में 3 लोगों के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रुक नहीं रही लोगों की उल्टी चाल की आदत, चार दिन में 549 पर कार्रवाई

- शहर में जल्दबाजी या शार्टकट के चक्कर में गलत दिशा में वाहन चलाने की लोगों की आदत सुधरने का नाम नहीं ले रही है। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के पहले दिन 9 जून को गलत दिशा में वाहन चलाते मिले 163 वाहन स्वामियों का चालान किया, तो 10 और 11 जून को क्रमशः 157 और 137 वाहन स्वामियों पर उल्टी चाल पर कार्रवाई की गई। बुधवार को 92 वाहन स्वामियों का गलत दिशा में चलने पर चालान हुआ। इसी तरह यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर 9 से 12 जून के बीच ट्रैफिक पुलिस ने 28 वाहन सीज कर दिए। इनमें 9 जून को 10, 10 जून को 05 और 11 जून को 12 वाहन सीज किए गए।

आज से मक्का में हज की अदायगी मीना में लगे खेमों में पहुंचे भारतीय

दिन भर मीना में रहकर पांचों वक्त की नमाज के साथ चलेगा इबादत का सिलसिला

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

अमृत विचार। जिंदगी भर हज करने का ख्वाब देखने वालों के ख्वाब की ताबीर पूरी होने का वक्त आ गया है, उन्होंने अहराम बांध लिया है। शुक्रवार से मक्का में पांच दिनों तक इस्लामी अरकान पूरे करके लाखों लोग हाजी बन जाएंगे। इसके लिए दुनिया भर के लोगों के साथ पहुंचे पौने दो लाख से अधिक भारतीय मुसलान भी मक्का के मीना मोहल्ले में लगाए गए खेमों में पहुंच चुके हैं।

मक्का में अपनी पत्नी के साथ हज करने गए डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उबैदुल्लाह ने गुरुवार को अमृत विचार संवाददाता को मोबाइल पर बताया कि सभी लोग मीना में खेमों में पहुंच चुके हैं। शुक्रवार को भोर में फजिर, दोपहर में जोहर और शाम को अस्र और मगरिब की नमाज के साथ ही रात में इशा की नमाज अदा करेंगे। सभी लोग अपने खेमों में रहेंगे और दिन भर इबादत करेंगे। हज करने की तमन्ना हर मुसलमान की होती है, वह जिंदगी भर अपनी कमाई का हिस्सा जमा करते हैं ताकि हज पर जा सकें। हज की अदायगी शुरू होने से वे परिवार खासे उत्साहित हैं, जिनके सदस्य मक्का में मौजूद हैं। हज की अदायगी को संचार माध्यमों पर लाइव देखा जाएगा।

मक्का स्थित मीना में हज आजमीन के लिए लगाए गए खेमे। फोटो : हज आजमीन

बैतुल्लाह का हज और ईद-उल-अजहा हैं बड़ी इबादत

- हज कमेटी के मास्टर ट्रेनर हाजी शारिक अल्वी ने बताया कि हज के मुबारक महीने की एक विशेष इबादत बैतुल्लाह का हज है। लाखों लोग इस फरीजे की अदायगी के लिए मक्का पहुंच चुके हैं और लाखों लोग मीना में इकट्ठा हैं। बोर्ड ने कहा है कि हज के अलावा इस माह की एक बड़ी इबादत ईद-उल-अजहा भी है। इसे ईद कुरबा भी कहा जाता है। इसमें मुसलमान अल्लाह के हुजूर में अपने जानवरों की कुर्बानी करके हजरत सैयदना इब्राहीम अलैह सलाम की सुन्नत को ताजा करते हैं।

मक्का में मौजूद शहर के उबैदउल्लाह ने बताया कि मीना के खेमों में जुमा को पूरा दिन गुजारना होगा। अगले दिन शनिवार से हज की अदायगी में तेजी आएगी। 14 से 18 जून तक हज की अदायगी में 17 जून को बकरीद की नमाज और कुर्बानी भी शामिल है।

बड़ी कुर्बानियों के बाद दीने इस्लाम हम तक पहुंचा

कानपुर। जामा मस्जिद पटकापुर में मुफ्ती अमीरुल्लाह क़ासमी ने कहा कि बड़ी कुर्बानियों के बाद ही इस्लाम हम तक पहुंचा है। जिस तरह हम अपनी तरफ से कुर्बानी करते हैं उसी तरह अल्लाह के किसी दूसरे बन्दे की तरफ से भी कुर्बानी कर सकते हैं, अर्थात अपनी जो कुर्बानी वाजिब है पहले वह अदा करें, बाक़ी नफली कुर्बानी करके किसी और सवाब देना या पहुंचाना चाहते हैं तो हम ऐसा कर सकते हैं।

गुरुवार को मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर में मुफ्ती ने कहा कि मुसलमानों में वह शख्स जो मालदार हो उसको एहतमाम के साथ आखिरी नबी की तरफ से कुर्बानी करनी चाहिए। मस्जिद उमर पोखरपुर जाजमऊ में जलसे में मौलाना इफ्तेख़ार अहसन क़ासमी ने कहा कि जब भी दुनिया में कोई नई क्रांति आई या बड़ा परिवर्तन हुआ है तो उसके पीछे कुछ लोगों की बड़ी कुर्बानियां शामिल होती हैं, हमारा दीन मज़हबे इस्लाम भी बड़ी कुर्बानियों से हम तक पहुंचा है। इससे पूर्व जलसे का आग़ाज कुरआन की तिलावत से हुआ, मौलाना मुहम्मद नोमान क़ासमी की दुआ पर जलसा सम्पन्न हुआ। मौलाना वसीमुद्दीन जामई, मौलाना मुहम्मद नोमान क़ासमी, मौलाना अज़हर मुनीर मज़ाहिरी, हाफिज़ मुहम्मद अख़्लाक़ जामई, मौलाना हसीबुर्रहमान जामई के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मस्जिदों में होगी 2 से 3 बार नमाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्रदेश सरकार के सड़कों पर नमाज न पढ़ने के आदेश के बाद अब मुसलमानों ने बकरीद की नमाज मस्जिदों में ही पढ़ने का फैसला लिया है।

बड़ी ईदगाह समेत सभी ईदगाहों में ईद की नमाज ईदगाह ग्राउंड के अंदर अदा की गई थी। अब बकरीद पर ज्यादातर लोग ईदगाह जाने के बजाए मस्जिदों में ही नमाज पढ़ने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में मस्जिदों में भी नमाज की सारी तैयारियां शुरु हो गई हैं। चूड़ी वाली मस्जिद, कैथे वाली मस्जिद, हलीम प्राइमरी मस्जिद, नाला रोड मस्जिद, नूर मस्जिद , नूरानी मस्जिद , गरीब नवाज मस्जिद समेत शहर की करीब पांच सौ से अधिक मस्जिदों में बकरीद की नमाज होगी। जामा मस्जिद शफियाबाद में कारी मोहम्मद कासिम हबीबी दो बार बकरीद की नमाज अदा कराएंगे, जरुरत पड़ी तो तीन बार भी नमाज होगी। ऐसे ही शहर की मस्जिदों में भोर से ही नमाज होना शुरु हो जाएगी और 10 बजे तक तकरीबन सभी मुसलमान बकरीद की नमाज अदा कर लेंगे और कुर्बानी कराने में जुट जाएँगे। शहरकाजी मौलाना हाफिज अब्दुल कूद्दूस हादी ने गुरुवार को उलमा के साथ इस संबंध में बैठक की और तय हुआ कि मस्जिदों में नमाज का बंदोबस्त किया जाए।

ईद पर ईदगाह में नमाज अदा करने का हुक्म : ईद में इतनी मस्जिदों में नमाज नहीं पढ़ी जाती है, इनमें कई मस्जिदें ऐसी हैं जो ईद की नमाज के दौरान बंद रहती हैं, क्योंकि ईद की नमाज ईदगाह में ही अदा करने का हुक्म है, ऐसे में हर साल लाखों की संख्या में लोग नमाज पढ़ने के लिए ईदगाह पहुंचते थे और इतनी बड़ी संख्या में नमाजी आ जाते थे कि कई किमी तक जमाअत बनाना पड़ता था लेकिन अब ईदगाह ग्राउंड में ही नमाज अदा करने का सरकारी आदेश है जिससे कई ईदगाह में भी दो बार नमाज अदा की जाने लगी है।

दो ईदगाह में महिलाएं भी पढ़ेंगी बकरीद की नमाज: अहले हदीस की दो ईदगाह में बकरीद की नमाज पुरुषों के साथ साथ महिलाएं भी अदा करेंगी। इनमें एक ईदगाह है मास्टर अब्दुल करीम फेथफुलगंज और दूसरी सुजातगंज ईदगाह है। शहर की ये दो ईदगाह ऐसी हैं, जहां नमाज के दौरान आगे पुरुषों की जमआत होती है और पीछे पर्दे की आंड़ में हजारों की संख्या में महिलाएं नमाज पढ़ती हैं।

बड़ी ईदगाह में जुटेंगे लाखों नमाजी। अमृत विचार

- ईदगाह में भी ग्राउंड में ही नमाज अदा करने के आदेश से दो बार नमाज
- सड़क पर नहीं होगी नमाज, मस्जिदों के अंदर ही सीमित रहेंगे नमाजी

ऑनलाइन हिस्सा, सामूहिक कुर्बानी होगी

- सामूहिक कुर्बानी कराने के लिए दर्जनों संगठन सक्रिय हो गए हैं, इन संगठनों ने हिस्सा लेने वालों के लिए ऑन लाइन बुकिंग की व्यवस्था की है। दरअसल जो लोग धनाढ्य हैं, वे अकेले कुर्बानी कराते हैं लेकिन जिन लोगों के पास पैसे कमी है या फिर उन्हें ज्यादा हिस्सा बांटना है, ऐसे लोग सामूहिक कुर्बानी में हिस्सा लेते हैं, एक जानवर पर सात लोग हिस्सा ले सकते हैं। ये कुर्बानी सबसे ज्यादा चमनगंज, बेकनगंज, कुलीबाजार, फेथफुल, रेलबाजार, मछरिया, रावतपुर, रोशन नगर, कर्नलगंज, बजरिया, तलाक महल, दादा मियां चौराहा, पेचबाग, नई सड़क, इफ्तिखाराबाद, बासमंडी समेत विभिन्न स्थानों पर होगी।

बनारस व प्रयागराज में भी खंगाले जाएंगे सबूत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले में एसआईटी जल्द होगी रवाना
- बड़े अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध, रुपये के फ्लो की भी जांच

अमृत विचार। शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले की जांच कर रही एसआईटी जल्द ही बनारस और प्रयागराज जाएगी। इन दोनों शहरों से अब तक एसआईटी की ओर से आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। माना जा रहा है कि गिरफ्तार हो चुके आरोपियों से पूछताछ के आधार पर दोनों जगहों पर महत्वपूर्ण सबूत मिल सकते हैं। उधर जांच के दौरान एसआईटी रुपये के फ्लो को भी जानने का प्रयास करेगी।

मामले में एसआईटी ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बनारस से पिता पुत्र हरेंद्र पाण्डेय और प्रकाश पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। इसी तरह प्रयागराज से आरोपी शिवम विश्वकर्मा और विवेक द्विवेदी को गिरफ्त में लिया है। माना जा रहा है कि इन आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिले सुराग को खंगालने जांच टीम दोनों ही शहरों में जाएगी। माना जा रहा है कि शिक्षा विभाग के अन्य रिटायर हो चुके अधिकारी और निवर्तमान अधिकारियों को भी पूछताछ के लिए जल्द ही बुलाया जा सकता है। इसके अलावा दोनों स्कूल के प्रबंधकों से भी पूछताछ की जा सकती है। इस मामले में विभाग से स्कूल तक किसी भी स्तर पर सत्यापन न होना इसकी बड़ी वजह माना जा रहा है।

अध्ययन का राज्य स्तरीय तीरंदाजी में हुआ चयन

कानपुर। तीरंदाजी की अंडर-13 राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बर्रा निवासी अध्ययन शुक्ला का चयन हुआ है। उसका चयन उन्नाव से हुआ है, इसलिए उन्नाव से खेलेगा।

अध्ययन शुक्ला।

अध्ययन के पिता विजय दत्त शुक्ला ने बताया कि 11 वर्षीय अध्ययन जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में दो बार रजत पदक जीत चुका है।

राज्य स्तर के लिए चुनी गई टीम में उनका चयन उन्नाव से हुआ है। प्रतियोगिता भदोही में 20-23 जून तक होगी।

2202 युवाओं ने छोड़ी पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पहले दिन 8,612 परीक्षार्थी थे पंजीकृत, 6410 ने दी परीक्षा
- 18 तक शहर के 11 केंद्रों पर चलेगी परीक्षा, रही कड़ी सुरक्षा

अमृत विचार। पॉलीटेनिक्निक प्रवेश परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। शहर के 11 केंद्रों पर 6,410 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 8,612 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन पहले दिन 2202 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

पहले दिन पॉलीटेनिक्निक की प्रवेश परीक्षा तीन पालियों में हुई। ऑनलाइन मोड में हुई परीक्षा में परीक्षार्थियों ने तय समय में प्रश्नों के उत्तर दिए। कई परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के लिए परीक्षार्थियों को स्टूल पर खड़ा होकर तलाशी देनी पड़ी। परीक्षार्थियों ने सुबह 8 से 10:30 बजे, दोपहर 12 से 2:30 बजे और सायं 4 से 6:30 बजे तक तीन पालियों में परीक्षा दी। 15 जून तक ग्रुप-ए की परीक्षा 7 पालियों में, 15 जून से 18 जून तक ग्रुप-ई की 6 पालियों में व अन्य ग्रुप की 18 जून को दो पालियों में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। 17 जून को अवकाश होने के कारण परीक्षा स्थगित रहेगी। 19 और 20 जून को आरक्षित दिवस के रूप में रखा गया है। पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश कुमार आनंद ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा पूरी तरह से व्यवस्थित रही।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

आरपीएफ ने मारा छापा, खाना फेंककर भागे वेंडर

कानपुर। भीषण गर्मी में यात्रियों को मिलने वाले खानपान की जांच करने के लिए गुरुवार को आरपीएफ ने ट्रेनों में छापा मारा। दोपहर में करीब दो दर्जन आरपीएफ कर्मियों ने प्लेटफार्मों पर कई ट्रेनों में चेकिंग की। टीम को देखकर कई अवैध वेंडर खाना व नाश्ता फेंककर भाग निकले, जबकि सीमांचल एक्सप्रेस में चार अवैध वेंडर आरपीएफ के हत्थे चढ़ गए।

आरपीएफ ने लगातार कई ट्रेनों व प्लेटफार्म पर चेकिंग की। आखिर में प्लेटफार्म एक पर आई सीमांचल एक्सप्रेस में चेकिंग अभियान चलाया। आरपीएफ इंस्पेक्टर वीपी सिंह ने बताया कि अवैध वेंडरों पर अंकुश लगाया जा रहा है। रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

अवीवा इंडिया के सीईओ व एमडी असित रथ ने बताईं कंपनी की नीतियां।

अवीवा इंडिया ने कानपुर में खोला एजेंसी चैनल

कानपुर। निजी जीवन बीमा कंपनी अवीवा लाइफ इंश्योरेंस ने देश में एजेंसी चैनल विस्तार की पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य देश में एजेंसी बेस को दोगुना करना है। अवीवा इंडिया के सीईओ व एमडी असित रथ ने कहा कि अवीवा इंडिया ने भुवनेश्वर, उड़ीसा में राष्ट्रव्यापी नियुक्ति अभियान की शुरूआत की थी। 13 जून को एक बिजनेस अपॉर्च्युनिटी इवेंट के साथ कानपुर में एजेंसी चैनल विस्तार की शुरूआत की जा रही है। यह अभियान भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के दृष्टिकोण 2047 तक सभी के लिए बीमा के अनुरूप है। नियुक्तियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अवीवा इंडिया ने फाइनैंशियल प्लानिंग अडवाइजर्स का सशक्त नेटवर्क बनाने का लक्ष्य रखा है, जो न सिर्फ बीमा कवरेज में सहयोग प्रदान करेंगे। बल्कि वैलनैस अडवाइजर की तरह काम करते हुए विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में उपभोक्ताओं के समग्र कल्याण के लिए मार्गदर्शन भी देंगे। कंपनी के अभियान 'शेप लाईफ विद अवीवा' का उद्देश्य इंश्योरेंस अडवाइजर सिर्फ बीमा वितरक की भूमिका न निभाए, बल्कि लोगों को शारीरिक फिटनैस, जीवन की अनिश्चितताओं के लिए निवारक उपायों के लिए प्रेरित कर समुदाय में बदलावकर्ता की तरह भी काम करे। उन्हें शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, सेहतमंद आहार के सेवन, नियमित जांच और शारीरिक फिटनैस के बारे में जागरुक बनाना है।

शराब के पैसे न देने पर दबंगों ने किया लहुलूहान

कानपुर। गोविंद नगर कच्ची बस्ती में दबंगों ने शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट कर महिला के घर पर पथराव और तोड़फोड़ की। घटना में पीड़िता का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता ने गुरुवार को एसीपी कार्यालय में आरोपियों की शिकायत कर गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। गोविंद नगर कच्ची बस्ती निवासी गीता ने बताया कि इलाके में रहने वाले दो भाई अजय, विजय व उनका साथी अर्पित गांजा तस्करी करते हैं। बुधवार रात 10 बजे तीनों अपने 4-5 साथियों के साथ आए और शराब के लिए रुपये मांगने लगे। इंकार करने पर छोटे बेटे के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। बड़ा बेटा मनोज बचाने गया तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घर में पथराव कर दिया। कूलर व घर का अन्य सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी भाग निकले। गोविंद नगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट, हमला, क्षति पहुंचाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

किशोर प्रतिभाएं दिखा रहीं कौशल | दीबा नसीम खान स्मारक अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता

जीटीबी वारियर्स व क्रेजी रेंजर्स पहुंचे सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। नेशनल यूथ क्लब की ओर से आयोजित दीबा नसीम खान स्मारक अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को दो मुकाबले हुए। जिसमें जीटीबी वारियर्स व क्रेजी रेंजर्स ने अपनी जीत दर्ज कराते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई।

कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) से मान्यता प्राप्त नेशनल यूथ क्लब का पहला मुकाबला कानपुर साउथ-ए मैदान पर खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आनंदेश्वर पॉलीपैक ने निर्धारित 35 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाए। टीम के प्रिंस ने 62, अक्षत अवस्थी ने 64 रनों ने की नाबाद पारी खेली। विकास पाठक ने 3 व रेयांश अग्रवाल ने एक विकेट लिए। जवाब में उतरी जीटीबी वारियर्स को लक्ष्य हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। 28.4 ओवर में ही एक विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया।

टीम के युवराज ने 103 व विशेष अग्निहोत्री ने रनों की नाबाद पारी खेली। देवांश ने 36 रन देकर एक विकेट लिए। इस तरह जीटीबी वारियर्स ने 9 विकेट से मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच युवराज रहे। दूसरा मुकाबला कानपुर साउथ-बी पर खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए क्रेजी रेंजर्स ने 35 ओवर में 8 विकेट पर 178 रन बनाए। ऋषभ गुप्ता ने 48, शौर्य सिंह ने 37, अर्पित राय ने 27 रनों का योगदान दिया। स्पेश वर्मा ने 5 व हंजला ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर वारियर्स 8 विकेट पर 162 रन ही बना सकी।

तनुष अवस्थी ने 42, अमृत सचान ने 40 व कार्तिक अवस्थी ने 16 रन बनाए। शुभम राजपूत ने 3 व दक्षराज प्रजापति ने 2 विकेट झटके। क्रेजी रेंजर्स ने 16 रनों से मैच जीतकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। मैन ऑफ द मैच शुभम राजपूत रहे।

जीटीबी वारियर्स के खिलाड़ियों ने मनाया जीत का जश्न। अमृत विचार

राहुल स्वीट्स से होगा आरएलबी का फाइनल

- **कानपुर।** नारायणा एपीएल अंडर-16 सीजन-5 में गुरुवार को खेले गए क्वालीफायर मुकाबले में आरएलबी पब्लिक स्कूल ने 16 टू 60 क्लब को तीन विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। आरएलबी का मुकाबला शनिवार को क्वालीफायर-एक की विजेता राहुल स्वीट्स से होगा। नारायणा मैदान पर खेले गए मुकाबले में 16 टू 60 क्लब ने बल्लेबाजी करते 30 ओवर में 9 विकेट पर 228 रन बनाए। जवाब में उतरी आरएलबी टीम ने 28.2 ओवर में 7 विकेट पर 231 रन बनाकर मैच जीत लिया। विजयी टीम के शिवम पटवा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला।

घाटमपुर नगर पालिका की बैठक में विकास पर फोकस

संवाददाता, घाटमपुर

प्रस्ताव पास

- घाटमपुर नगर पालिका परिषद की बैठक में बजट प्रस्ताव पास
- नगर में सफाई, प्रकाश व्यवस्था जलापूर्ति पर विशेष जोर

अमृत विचार: घाटमपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 की बजट बैठक संपन्न हुई, जिसमें नगर पालिका परिषद अध्यक्ष गजाला तबस्सुम और विधायक सरोज कुरील की उपस्थिति में सफाई, रोड प्रकाश व्यवस्था और जलापूर्ति व्यवस्था के लिए बजट प्रस्ताव पारित किया गया।

नगर पालिका परिषद कार्यालय में हुई पालिका बोर्ड की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कराये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षा हुई और बजट प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं 2023-24 में हुये कार्यों और आय-व्यय के आंकड़े प्रस्तुत किये गए। बैठक में वित्तीय अनुमानित लेखा आंकड़े प्रस्तुत किए गए। बोर्ड की ओर से नगर के विकास के लिए 2637.89 लाख का बजट सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बजट प्रस्ताव पढ़कर सुनाया और बताया कि पालिका स्वयं के संसाधनों से जलापूर्ति, सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के लिए बजट प्रस्ताव तैयार किया है।

बैठक में मौजूद विधायक सरोज कुरील, पालिका अध्यक्ष गजाला तबस्सुम।

बजट बैठक में विधायक सरोज कुरील, नगर पालिका अध्यक्ष गजाला तबस्सुम, सभासद विजय कुमार, अमरदीप, निजामुद्दीन, राकेश कुमार, हाशिम, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, शाहिद खान, राजेश कुमार कुटार, मोहम्मद शाबान, ओवैस अहमद, ज्ञान सिंह सचान, मुकेश कुमार दीक्षित, विवेक शुक्ला, तकदीर हैदर, सुल्तान शेख, मंजुला, लक्ष्मी, शशि शर्मा, रीना देवी, रितु सिंह, ममता साहू, तराना, हाशमी खातून, सबीना खातून आदि लोग उपस्थित रहे।

साल भर में खर्च हुए 1247.77 लाख रुपये

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पालिका को स्वयं के संसाधनों से 143.52 लाख रुपये और शासकीय तौर पर 1152.07 लाख रुपये मिलाकर कुल 1295.60 लाख की आय हुई। अधिष्ठान में 812.90 लाख रुपये निर्माण कार्य में 305.96 लाख रुपये सफाई व्यवस्था में 25.07 लाख रुपये जलापूर्ति व्यवस्था में 51.24 लाख रुपये और विविध व्यय में 52.59 लाख रुपये मिलाकर कुल 1247.77 लाख रुपये व्यय किए गए।

प्रकाश व्यवस्था में खर्च होंगे 186 लाख रुपये

वित्तीय वर्ष 2024-25 में पालिका की स्वयं के संसाधनों से संभावित आय 471.29 लाख रुपये और शासकीय 1744.09 लाख रुपये मिलाकर कुल 2215.38 लाख रुपये की संभावित आय होगी। इसके सापेक्ष 2024-25 में अधिष्ठान मद में 975.48 लाख रुपये निर्माण कार्य में 667.16 लाख रुपये सफाई व्यवस्था में 30.08 लाख रुपये जलापूर्ति व्यवस्था में 90.03 लाख रुपये प्रकाश व्यवस्था में 186 लाख रुपये और विविध व्यय में 74.49 लाख रुपये कुल 2023.26 लाख व्यय होने का अनुमानित बजट प्रस्तुत किया गया है।

बिरहर के ईंट भट्ठे में श्रमिक की थमी सांस

संवाददाता, घाटमपुर

पोस्टमार्टम होगा

- ईंट भट्ठे में ही अचेत अवस्था में मिला था मजदूर
- अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने मृत घोषित किया

अमृत विचार। साढ़ थाना क्षेत्र के बिरहर के ईंट भट्ठे में देर शाम एक मजदूर अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसे भीतरगांव सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हमीरपुर जनपद के मौदहा फतेहपुर निवासी बबलू (50) पुत्र लल्लू भगत करीब पांच महीने से परिवार सहित बिरहर के इंडिया भट्ठे में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि देर शाम जब उसकी तलाश की गई तो वह भट्ठे में ही अचेत अवस्था में पड़ा मिला। परिवार के लोग फौरन उसे लेकर भीतरगांव सीएचसी पहुंचे, जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिरहर चौकी इंचार्ज निशांत ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

चोरी के आरोप में प्रताड़ना से आहत किशोर ने चुन ली मौत

महाराजपुर थाना क्षेत्र के गौरिया गांव की घटना, परिवार वालों ने किया हंगामा

संवाददाता, सरसौल

अमृत विचार: महाराजपुर थाना क्षेत्र के गौरिया गांव में 15 वर्षीय किशोर ने गांव के बाहर नीम के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। आरोप है कि मोबाइल चोरी को लेकर पड़ोसी गांव के दो युवकों और पुलिस की प्रताड़ना से भयभीत होकर किशोर ने यह कदम उठाया। परिवार और गांव के लोगों ने इस मामले को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

गौरिया गांव के रहने वाले शिवम पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दो दिन पहले उसका छोटा भाई शिवा भैंस चराने के लिए गांव के बाहर ऊसर मैदान के पास गया था। वहीं पर पड़ोसी गांव उचटी के लड़के क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान क्रिकेट खेल रहे उचटी गांव के अमरनाथ पुत्र रामकुमार का मोबाइल गुम हो गया। क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने शिवा पर मोबाइल चोरी करने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं, अमरनाथ और उसके साथियों ने शिवा की पिटाई भी की।

महाराजपुर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह से गुस्सा जताते परिवार के लोग। अमृत विचार

मंगलवार को अमरनाथ ने महाराजपुर थाने में उसके खिलाफ मोबाइल चोरी करने का प्रार्थना पत्र दे दिया। शिवा के परिवार वालों का आरोप है कि थाने में प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद कुछ पुलिस वाले उनके घर आए और शिवा से चोरी कबूल करने का जबरन वीडियो बना लिया और जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद से शिवा इतना भयभीत हुआ कि गुमशुम हो गया और गुरुवार की सुबह गांव के बाहर नीम के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह उसका पेड़ पर लटकता हुआ शव मिला।इसके बाद शिवा के परिजनों और ग्रामीणों में गुस्सा भड़क गया। लोगों ने पुलिस और अमरनाथ पर प्रताड़ना का आरोप लगाकर खूब हंगामा किया।

हंगामे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों का गुस्सा कम नहीं हुआ। हंगामे के देखते हुए गांव में भारी फोर्स तैनात कर दिया गया। काफी देर हंगामे के बाद पुलिस ने दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस पर भी आरोप

- मोबाइल की चोरी के आरोप में प्रताड़ित करने का आरोप
- पुलिस ने भी चोरी कबूल करने का बनाया वीडियो

मामले की जांच के बाद होगी कार्रवाई: एसओ

- महाराजपुर एसओ सुरेंद्र सिंह का कहना है कि शिवा के परिजनों ने उचटी गांव के अमरनाथ और इंद्रपाल नामक युवकों के खिलाफ तहरीर दी है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पर जबरन कबूलनामे का वीडियो बनाने और पुलिस कर्मियों द्वारा प्रताड़ित किए जाने के आरोपों को सिरे से खारिज किया।

हंगामे के बाद गौरिया गांव में पुलिस बल मुस्तैद

- किशोर की आत्महत्या को लेकर गांव वालों में गुस्से को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस को इस बात की आशंका है कि दोनों पड़ोसी गांवों के बीच गुस्से की आग भड़क सकती है। पुलिस सतर्कता बरत रही है।

9 घंटे बिजली कटौती से जूझती रही जिंदगी

संवाददाता, चौबेपुर

- गुरुवार सुबह पनकी यार्ड में खराबी से बाधित रही आपूर्ति
- बिजली बगैर गर्मी से हुआ बुरा हाल, औद्योगिक कार्य प्रभावित

अमृत विचार: पनकी यार्ड में आई खराबी के चलते गुरुवार को चौबेपुर सब स्टेशन से संबद्ध क्षेत्र की संपूर्ण आपूर्ति बाधित रही। भीषण तपिश के दौरान बिजली न मिल पाने से जहां गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहा, वहीं इसके कारण पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हुई। दूसरी ओर बिजली बगैर औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ।

शासन स्तर से ग्रामीण क्षेत्र के लिए निर्धारित विद्युत आपूर्ति ने किसी भी तरह की कटौती न किये जाने के सख्त निर्देश हैं। इसके बावजूद इस समय तेज धूप और जबरदस्त गर्मी के चलते आए दिन किसी न किसी कारण लाइनों में खराबी के कारण आपूर्ति घंटों बाधित रहती है। गुरुवार को भी पनकी यार्ड में आई खराबी के बाद सुबह 9 बजे क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। दिन भर मरम्मत के बाद शाम 6 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।

जबरदस्त तपिश के दौरान सुबह से शाम तक बिजली न मिल पाने से लोग परेशान रहे। लगभग 9 घण्टे तक आपूर्ति बाधित रहने के कारण पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हुई। सब मर्सिबल पंप के सहारे पानी भरने वाले परेशान रहे। दूसरी ओर बिजली बगैर औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ। जानकारी पर अधिशासी अभियंता अतुल सेठ ने बताया कि पनकी यार्ड की चहारदीवारी के अंदर सुबह आग लग जाने से आपूर्ति बाधित हुई। मरम्मत कार्य में समय अधिक लग जाने से समस्या उत्पन्न रही।

> पनकी यार्ड की चहारदीवारी के अंदर सुबह आग लग जाने से आपूर्ति बाधित हुई। मरम्मत में समय लगने से समस्या पैदा हुई।
>
> -अतुल सेठ, अधिशासी अभियंता दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड

बाइकों में टक्कर युवक का पैर टूटा

बिल्हौर। बिल्हौर क्षेत्र के अमान पुरवा से गेस्ट हाउस शादी समारोह में जा रहे बाइक सवार युवक को राधा कृष्ण कोल्ड स्टोर के पास सामने से मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर टूट गया। घायल अवस्था में उसे सीएससी बिल्हौर पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया।

चौबेपुर कस्बे के शांति नगर निवासी अरुण कुमार अपनी भांजी की शादी में शामिल होने अमान पूरवा खंड कमसान गए हुए थे, जहां से देर शाम वह अमान पुरवा से बिल्हौर बापू गेस्ट हाउस जा रहे थे तभी रास्ते में राधा कृष्ण कोल्ड स्टोर के पास विपरीत दिशा से तेजी से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी जिसके चलते उनका एक पैर टूट गया तथा शरीर में गंभीर चोटें आई घायल अवस्था में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर में भर्ती कराया जहां अधिक चोट होने के कारण डॉक्टरों ने घायल को कानपुर रेफर कर दिया जहां घायल का इलाज चल रहा है।वही परिजनों ने पूरे मामले की शिकायत थाना पुलिस से की है।

महाकाल ने मास्टर इलेवन को हराया

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: कस्बे में चल रहे जीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन गुरवार को महाकाल ने मास्टर इलेवन को पांच विकेट से हराया। महाकाल की इस जीत पर युवराज सिंह की घातक गेंदबाजी निर्णायक साबित हुई, जिन्होंने 13 रन देकर 4 विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

महाकाल टीम के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। मास्टर इलेवन की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 147 रनों का स्कोर खड़ा किया। मास्टर इलेवन की तरफ से बल्लेबाजी करते हुए वंश गुप्ता ने 44, सौरभ साहू ने 28, दिव्यांशु त्रिपाठी ने 15 रन बनाए। महाकाल की तरफ से गेंदबाजी करते हुए युवराज सिंह ने 13 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि यश सचान ने 36 रन देकर 2 विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी महाकाल की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन शुरुआत की। टीम ने महज 13 ओवर में ही अपने 5 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। महाकाल की तरफ से बैटिंग करते हुए अनुज सिंह ने 41, युवराज सिंह ने 35 रन और अभय पाल ने 28 रन बनाए। मास्टर इलेवन की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अभिनीर ने 2 विकेट, ऋतिक सोनकर ने 1 विकेट लिया। शैल सोनी और जुनैद अली ने युवराज सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

विजेता महाकाल टीम को चेक सौंपा गया। अमृत विचार

इस मौके पर नीरज प्रधान, शत्रुघन प्रधान, शक्ति यादव, रोहित सिंह एडी सभासद, आदर्श तिवारी, संकल्प सचान, हिमांशु सचान, सौरभ सचान, रिद्धि, अमित सिंह, पटवारी लाल, शिवाय फैशन, विप्लव सचान, पदम सिंह, श्याम सिंह, हनी गुप्ता, प्रशांत राजावत, आदित्य सचान, अविनाश सिंह, दिग्विजय मास्टर, कोच आनंद सचान, अमित सिंह सेंगर, भुल्लन, पुनीत स्टेन, कपिल सचान, सीटू भदौरिया, अभिराज सिंह मौजूद रहे।

विधायक ने आधा दर्जन सड़कों का दिया प्रस्ताव

संवाददाता, बिल्हौर

- लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को सौंपा पत्र
- सड़कों के बनने से लोगों को मिलेगी सहूलियत

अमृत विचार: बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन मार्गों के दुरुस्तीकरण की मांग करते हुए क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र सौंपा है।

बिल्हौर विधानसभा के मोहद्दिमपुर से बेदीपुर संपर्क मार्ग, पचोर मार्ग से रघुनाथपुर वाया सहज्योरा मार्ग, ककवन ब्लाक के न्यूराखेड़ा से कुरेह संपर्क मार्ग, लखनऊ-इटावा राजमार्ग से महादेव गांव तक औरोताहारपुर संपर्क मार्ग, सांभी मार्ग से मकरंद निवादा संपर्क मार्ग, नंदा निवादा से अनेई संपर्क मार्ग और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से सरैया भूड़ तक संपर्क मार्ग का निर्माण कराए जाने के लिए सिफारिश की है। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सभी मार्ग समुचित रूप से ग्रामीणों के लिए सुरक्षित रहें, इसके लिए वह प्रतिबद्ध हैं और लगातार सड़क निर्माण के लिए शासन-प्रशासन के जिम्मेदार अफसरों से मिलकर ग्रामीणों की समस्या दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रमुख सचिव को पत्र देते विधायक।

ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

घाटमपुर। सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल गांव की रहने वाली विवाहिता युवती ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बरीपाल की रहने वाली अकीला पुत्री साबिर अली ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी कानपुर देहात जनपद के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के हीरापुर निवासी यूनुस के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति यूनुस, ससुर मकबूल, देवर इस्माइल और ननद रुबीना आए दिन मायके से रुपये आदि लाने का दबाव बनाकर मारपीट और गाली-गलौज के साथ जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। वह मायके में रह रही है। तहरीर के आधार पर सजेती पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है।

दो गुटों में विवाद के बाद मारपीट, एफआईआर

संवाददाता, बिल्हौर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के पूरा कस्बे में दो पक्षों में झगड़े में आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोटें आई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का इलाज कराया। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

राधन गांव के प्रवीण द्विवेदी की कस्बे में ज्वेलरी की दुकान है। प्रवीण का कहना है कि वह दुकान पर बैठे थे, तभी कस्बे के अक्षय दुबे उर्फ प्रांशू, रितिक दुबे उर्फ लालू पुत्र विमल, प्रखर द्विवेदी उर्फ शंकर पुत्र नवीन चन्द्र व रामजी आए और गालीगलौज करते हुए पीटने लगे। पड़ोसी दुकानदारों के आने पर धमकी देते हुए भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष से प्रखर ने तहरीर देकर हिमांशु पुत्र सरोज द्विवेदी, प्रकुल पुत्र भैया द्विवेदी, विभू पुत्र भैया द्विवेदी व रोहित अग्निहोत्री पुत्र रामलखन पर लालपुर स्थित पेट्रोल पंप पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों ने तहरीर दी है। मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात करते रामजी शुक्ला। अमृत विचार

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने मंत्री को बताईं दिक्कतें

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार। भाजपा कानपुर ग्रामीण के पूर्व जिलाध्यक्ष रामजी शुक्ला ने दिल्ली में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें दिक्कतें बताईं।

उन्होंने वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को सातवीं बार विजयी होकर लोकसभा में पहुंचने की बधाई दी और क्षेत्र की समस्याएं भी रखीं। पिछले कार्यकाल में भी पंकज चौधरी वित्त राज्यमंत्री थे। उनके पास राष्ट्रीयक्रत बैंकों का प्रभार था। इस बार राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ ही आरआरबी का भी प्रभार मिला है।

रामजी शुक्ला ने वित्त राज्यमंत्री के सामने बैंकों में स्टाफ की कमी का मुद्दा रखा, जिस पर उन्होंने गम्भीरता पूर्वक विचार कर हल कराने का आश्वासन दिया है।

तैयारी चौबेपुर की बाजार में खूब हुई बकरों की खरीद फरोख्त, डिमांड के साथ कीमत बढ़ी

बकरीद का सजा बाजार, बकरों की बहार

संवाददाता, चौबेपुर

खरीदारी तेज

- 25 हजार रुपये की कीमत तक लोगों ने खरीदे बकरे
- साप्ताहिक बाजार का दिन होने से खासी भीड़ उमड़ी

अमृत विचार: बकरीद पर्व को लेकर गुरुवार को कस्बे की पशु बाजार में बकरों की जमकर खरीद फरोख्त हुई। बकरों की बढ़ी मांग के चलते बाजार में इनकी कीमत भी बढ़ गई और एक-एक बकरे की कीमत 25 हजार रुपये तक जा पहुंची। कस्बे की बाजार में शहर के खरीदारों की बड़ी संख्या रही।

ईद -उल-अजहा (बकरीद) को लेकर कस्बे की बाजार में आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में पशुपालक अपने बकरों की बिक्री करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। अमूमन सूना पड़ा रहने वाला कस्बे का प्राचीन पशु बाजार इन दिनों बकरों से गुलजार है। गुरुवार को कस्बे में बाजार का दिन होने के कारण सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ नजर आई।

बकरीद का त्योहार नजदीक होने के लिहाज से इन दिनों में पशु बाजार में बकरों की ही सबसे ज्यादा खरीद-फरोख्त हो रही है। त्योहार की वजह से बकरों की कीमत भी काफी बढ़ी है।

चौबेपुर की बाजार में बकरा खरीदने के लिए आए कानपुर नगर के चमनगंज के रहने वाले रफीक, नई सड़क के शाहिद, परेड के शमशुल, बेकनगंज के राशिद, मेराजुल और रावतपुर गांव के सलमान व जमील आदि ने बताया कि शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों में बकरा काफी रियायती दामों में मिल जाते हैं।

यही वजह है कि शहर से बड़ी संख्या में लोग त्योहार पर ग्रामीण क्षेत्र की बाजारों से बकरों की खरीद फरोख्त करते हैं। बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ के चलते बकरों की कीमत 5 हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक रही। बताया गया कि पर्व से पहले कस्बे में रविवार को कस्बे की बाजार में खरीदारों की और भी ज्यादा भीड़ जुटने की संभावना है, जिससे बकरों की कीमत भी बढ़ने की आशंका है। बकरीद पर लोग कुर्बानी के लिए खरीदारी करते हैं।

चौबेपुर कस्बे की बैलाही बाजार में बकरों की खरीद फरोख्त करते लोग। अमृत विचार

एक नजर

जहरीला कीड़ा काटने से युवक की हालत गंभीर

पुखरायां। कस्बा के कृष्णा नगर मंडी के अजय कुमार ने बताया कि उनका बेटा प्रियांशु (17) घर में नाली की सफाई कर रहा था, तभी हाथ में जहरीले कीड़े के काट लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले गए, जहां डॉ. गोविंद प्रसाद ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बाइक की टक्कर से युवक का टूट गया पैर

संदलपुर। जगन्नाथपुर-अलियापुर मार्ग के सामने पैदल आ रहे भोगनीपुर के चौकी गांव निवासी बृजेंद्र सिंह को बाइक सवार अरविंद निवासी ततुवापुर ने टक्कर मार दी जिससे युवक के पैर में फ्रैक्चर हो गया। जिला अस्पताल से युवक को कानपुर हैलट भेजा गया। घायल के पिता ने तहरीर दी है।

मोबाइल और बाइक लेकर युवक फरार

रूरा। दुर्गा मंदिर के सामने एक रेस्टोरेंट में एक दिन पहले ही काम करने आया एक युवक कर्मचारियों व बिल्डिंग मालिक की बाइक लेकर फरार हो गया। रेस्टोरेंट संचालक शानू कटियार ने बताया कि बुधवार को एक युवक काम मांगने रेस्टोरेंट पर आया था। आईडी प्रूफ मांगा तो उसने कहा कि कल आधार कार्ड मंगवा लेंगे। इसके बाद बुधवार की रात कर्मचारियों व संचालक सहित चार मोबाइल फोन चोरी कर लिया और मालिक की बाइक भी ले गया।

करीमनगर में युवक की मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार

सिंकदरा सीओ शिव ठाकुर ने घटनास्थल पर छानबीन की। अमृत विचार

लाठी-डंडे के साथ रॉड से पीटकर युवक को मारा

सिकंदरा क्षेत्र के करीमनगर में हत्या, तीन लोग हिरासत में

संवाददाता सिकंदरा/राजपुर

- पोस्टमार्टम में मौत की वजह हेड इंजरी बताई गई
- डायल 112 पर सूचना के बाद पहुंची थी पुलिस

अमृत विचार। करीमनगर गांव में विवाद के बाद एक युवक को पड़ोसियों ने राड से पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। डायल 112 पुलिस घायल को सीएचसी ले गई, जहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

देव सिंह।

पोस्टमार्टम में युवक के शरीर में चोटों के निशान और मौत का कारण हेड इंजरी बताई गई है।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के करीमनगर के रहने वाले श्रीराम ने बताया कि बुधवार की देर शाम उनका बेटा देव सिंह उर्फ चंदू (30) घर के बाहर बैठा था, तभी पड़ोस के रहने वाले सत्यनारायण, प्रेमपाल व राधेश्याम गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने घर की महिलाओं और परिजनों को बुला लिया। सभी ने एक राय होकर लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से देव सिंह पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर हमलावर मौके से फरार हो गए।

पुलिस ने घायल को सिकंदरा सीएचसी में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत होने पर उसे जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया गया। वहां गुरुवार को इलाज के दौरान देव सिंह ने दम तोड़ दिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

पिता श्रीराम ने बताया कि आरोपी करीब एक साल पहले उन सभी को फर्जी मुकदमे में फंसा चुके हैं। युवक तीन भाईयों कोमल, यशवंत में सबसे छोटा था। जानकारी पर पहुंचे सिकंदरा सीओ शिव ठाकुर ने मौके पर छानबीन की। उन्होंने गांव वालों से विवाद की वजह जानने की कोशिश की।

प्रेम प्रसंग को लेकर हमले की चर्चा

घटना के बाद लोगों में प्रेम प्रसंग को लेकर मारपीट की चर्चा रही। इस मामले में सिकंदरा थानाध्यक्ष महेश कुमार का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

नाले के पास मिला युवक का सड़ा शव, हत्या किए जाने की आशंका

संवाददाता, मंगलपुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के लौआ की मड़ैया गांव के सामने नहर पटरी के किनारे नाले के पास से एक युवक का शव पड़ा मिला। उसके गले और चेहरे पर चोट के निशान मिले, जिनसे खून बहा था। शव आधा सड़ चुका था। चौकीदार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। वहीं फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए।

गुरुवार को लौआ की मड़ैया गांव के सामने नहर पटरी किनारे नाले के पास करीब 25 वर्षीय युवक का शव मिला। युवक काला लोवर और नीली जांघिया पहने हुए था। शव पड़े होने की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने उसकी पहचान करने का प्रयास भी किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। चौकीदार ने शव पड़े होने की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच-पड़ताल की और साक्ष्य एकत्रित किए हैं।

लोगों में युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की चर्चा रही। लोगों का कहना था कि युवक बाहरी प्रतीत हो रहा है। युवक की लाश आधी सड़ चुकी है। शव के पास से पुट्टी करने वाली लोहे की दो पत्ती बरामद हुई हैं और कुछ ही दूरी पर एक रंगीन शर्ट व एक जोड़ी चप्पल बरामद हुईं। युवक की जेब से दो पान मसाला (गुटखा) के पाउच और एक माचिस बरामद हुई। झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी ने कहा कि शव आधा सड़ चुका है। घटना करीब चार दिन पुरानी लग रही है।

घटनास्थल पर छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

- युवक के गले और चेहरे पर मिले चोट के निशान, खून के धब्बे भी दिखे
- चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने की जांच, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

नाले के पास युवक की लाश बरामद होने के बाद पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराने के काफी प्रयास किए, लेकिन देर शाम तक उसकी पहचान नहीं हो सकी। झींझक चौकी इंचार्ज अनुज अवस्थी का कहना है कि शिनाख्त कराने के मकसद से शव को मर्च्युरी में रखवा दिया गया है। 72 घंटे इंतजार किया जाएगा। अगर इस बीच शिनाख्त नहीं होती तो उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

मंधना-शुक्लागंज फोरलेन में रोड निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 12 किलोमीटर ट्रंच खोदाई का काम पूरा, डामरीकरण का काम शुरू कर दिया
- रीसाइकिल पद्धति से किया जा रहा फोरलेन का निर्माण, खनिज का कम होगा उपयोग

अमृत विचार। मंधना-शुक्लागंज फोरलेन निर्माण में 12 किलोमीटर ट्रंच खोदाई के कार्य के बाद सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया। ट्रंच में गिट्टी भराई करा समतलीकरण कर मुख्य मार्ग के बीच से 14 सेंटीमीटर की खोदाई कर बिटुमिंस निकाल कर मिश्रण तैयार करा जा रहा है। बिटुमिंस सरफेस का काम किया जा रहा है।

मंधना, बिठूर, शुक्लागंज से होकर लखनऊ की ओर जाने वाले 17 किलोमीटर लंबे मार्ग की मौजूदा समय में 7.50 मीटर चौड़ाई है, जिसका चौड़ीकरण 8.50 मीटर किया जाना है। फोरलेन के दोनों तरफ तीन-तीन फीट चौड़ा फुटपाथ भी बनाया जाएगा। दो मीटर का डिवाइडर सड़क के बीच में होगा व 17 किलोमीटर मार्ग के दोनो ओर नाला व स्ट्रीट लाइट का निर्माण किया जाएगा। 92.92 करोड़ की लागत से गाजियाबाद की शर्मा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया है।

सड़क किनारे 12 किलोमीटर तक ट्रंच खोदाई के बाद समतलीकरण का पूरा करने के साथ ही सरफेस का काम शुरू हो गया है। अधिशासी अभियंता अखंडेश्वर प्रसाद ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए पुरानी सड़क के बीच से 14 सेंटीमीटर तक खोदाई कर बिटुमिंस को निकाल कर नए मैटेरियल में मिलाकर सरफेस का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। रीसाइकलिंग पद्धति से निर्माण में कम लागत आने के साथ ही खनिज उत्पादों का अधिक मात्रा में प्रयोग नहीं होगा, जिससे पर्यारण संरक्षण को भी लाभ मिलेगा।

सड़क निर्माण के लिए हो रहा समतलीकरण। अमृत विचार

अस्पताल संचालक के बेटे की करंट से मौत

कानपुर देहात। अकबरपुर कोतवाली के पास एक निजी अस्पताल में ग्लोसाइन बोर्ड लगाते समय एचटी लाइन की चपेट में आने से अस्पताल संचालक के बेटे की करंट से मौत हो गई, जबकि बचाने में तीन लोग झुलस गए। मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

अकबरपुर कस्बे के गांधीनगर निवासी सलमान खान उर्फ पप्पू का अकबरपुर कोतवाली के पास कानपुर-इटावा हाईवे पर अस्पताल है। बुधवार की देर शाम सलमान का पुत्र शाहरुख उर्फ बॉबी (25) अस्पताल के तीन लोगों के साथ ग्लोसाइन बोर्ड लगवा रहा था। शाहरुख अस्पताल के बाहरी हिस्से में चढ़कर बोर्ड पकड़ रहा था। इसी दौरान पास से गुजरी एचटी लाइन में ग्लोसाइन बोर्ड छू गया, जिससे बोर्ड में करंट दौड़ आया और शाहरुख उसमें चिपक गया।

ऑटो चालक और सर्राफ को किया गया गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शास्त्री नगर में 5 जून को हुई थी वारदात

अमृत विचार। काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर में पांच जून को गाजियाबाद से मायके आ रही महिला का ऑटो चालक नकदी और जेवर से भरा बैग लेकर भाग गया था। चालक ने चोरी के जेवरात नयागंज के एक सर्राफ को बेच दिए। महिला की शिकायत पर काकादेव पुलिस ने छह दिन बाद रिपोर्ट दर्ज कर बुधवार रात ऑटो चालक, चोरी के जेवरात खरीदने वाले सर्राफ और महिला को गिरफ्तार कर लिया।

दिल्ली निवासी श्वेता त्रिपाठी पांच जून को शास्त्री नगर अपने मायके आ रही थीं। सेंट्रल स्टेशन से उन्होंने शास्त्री नगर के लिए एक ऑटो बुक किया। मरियमपुर के पास एक महिला बैठ गई। श्वेता के पास दो बैग थे एक में कपड़े और दूसरे में नकदी व जेवर थे। घर पहुंचकर उन्होंने कपड़ों वाला बैग उतारा। आटो चालक नकदी और जेवरात वाला बैग लेकर भाग गया। श्वेता के सेवानिवृत्त दरोगा पिता रामचंद्र शुक्ला के घटना की तहरीर दी लेकिन पुलिस ने छह दिन बाद रिपोर्ट दर्ज की। बैग में 10 अंगूठियां, चेन व पांच हजार नकद समेत करीब 12 लाख का माल था। सीसी फुटेज की मदद से सर्विलांस सेल ने कौशांबी के पोखराज भट्टपुरवा निवासी ऑटो चालक ओमशंकर पटेल को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर आरके नगर निवासी महिला शानू को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि चालक ने बताया कि उसने जेवर नयागंज के लाला लखनलाल एंड संस दुकान के सत्यम को बेचे थे।

सार-संक्षेप

गुरुवार को रोजगार मेले में प्रतिभाग करते अभ्यर्थी। अमृत विचार

मेले में 51 अभ्यर्थी रोजगार के लिए चयनित

कानपुर देहात। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा मंगलम आईटीआई परिसर में गुरुवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निजी क्षेत्र की कंसाई नेरोलक, एएस वर्ल्ड ग्रुप, टेम प्लस एचआर सर्विस, वी फाइव ग्लोबल सर्विस व एसबीआई लाइफ एंश्योरेंस कंपनी ने प्रतिभाग किया। मेले में करीब 180 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें 51 अभ्यर्थियो का प्राइवेट कंपनियों द्वारा प्राथमिक चयन किया गया। इस मौके पर जिला रोजगार सहायता अधिकारी शशि तिवारी, प्रधानाचार्य मंगलम आईटीआई अभिषेक कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

मतदाता धन्यवाद यात्रा में शामिल कांग्रेस व सपा जिलाध्यक्ष और कार्यकर्ता।

कांग्रेस-सपा ने निकाली मतदाता आभार यात्रा

कानपुर देहात। कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में सिकंदरा विधानसभा में मतदाता धन्यवाद आभार यात्रा निकाली गई। इटावा सांसद जितेंद्र दोहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार व सपा जिलाध्यक्ष अरूण यादव ने यात्रा में शामिल होकर महठौली, सिकंदरा, राजपुर, रसधान, मुंगीसापुर, डेरापुर, संदलपुर समेत अन्य स्थानों पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सपा पूर्व जिलाध्यक्ष सपा वीरसेन यादव, पवन कटियार, सगीर अहमद, रोहित कटियार, गुड्डू फौजी, अनिल कटियार, सुरेंद्र कटियार, खुशी प्रसाद कुशवाहा, हिम्मत यादव, राकेश दोहरे, तारिक निजामी, मनोज यादव, देवेंद्र पांडेय, धर्मेंद्र दिवाकर समेत दोनों दलों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

व्यापारी नेताओं ने शपथ ली।

नए पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

कानपुर। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया। मंडल के अध्यक्ष सिद्धार्थ काशीवार पद व गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान कारोबारियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के लिए हर व्यापारी समान है। कार्यक्रम के दौरान सिद्धार्थ काशीवार, महेंद्र शर्मा, दिनेश महाराज, मनोज गुप्ता, कमलजीत सिंह बग्गा, नरेश कठेरिया, अजय प्रकाश तिवारी, राम शंकर वर्मा, सुखदेव सिंह, अनूप गुप्ता, सुमित कुमार सिद्धार्थ, अनूप भादौरिया, गुरु नारायण गुप्ता, सनमदीप सिंह व मयूर जयसवाल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है डाबर पुदीन हरा

कानपुर। आयुर्वेद कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने पुदीना को एक आश्चर्यजनक जड़ी बूटी के रूप में प्रतिष्ठित करने के लिए एक अभियान शुरू किया है। पुदीना एंटीऑक्सिडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स युक्त होता है, जो मानव पेट के लिए चमत्कार कर सकते हैं। फूलबाग स्थित एक होटल में गुरुवार को प्रेसवार्ता में डाबर इंडिया लिमिटेड हेल्थकेयर के विपणन प्रमुख अजय परिहार ने कहा कि डाबर सबसे भरोसेमंद हेल्थकेयर कंपनी के रूप में पारंपरिक आयुर्वेद को उपलब्ध कराने के लक्ष्य को मजबूत करता है। आयुर्वेद सलाहकार डॉ. एसएस गौरी ने कहा कि आयुर्वेद की पांडुलिपियों में आधुनिक समय की बीमारियों का सबसे अच्छा प्रबंधन गहराई से छिपा हुआ है। पुदीना की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तीन हजार साल पुरानी है और इसे वंडर हर्ब के रूप में नामित किया गया है।

जानकारी देते डाबर इंडिया के विपणन प्रमुख अजय परिहार व डॉ. एसएस गौरी।

करंट से चिपककर युवक की मौत

कानपुर। बिठूर थानाक्षेत्र के रुद्रपुर में रहने वाले 28 वर्षीय विमल की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

लोडर की टक्कर से युवक की गई जान

- सिकंदरा कस्बे में हुआ हादसा दो साथी भी गंभीर घायल

सिकंदरा। बुधवार रात कस्बा में तीन लोग बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, तभी सामने से आए तेज रफ्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सीएछसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां देर रात एक युवक की मौत हो गई।

क्षेत्र के मिरगांव निवासी अंकित कटियार उर्फ डिंपल (36) कस्बे के मालवीय नगर निवासी अपने साथी उत्पल कटियार, अभिषेक कुमार कटियार के साथ बाइक से पटेल चौक चौराहे की तरफ आ रहे थे, तभी पीछे से तेज रफ़्तार लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा, जहां ईएमओ ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। देर रात अंकित कटियार की मौत हो गई, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ महेश कुमार ने बताया कि लोडर चालक की तलाश की जा रही। तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

विजय नगर से शास्त्री चौक का सफर और मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विजय नगर साइड पांच जगह पर मेट्रो ने मिट्टी परीक्षण के लिए की खोदाई
- शाम के समय रोड से गुजरना हुआ दुश्वार, ट्रैफिक पुलिस के खाली हाथ

अमृत विचार। विजय नगर से शास्त्री चौक की ओर जा रहे हैं तो जरा सावधान हो जाइये। विकास के 'सफर' में लोगों को जाम की समस्या से 'सफर' करना पड़ रहा है। दादा नगर समानांतर पुल के बाद अब मेट्रो का कार्य शुरू हो गया है, जिससे विजय नगर से शास्त्री चौक की ओर जाने वालों को रोजाना सुबह व शाम के समय भीषण जाम की समस्या से सामना करना पड़ रहा है।

23 सितंबर 2023 को 728.70 मीटर लंबे दादा नगर समानांतर पुल का शिलान्यास किया गया था। करीब 9 महीने से जारी पुल निर्माण के मद्देनजर दादा नगर क्रासिंग आवागमन के लिए बंद कर दी गई है। राहगीरों के गुजरने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। अब विजय नगर साइड सेतु निगम ने खोदाई का काम शुरू कर दिया है।

बीते 15 दिन पूर्व मेट्रो ने भी निर्माण कार्य शुरू कर दिया। विजय नगर से दादा नगर की ओर पांच- स्थानों व शास्त्री चौक रोड पर मेट्रो ने कई जगह मिट्टी के परीक्षण के लिए बेरीकेडिंग लगाकर काम शुरू कर दिया है, जिससे आवागमन का रास्ता और संकरा हो गया है। निर्माण कार्य के चलते सुबह व शाम के समय लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एसीपी सृष्टि सिंह ने बताया कि मेट्रो के निर्माण कार्य की जानकारी नहीं है। मौके का निरीक्षण करा आवागमन की व्यवस्था कराई जाएगी।

दादानगर में मेट्रो ने लगा दी बेरिकेडिंग। अमृत विचार

शेयर बाजार | कानपुर में निवेशकों की संपत्ति लगभग 1000 करोड़ रुपये बढ़ने का अनुमान

दूसरे दिन भी निफ्टी रिकॉर्ड हाई लेवल पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाजार अगले महीने आने वाले बजट पर जमाए है निगाह

अमृत विचार। महंगाई दर में कमी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की सकारात्मक टिप्पणी से शेयर बाजार में गुरुवार को पूरे दिन तेजी का रुख देखने को मिला। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 204.33 अंक की तेजी के साथ 76,810.90 अंक पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 75.95 अंक बढ़कर 23,398.90 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरे दिन भी निफ्टी के लगातार रिकॉर्ड हाई रहने से कानपुर में निवेशकों की संपत्ति लगभग 1000 करोड़ रुपये बढ़ने का अनुमान लगाया जा रहा है।

शेयर बाजार में बूम से बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में पंजीकृत कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़कर पहली बार 431 लाख करोड़ के पार चला गया है। 15 जुलाई के बाद मोदी सरकार का बजट पेश होने की उम्मीद है। ऐसे में बाजार बेसब्री से अगले महीने पेश होने वाले बजट पर निगाह जमाए है। इसके साथ ही जुलाई में कंपनियों की पहली तिमाही के अच्छे रिजल्ट आने की भी उम्मीद है। बकरीद के मौके पर सोमवार 17 जून को शेयर बाजार बंद रहेगा।

आने वाले दिनों में बाजार में उठापटक की संभावनाएं कम

राजीव सिंह

आर्थिक विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार शेयर बाजार का मूड बताने वाले वोलैटिलिटी इंडेक्स (वीआईएक्स) में गिरावट से संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले दिनों में बाजार में तेज उठापटक की संभावनाएं कम हैं। शेयर बाजार में अच्छी बढ़ोतरी का सकारात्मक असर म्यूचुअल फण्ड कारोबार पर होना स्वाभाविक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार पिछले माह मई में कानपुर का म्यूचुअल फण्ड एयूएम (एसेट अंडर मैनेजमेंट) पहली बार 30,000 करोड़ के पार पहुंच गया है। यह सर्वकालिक उच्चतम स्तर है। कानपुर का म्यूचुअल फण्ड एयूएम पिछले दो महीनों (अप्रैल और मई) में 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 में शहर का म्यूचुअल फण्ड एयूएम 8,581 करोड़ रुपये बढ़ा था जो वर्ष 2013-2014 के मुकाबले करीब 6 गुना की बढ़ोतरी थी। एयूएम को पहले 10,000 करोड़ रुपये पहुंचने में जहां करीब 25 साल लगे, वहीं 10,000 से 20,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा छूने में 6 साल का समय लगा, जबकि 20,000 करोड़ से 30,000 करोड़ रुपये होने में सिर्फ 14 महीने का समय ही लगा है। अगर प्रदेशकी बात करें तो मेरठ, गोरखपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़ और झांसी का जितना म्यूचुअल फंड में निवेश है, लगभग उतना अकेले कानपुर का है।

सामान्य नहीं है गंगा नदी और गंगाजल : प्रेमभूषण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। गंगा सामान्य नदी नहीं और गंगाजल सामान्य पानी नहीं है। हमारे सनातन ग्रन्थों के अनुसार गंगा विष्णुपदी और देव नदी हैं। गंगा का जल ब्रह्म द्रव व उनकी महिमा स्वयं प्रभु श्रीराम ने रामचरितमानस में सुनाई है। यह बात मोतीझील पार्क में गंगा समग्र के महोत्सव में प्रेमभूषण महाराज ने कही। कथा के बाद सीता स्वयंवर और राम विवाह हुआ।

प्रेमभूषण महाराज।

श्रीराम कथा गायन के दौरान प्रेमभूषण महाराज ने कहा कि श्रीराम ने मां गंगा की महिमा का गुणगान करते हुए कहा है कि गंगा आनंद और कल्याण की मूल हैं। गंगा तट पर ही मृत्यु के बाद मुक्ति प्राप्त होती है। इस मामले में कानपुरवासी धन्य हैं। आते-जाते मां गंगा का दर्शन पाते हैं। यह अलग बात है कि लोगों को उनके महत्व का पता नहीं है। कई प्रदेश जल की कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन कानपुर में कभी भी जल की कमी नहीं होगी। महाराज ने गंगा की महिमा, धनुष भंग और सीता-राम विवाह प्रसंगों का गायन करने के बाद कहा कि सत्कर्म व परमार्थ को कभी टालना नहीं चाहिए। मुख्य यजमान दीपेश सिंह, गंगा समग्र के प्रांत संयोजक राजेश कुमार, पवन तिवारी एमएलसी सलिल विश्नोई, समाजसेवी डॉ. उमेश पालीवाल, डॉ. अरविंद दीक्षित, किशन मिश्रा, मालती मिश्रा, महेश मिश्रा, आरपी कटियार, मान सिंह चौहान, गणेश शंकर दीक्षित, राजविंदर कौर, मथुरा सिंह, पवन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

400 से अधिक हैंडपंप खराब, पानी के लिए हाहाकार

नगर पालिका के 32 वार्डों में पेयजल सुविधा को लगे हैं 3000 से अधिक हैंडपंप, जिम्मेदार नहीं ले रहे सुधि

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। नगर पालिका परिषद क्षेत्र के निवासी सिर्फ विकास ही नहीं पेयजल की भीषण समस्या से भी जूझ रहे हैं। नगर के 32 वार्डों में पेयजल सुविधा को लगे 3000 से अधिक हैंडपंप में 400 से अधिक खराब पड़े हैं। इसकी विभाग को जानकारी तक नहीं है। विभागीय दस्तावेजों में मात्र 250 हैंडपंप खराब हैं। जबकि शहर में धरातल पर हकीकत कुछ और है। भीषण गर्मी में शहरियों को छह माह से वार्डों में लगे हैंडपंप की मरम्मत करने का इंतजार है।

शहर में अब तक कई वार्डों में पेयजल की सुविधा को लेकर पाइप लाइन नहीं पड़ पाई है। ऐसे में यहां पर हैंडपंप ही पेयजल की सुविधा के लिए इकलौता साधन है। साथ ही नगरवासियों के साथ ही राहगीरों को भी भीषण गर्मी में हैंडपंप

गिरजाबाग रोड किनारे लगा खराब हैंडपंप। अमृत विचार

खराब पड़ा शहर के आईबीपी चौराहा के सामने लगा हैंडपंप।

बोले जिम्मेदार

जेई जलकल विवेक वर्मा ने बताया कि नगर में लगभग 250 से अधिक हैंडपंप खराब पड़े हैं। जिन्हें जल्द ही सही करवाया जायेगा।

नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता मिश्रा ने बताया कि वार्डों में हैंडपंप खराब होने की जानकारी हमें नहीं हैं। अगर ऐसा है तो जलकल विभाग के जेई से इसकी जानकारी कर उन्हें सही करवाया जाएगा।

- **6 माह से लोग वार्डों में लगे हैंडपंपों की मरम्मत का कर रहे हैं इंतजार**

खराब होने से मुसीबतों का सामना करना पड़ता हैं। नगर पालिका के 32 वार्ड में गिरजाबाग, बाबूगंज, शेखपुर, हिरन नगर, मोतीनगर, आवास विकास कालोनी, गांधी नगर व कासिम नगर सहित लगभग 19 नगर वार्डों में पेयजल संकट की समस्या बनी हुई हैं। नगर के 32 वार्डों में 3000 से अधिक हैंडपंप लगे हैं। इसके बाद भी नगर वासियों को भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इसके बाद भी हैंडपंप की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहें हैं। नगर पालिका के लगभग 19 वार्डों में खराब पड़े हैंडपंपों की छह माह से मरम्मत नहीं हो पाई है। इससे भीषण गर्मी में खराब हैंडपंप की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान में करीब 400 हैंडपंप खराब हैं। आवास विकास कालोनी में भी हैंडपंप खराब होने से पानी की समस्या है। यही हाल गिरजाबाग का है। गर्मी में हैंडपंप से पानी की पूर्ति होती है लेकिन हैंडपंप खराब होने से पानी की किल्लत हो रही है। हालांकि, विभागीय आंकड़ों में सिर्फ 250 हैंडपंप के खराब हैं। जबकि धरातल पर स्थिति कुछ और ही बनी हुई है। यही हाल बना रहा तो वार्ड निवासियों को अधिक परेशानी हो जाएगी।

तीन दिन बाद मिला गंगा नदी में डूबी किशोरी का शव, परिजन बेहाल

संवाददाता,फतेहपुर चौरासी उन्नाव

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गंगा नदी में डूबी किशोरी का शव तीन दिन बाद पानी में उतराता मिला। स्टीमर से उसकी तलाश कर रहे परिजनों ने शव बाहर निकाला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बता दें कि थानाक्षेत्र के गांव कटरी गदनपुर आहार के मजरा भिखारीपुर निवासी सियाराम की 12 वर्षीय बेटी सिमरन बीते मंगलवार बड़ी बहन व गांव के साथियों के साथ पशुओं को चराने गई थी। जहां गंगा नदी में साथियों के साथ नहाते समय वह गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गई थी। बड़ी बहन मानसी व अन्य बच्चों ने उसे निकालने की कोशिश करने के साथ परिजनों को सूचना

सिमरन।

- **स्टीमर से तलाश के दौरान 15 किमी दूर उतराता मिला शव**

दी। परिजनों ने ग्रामीणों के साथ गंगा में काफी दूर तक उसकी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं लगा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलवाकर उसकी तलाश कराई और जाल भी डलवाया। मंगलवार देररात तक व बुधवार पूरे दिन चली कवायद के बाद भी किशोरी का कोई पता न लगने से परिजन बेहाल रहे। गुरुवार सुबह स्टीमर से परिजनों ने फिर खोजबीन शुरू की तो करीब 15 किमी दूर गांव चौगंवा के मजरा कल्लू पुरवा के सामने गंगा नदी में सिमरन का क्षतविक्षत शव उतराता मिला। कयास लगाया जा रहा है कि शव का जलीय जीवों के नोचने से यह हाल हुआ। बेटी का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसएचओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पिता की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दिवंगत सिमरन व उसकी बहन मानसी की मां आरती की मौत हो चुकी है। इसके बाद पिता ने दूसरी शादी की है। उससे भी दो बच्चे हैं। सिमरन हरदोई जिले के महानंदी पुरवा गांव निवासी बुआ रमादेवी के यहां रहती थी। स्कूल में छुट्टी होने पर वह पिता व बहन से मिलने आई थी।

एक नजर

विकास कार्य रोकने पर डीएम को लिखा पत्र

नवाबगंज। विकासखंड क्षेत्र के गांव एतबारपुर की प्रधान ममता मिश्रा ने डीएम को लिखे पत्र में बताया कि गांव में 6 स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों को गांव के दबंगों द्वारा रोकने से गांव में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। साथ ही गांव में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। कहा कि उन्होंने कई बार इसे लेकर शिकायत की लेकिन, दंबग काम नहीं होने दे रहे हैं।

घरेलू कलह में महिला ने निगला जहरीला पदार्थ

बांगरमऊ। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव दसगवां निवासी वसीम की 27 वर्षीय पत्नी उजमा ने गुरुवार को घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख पति आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया।

विनिर्माण पर 50, सेवा क्षेत्र के उद्यम पर मिलेगा 20 लाख रुपये का ऋण

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड विनिर्माण व सेवा क्षेत्र का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए बेरोजगार युवा-युवतियों को क्रमशः 50 व 20 लाख रुपये उपलब्ध कराएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येंद्र कुमार के मुताबिक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत सामान्य वर्ग के चयनितों को 10 और आरक्षित वर्ग को पांच फीसदी पूंजी स्वयं वहन करनी होगी, जबकि सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को अनुदान का लाभ भी दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि परियोजना लागत पर शहरी क्षेत्र में सामान्य जाति के पुरूष लाभार्थी को 15 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में 25 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। आरक्षित वर्ग को शहरी क्षेत्र में 25 प्रतिशत धनराशि एवं ग्रामीण क्षेत्र में 35 प्रतिशत अनुदान स्थापित किए जाने वाले उद्यम के लिए दिया जाएगा। योजना के प्रावधानों के तहत ग्रामीण क्षेत्र में उद्यम स्थापित करने वाले लाभार्थियों को पं. दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना के माध्यम से तीन वर्ष तक ब्याज में छूट भी प्राप्त होगी। योजना के लाभ के लिए आवेदन करने वाले बेरोजगार व्यक्ति की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। साथ ही आवेदन के साथ शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के निवासी होने का प्रमाण, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा आठ पास, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र, फोटो, राशन कार्ड या परिवार रजिस्टर की नकल संलग्न करते हुए कोई भी आवेदन कर सकता है। योजना के तहत आनलाईन आवेदन ही मान्य है। खादी आयोग की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन करना चाहिए।

ये आरक्षित वर्ग में शामिल

आरक्षित वर्ग में महिलाएं, अन्य पिछडी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक व दिव्यांगजन शामिल हैं। आरक्षित वर्ग के आवेदकों को पांच फीसदी अंशदान स्वयं व्यय करना होगा। उद्यम स्थापना की शेष परियोजना लागत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

बस पलटी, दर्जन भर यात्री हुए घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माखी थानाक्षेत्र में स्टेयरिंग फेल होने से 20 यात्रियों से भरी बस रोड किनारे पलट गई। इसमें बस सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को नजदीक के अस्पताल भेजा गया। जहां से वे सभी इलाज कराकर गन्तव्य को रवाना हो गए। वहीं फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत एक ई-रिक्शा में डंपर ने टक्कर मार दी। इसमें रिक्शा चालक गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

चकलवंशी। माखी थानाक्षेत्र चकलवंशी-संडीला मार्ग पर रामपुर

केस 01

गांव के सामने संडीला जा रही बस की स्टेयरिंग फेल होने से वह अनियंत्रित हो गई। राहगीरों के अनुसार गनीमत रही कि बस के पास आम का पेड़ था। पेड़ के सहारे बस पलटने से यात्रियों को अधिक चोट नहीं आई। बस में 20 यात्री सवार थे। हादसे के बाद यात्री सामने का शीशा तोड़कर बाहर निकले। मामूली रूप से घायल यात्रियों में मियागंज के रौनक, कमलेश, नौगवा के राकेश, रसूलाबाद के अनवर, रामहंस, हैदराबाद के कल्लू, पप्पू को मामूली चोट आई है। घायलों का पास के अस्पताल में इलाज किया गया। इसके बाद वे सभी अन्य साधन से चले गये। हादसे के बाद चालक मौके से भाग निकला। अम्बहरा के कुछ लोगों ने बस का सामान कब्जे में ले लिया है।

पलटी बस से निकलता यात्री। अमृत विचार

- **डंपर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल**

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के गांव दुगवा निवासी 32 वर्षीय अखिलेश पुत्र रामबाबू कालीमिट्टी-

केस 02

दबौली मार्ग पर ई-रिक्शा चलाकर अपना व परिवार का पालन पोषण करता है। गुरुवार को भी रोज की तरह वह दबौली से सवारियां छोड़कर लौट रहा था। अभी वह कालीमिट्टी-दबौली मार्ग पर गांव सरहा के सामने ही पहुंचा था कि तेज रफ्तार डंपर उसके ई-रिक्शा में टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे अखिलेश घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने परिजनों को सूचना देने के साथ उसे एंबुलेंस से सीएचसी फतेहपुर चौरासी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

20 मेधावियों का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा वर्ष-2024 में हुई हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। डीएम गौरांग राठी ने कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में मेधावियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

डीआईओएस एसपी सिंह ने परंपरा के तहत हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के टाप टेन में शामिल 10-10 छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया। डीएम ने पहले हाई स्कूल के मेधावियों में शामिल अनुष्का देवी, जानवी सिंह, वर्षा वाजपेयी, सुप्रिया शर्मा, दिव्यांशी सिंह, सुभी वाजपेयी, श्रेया शर्मा, जिया चौधरी, श्रेया पटेल व विनीत सोनी और इंटरमीडिएट के शिवांश सविता, आंकाक्षा सिंह, नेहा वर्मा, प्रिया सिंह, शिवांशी मिश्रा, दीक्षा शुक्ला, आदित्य राजपूत, शिवम, अलंकृता शर्मा व स्वतंत्र यादव को प्रशस्ति पत्र व पुस्तकें आदि भेंट करते हुए सम्मानित किया।

उन्होंने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि लगन व परिश्रम से इसी तरह भविष्य में भी सफलता प्राप्त करते रहें। साथ ही अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार जताया। डीएम ने कहा कि शिक्षा जीवन में सफलताएं दिलाती है। इसलिए मेधावियों को यह परंपरा आगे भी कायम रखते हुए अपने परिवार व जिले के साथ प्रदेश का गौरव बढ़ाने का जज्बा बनाए रखना चाहिए। कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी साहस नहीं खोना चाहिए। लगातार प्रयास करते हुए कोई भी मुश्किल लक्ष्य पाया जा सकता है। उन्होंने पुस्तकों को हमेशा साथी बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही स्वयं को आदर्श के तौर स्थापित कर चुके लोगों से प्रेरणा ग्रहण कर उनका अनुशीलन करने की सलाह दी।

इससे पहले डीएम ने मेधावियों से संवाद स्थापित करते हुए भविष्य को लेकर उनके सपने जानने का प्रयास किया। इस पर इंजीनियर, डाक्टर व प्रशासनिक अफसर बनने की ख्वाहिश भले ही अलग-अलग रहीं, लेकिन सभी ने कहा कि वह देश व समाज की सेवा करना चाहते हैं।

इस मौके पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, सहायक आयुक्त श्याम सुंदर पाठक, डीआईओ सतीश कुमार सहित अधिकांश विद्यार्थियों के अविभावक भी मौजूद रहे।

सम्मान समारोह में मौजूद विद्यार्थी व अभिभावकों के साथ डीएम व अन्य अधिकारी।

- **डीएम ने 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे विद्यार्थियों को नवाजा**

महिला ने फंदे से लटक कर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। आसीवन थानांतर्गत रसूलाबाद कस्बा निवासी महिला ने अपनी साड़ी का फंदा बनाकर लटक गई। पशुओं का चारा करने पहुंचे पति ने उसे लटका देख शोर मचाया तो ग्रामीण एकत्र हो गए। मायके वालों ने पति पर मारपीट का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद के मोहल्ला शास्त्रीनगर निवासी मोनी (40) पत्नी मंगलू ने बगल के अपने ही दूसरे घर में बने रसोई घर के दरवाजे में साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। पशुओं को चारा देने पहुंचे पति ने उसे लटके देखा उसके होश उड़ गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव नीचे उतरवाया। इसी दौरान माखी थानाक्षेत्र के रायपुर पावा गांव निवासी भाई दिनेश पुत्र स्व. सरजू अपनी मां सुरजा देई व अन्य परिजनों के साथ पहुंच कर बहन की हत्या किये जाने का बहनोई सहित अन्य ससुरालियों पर आरोप लगाया। रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर हंगामा किया। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। पति ने बताया कि रात में पत्नी बच्चों के साथ सोई थी। वह सुबह चार बजे रोज की तरह उठकर पशुओं को चारा देने बगल के घर में गया जहां पत्नी फंदे से लटक रही थी। वह बीमार चल रही थी। वहीं मां सरजूदेई ने बताया दामाद बेटी मायके नहीं आने देता था उसके साथ मारपीट भी करता था। परिजनों ने बताया उसके दो बेटे अजय (14), विजय (12) व बेटी राधा (9) है। उसकी मौत के बाद से परिजन रो-रोकर बेहाल है।

बिलखती मां व परिजन।

केबल जलने से तीन दर्जन गांवों में पसरा अंधेरा

बिछिया। विद्युत उपकेंद्र बिछिया से संचालित तीन दर्जन गावों की बिजली सोनिक पावर हाउस स्थित 220 केवी के केबिल जलने से गुल हो गई। मरम्मत के बाद करीब 6 घंटे बाद फिर से सप्लाई शुरू हो सकी। बिछिया पावर हाउस से संचालित होने वाले तौरा पड़री खुर्द, जगवा, पड़री कला, नेवरना बडौरा, तारगांव सहित तीन दर्जन गावों की बिजली गुरुवार भोरपहर चली गई। जानकारी करने पता चला कि सोनिक पावर हाउस में 220 केवी के केबिल जल गए हैं। विभागीय कर्मचारी आनन-फानन केबिल की मरम्मत करने जुट गए। उन्हें इस सही करने में 6 घंटे लग गये। इसके बाद करीब एक बजे लाइन चालू हो सकी। वहीं तौरा फीडर ब्रेक डाउन में बना रहा। वहां शाम 4 बजकर 45 मिनट पर सप्लाई चालू हुई। बिछिया जेई जुगराज सिंह ने बताया कि सोनिक पावर हाउस में 220 केवी का केबिल जल गया था। जिससे सप्लाई बाधित हुई थी। उसे सही कराकर सप्लाई चालू करा दी गई है।

सार-संक्षेप

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को सम्मानित करते विमल द्विवेदी व अन्य।

शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने पर अफसर हुए सम्मानित

उन्नाव। नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने अन्य पदाधिकारियों के साथ डीएम व सीडीओ सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से उनके कार्यालयों में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था के महापर्व लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक व निर्विघ्न संपंन कराने को लेकर अधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने एक-एक कर डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से उनके कार्यालयों में मुलाकात की। इस दौरान संस्थापक अध्यक्ष ने अधिकारियों को पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। बाद में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा संसदीय क्षेत्र के 23 लाख से अधिक मतदाताओं को मताधिकार इस्तेमाल करने के लिए व्यवस्थाओं को संचालित करना बड़ा कार्य है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में देश के करीब 65 करोड़ मतदाताओं ने मतदान किया हैं। जिले के 2100 से अधिक बूथों पर मतदान के दौरान कहीं से कोई शिकायत या समस्या न सुनाई देना सराहनीय है। सौहार्दपूर्ण निर्विघ्न चुनाव संपंन होने से से जिले का गौरव बढ़ता है। इसीलिए संस्था ने कुशलता पूर्वक दायित्व निर्वहन करने का निर्णय लिया, जिस पर अमल करते हुए गुरुवार को डीएम-सीडीओ के अलावा एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा को सम्मानित किया गया है। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह, मनीष अवस्थी, अभिषेक तिवारी, राघवेंद्र पांडेय, मनीष मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ल, केतन अवस्थी, विकास सिंह, अखिल मिश्रा व अभी तिवारी आदि मौजूद रहे।

त्योहार की तैयारी बकरीद पर कुर्बानी के लिए बाजार पहुंच रहे बकरे

15 हजार से अधिक में बिक रहे कुर्बानी के बकरे

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। ईद-उल अजहा (बकरीद) पर कुर्बानी के लिए पशु पालक पशु लेकर बाजार पहुंचने लगे हैं। बाजार में बकरों की कीमत भले ही 15 हजार रुपये से शुरू हो रही है। इसके बावजूद बकरा बेचने आ रहे ग्रामीण करीब डेढ़ साल बांधकर खिलाने पर आने वाली लागत निकलना मुश्किल बता रहे हैं।

पैगबंर हजरत इब्राहिम ने इस्लाम (अल्लाह) के लिए अपने बेटों की कुर्बानी दी थी। इसी के बाद से बकरीद पर कुर्बानी देने का सिलसिला जारी है। इसमें बकरों सहित बड़े पशुओं को भी कुर्बान किया जाता है। कुर्बानी के बाद मांस को परिवार सहित अन्य मिलने वालों के बीच बांटा जाता है। बकरीद त्योहार की उल्टी गिनती शुरू होने के साथ ग्रामीण पशुपालक बिक्री के लिए बकरों को लेकर शहर की किला बाजार पहुंचने लगे हैं। बाजार में 15 हजार रुपये से कम पर बकरा नहीं उपलब्ध है। बिक्री करने वाले बकरों की 20-25 रुपये भी कीमत बता रहे हैं। वहीं बकरे पर अल्लाह या 786 लिखावट जैसी आकृति होने पर पशुपालक मुंह मांगी यानी 50-60 हजार रुपये कीमत बताने पर कोई संकोच नहीं करते हैं। हालांकि बाजार के जानकारों ने इस बार अब तक ऐसा कोई बकरा बाजार न पहुंचने की जानकारी देते हैं।

बिक्री के लिए बकरों को लेकर बाजार जा रहे पशुपालक। अमृत विचार

एक वर्ष से अधिक का होना चाहिए बकरा

कुर्बानी के लिए बकरे की उम्र एक साल से अधिक होनी चाहिए। साथ ही दांत भी निकल आने चाहिए। यानी जवान और पूरी तरह से स्वस्थ बकरे को ही कुर्बानी में इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि अधिकतम उम्र की कोई बंदिश नहीं है। जरूरी शर्त यह है कि कुर्बानी में इस्तेमाल होने वाला पशु बीमार नहीं होना चाहिए।

मारपीट कर मकान पर कब्जा, रिपोर्ट हुई दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सर्वोदय नगर मोहल्ले में पारिवारिक विवाद को लेकर जेठ ने अपनी बहू को मारा पीटा। इसके साथ ही उसके मकान पर कब्जा कर लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सर्वोदय नगर निवासी इंद्रा देवी ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उनके जेठ अमर निषाद उनकी पत्नी गुड़िया, बेटा गोलू व ऋषि ने गाली गलौज कर मारा पीटा, जिससे उसे चोटें आई। इतना ही नहीं उसके मकाने के हिस्से में कब्जा कर लिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

कांग्रेस ने जनता को दिया धन्यवाद

कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के जोरदार प्रदर्शन के बाद गुरुवार को पार्टी जिलाध्यक्ष आरती बाजपेयी ने भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्र के बदरका गांव में धन्यवाद व आभार कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में 17 सीटों पर लड़े और छह पर जीते। हमने गठबंधन के रूप में चुनाव में भाग लिया और हमारा गठबंधन प्रदेश की 43 सीटों पर विजयी रहा। गठबंधन की जिले की प्रत्याशी भले ही हार गई हों किंतु उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को कड़ी चुनौती दी है। जो लोग 5 लाख पार का वादा कर रहे थे वे मात्र 37 हजार वोट से ही जीत पाये। इसके लिए गठबंधन को वोट देने वाले मतदाताओं का हार्दिक आभार। कहा कि हमें आगे इस लड़ाई को जारी रखते हुए इस भ्रष्ट सरकार से मुक्ति पानी है। इस दौरान कमल तिवारी, यूसुफ फारुकी, सुयश बाजपई, शंभू शुक्ला, रमाकांत मिश्र, मोहन अवस्थी, रामकुमार, अनुराग सिंह, भईया दीक्षित व चांद बाबू आदि मौजूद रहे।

राजीव नगर में गरजा रेलवे का बुलडोजर, 65 मकान ध्वस्त

आदर्श स्टेशन योजना के तहत स्टेशन का किया जाना है कायाकल्प, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मौजूद रहा भारी फोर्स

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प कराया जाना है। उसी को लेकर राजीव नगर बस्ती की और बाउंड्री बाल बनवाई जाएगी। जिसकी जद में राजीव नगर खंती के कई मकान खड़े हुए हैं। गुरुवार को आरपीएफ इंस्पेक्टर की मौजूदगी में अवैध बने मकान पर रेलवे पर जमकर बुलडोजर गरजा। जिससे कई परिवार बेघर हो गए। आशियाना उजड़ता देख परिवार मौके पर ही फूट-फूट कर रोता रहा।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए राजीव नगर बस्ती की ओर 80 मीटर जमीन अधिग्रहित की जानी थी। जिसको लेकर रेलवे द्वारा राजीव नगर बस्ती में बने अवैध मकानों को नोटिस भी जारी की गई थी कि अपने अतिक्रमण स्वतः हटा ले नहीं तो बलपूर्वक उनके अतिक्रमण हटाए जाएंगे। इसके बावजूद राजीव नगर खंती में रहने वाले लोगों ने अपने अवैध निर्माणों को नहीं हटाया जिस। पर गुरुवार सुबह आरपीएफ इंस्पेक्टर हरीश कुमार आरपीएफ कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद पोकलैंड मशीन से राजीव नगर खंती में बने मकान पर बुलडोजर चलवा दिया। वही रेलवे की कार्रवाई देख आगे बने मकानों में लोग स्वतः अपने मकान तोड़ने लगे और घरों का रखा सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने लगे। सुबह से दोपहर तक करीब 65 मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। अवैध मकानों पर जमकर रेलवे का बुलडोजर गरजा। जिससे कई परिवार बेघर हो गए। तेज धूप में खुले आसमान के नीचे मकान टूटने पर रोते बिलखते रहे। वहीं मासूम बच्चे भी तेज धूप में रोते रहे। इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी नहीं पसीजे और एक के बाद एक कच्चे पक्के मकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। जिससे लोग अपना सामान बटोर कर सुरक्षित स्थानों की ओर चले गये।

राजीव नगर बस्ती में मकान ध्वस्त करता बुलडोजर। अमृत विचार

आशियाना उजड़ने से रोता बिलखता परिवार। अमृत विचार

- बड़ी कार्रवाई होने से धूप में बिलखते रहे बच्चे

बस्ती वालों ने पोकलैंड मशीन चालक को दौड़ाया

तीन दिन पहले पोकलैंड मशीन चलाने वाले चालक बस्ती वालों ने पीटने की नियत से दौड़ा लिया था, जिस पर वह भागकर किसी तरह स्टेशन पहुंचा और अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद रेलवे विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही की।

मकान गिरने से खूब रोये बच्चे

यहां के लोग करीब तीन से चार दशक से रह रहे हैं। अचानक रेलवे ने उनके आशियाने उजाड़ दिये। जिसे देख लोग फूट फूट कर रोते रहे।

बच्चों के आगे भी नहीं पसीजे अधिकारी

कार्यवाही के दौरान बच्चे भूख प्यास से तड़प रहे थे, वहीं उनके परिजन घरों का सामान बटोरने में लगे हुये थे। इसके बावजूद रेलवे के अधिकारी नहीं पसीजे।

ई-रिक्शा से गृहस्थी का सामान ले जाता परिवार। अमृत विचार

दो घरों से लाखों की नकदी व जेवर बटोर ले गए चोर

संवाददाता बिछिया/अजगैन उन्नाव

- अजगैन कोतवाली क्षेत्र में खेतों से तीन इंजन भी खोल ले गए

अमृत विचार। दही थानाक्षेत्र के लहिया गांव में बीती रात दो घरों को निशाना बनाते हुए चोर करीब 15 लाख के जेवर व नगदी ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व फील्ड यूनिट की टीम ने जांच की। वहीं अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवई गांव में चोरों ने खेतों में सिंचाई के लिए लगे तीन इंजन पार कर दिये। पीड़ितों ने शक के आधार पर एक युवक को पकड़कर अजगैन पुलिस के सुपुर्द किया है।

बिछिया। दही थानांतर्गत लहिया गांव में बुधवार रात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए नगदी व जेवर सहित करीब 15 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। गृहस्वामी सुरेश ने बताया कि वह अपना ट्रक चलाता है। बुधवार को वह घर पर ही था। पत्नी रानी देवी व मां मालती खाना खाकर छत में सोने चली गई। तभी घर के पीछे की दीवार फांदकर छत पर पहुंचे चोर जीने के रास्ते कमरे में घुसे और रखी आलमारी का ताला तोड़कर ढाई लाख नगद और सोने-चांदी के जेवर उठा ले गए। वहीं चोरों ने यहां से 20 मीटर दूर रहने वाले रामनरेश सिंह के घर को भी निशाना बनाया। रामनरेश ने बताया कि वह कानपुर में एक दुकान में काम करते हैं। बुधवार रात काम से लौटने के बाद वे परिवार सहित छत पर सोने चले गए। तभी पीछे लगे नीम के पेड़ के सहारे छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोर 30 हजार नगद व सात लाख के जेवर उठा ले गए। सुबह पत्नी सरला की नींद खुली तो वह पानी पीने के लिए नीचे गई तो सामान बिखरा देख उसके होश उड़ गए। पति व बेटा दीपक भी नीचे पहुंचे पुलिस और पुलिस को सूचना दी। दो घरों में चोरी की सूचना पर एसओ दही अनुराग सिंह पहुंचे और डाग स्क्वाड व एसओजी टीम को भी बुलाया गया। दही एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि जांच की गई है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवई गांव निवासी ओम प्रकाश चौरसिया पुत्र गुरु चरण का खेत गांव के बाहर है। खेत में पान की भीठ बनाकर फसलों की सिंचाई करने के लिए इंजन रखे हुए थे। चोरों ने खेत मे घुसकर इंजन उठा ले गए। चोरों ने पास के ही खेतो में रखे आगा खेड़ा गांव निवासी दिनेश पुत्र बाबूलाल व पप्पू पुत्र केशन का भी इंजन उठा ले गए।

तीन मंजिल से कूदा युवक, मौत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर निवासी एक युवक का पत्नी से विवाद से विवाद हो गया। जिस पर वह आजाद नगर नई बस्ती निवासी बहन ने घर चला गया। जहां उसने सुबह तीन मंजिला से छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गंगा घाट कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे जहां आला अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके बाद फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र कर शव को पीएम के लिए भेजा गया है।

मूल रूप से कानपुर ईदगाह निवासी बालकिशन का 25 वर्षीय बेटा गौरी शंकर अपनी पत्नी मौसमी और 5 साल के बेटे प्रिंस के साथ गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आदर्श नगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहता था। उसका पत्नी से विवाद हो गया। जिसकी जानकारी आजाद नगर नई बस्ती निवासी बहन पूनम और बहनोई रामशंकर को हुई। जिस पर गौरीशंकर को अपने घर बुला लिया। जहां सुबह लगभग साढ़े पांच बजे गौरी शंकर ने तीन मंजिला छत से बगल में खाली पड़े प्लाट में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने परिजनों से पूछताछ की। जिसके बाद आला अधिकारियों को अवगत कराया।

गौरीशंकर।

फांसी लगाने का भी कर चुका है प्रयास

गौरीशंकर और पत्नी मौसमी के बीच अक्सर झगड़ा होता था, जिससे वह काफी परेशान रहता था। बहन पूनम ने बताया कि गौरीशंकर ने कई बार फांसी लगाने का प्रयास भी कर चुका है।

झगड़े के बाद पत्नी चली गई थी मायके

गौरीशंकर से विवाद होने के बाद पत्नी मौसमी लखनऊ मदेरन चौकी स्थित अपने मायके चली गई। पति की मौत की सूचना पर दोपहर करीब दो बजे पहुंची। जहां शव देख वह बेसुध हो गई।

नोटिस को लोगों ने समझा हवाहवाई, अब टूटे मकान

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

अमृत विचार। राजीव नगर बस्ती भले ही तीन से चार दशक पुरानी है लेकिन रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से लोगों ने अपने आशियाने बना रखे हैं। कब्जा करने के समय रेलवे विभाग ने किसी को रोका नहीं था। जिससे लोगों ने कच्चे पक्के मकान बनाते चले गए। रेलवे ने कई बार अवैध मकानों को हटाने के लिये नोटिसें भी दी लेकिन किसी ने अपने कब्जे नहीं हटाये। इधर अप्रैल के अंतिम सप्ताह में रेलवे ने नोटिस दी थी लेकिन बस्ती वालों ने पूर्व की तरह समझा और अपने अतिक्रमण नहीं हटवाये। गुरुवार को रेलवे ने अवैध बस्ती पर बुलडोजर चलवा दिया।

बता दें कि वर्ष 2018 के मार्च माह में आम्रपॉली ट्रेन को डिरेल करने की साजिश रची गई थी। उस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुये रेलवे ने 27 मार्च 2018 को बस्ती में नोटिसें चस्पा की थी लेकिन रेलवे की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके बाद कानपुर लखनऊ दो रेल ट्रैक की जगह चार रेल ट्रैक बनाए जाने के लिये रेलवे ने 2 जुलाई 2019 को बस्ती में नोटिसें जारी हुई। वह नोटिस भी हवा हवाई हो गई। जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर ट्रैक के किनारे बस्ती हटाने को लेकर 2020 सितंबर माह में बस्ती में नोटिस चस्पा की गई थी, फिर भी बस्ती को नहीं हटाया गया। इधर आदर्श स्टेशन योजना के तहत रेलवे की कायाकल्प कराया जा रहा है। जिस पर एनआर के सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य लाइन ने 26 अप्रैल को बस्ती में नोटिस जारी कर अपने झुग्गी झोपड़ी को हटाने के लिये 3 मई तक के निर्देश दिये थे लेकिन किसी ने अपने आशियाने नहीं हटाये। जिस पर गुरुवार को रेलवे ने कार्यवाही करते हुये आधा सैकड़ा से अधिक कच्चे पक्के मकानों को ध्वस्त कर दिया। जिससे सैकड़ों परिवार बेघर हो गये हैं।

घरों के बाहर रखी गृहस्थी, लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- पूर्व में भी कई बार बस्ती को ध्वस्त करने की मिल चुकी है नोटिस

स्टेशन के इर्द-गिर्द है कई बीघा रेलवे की जमीन

विभागीय सूत्र बताते हैं कि पुराने पुल चौराहा, राजीव नगर खंती व चंपापुरवा के मुख्य मार्ग की पूरी पट्टी रेलवे की जमीन में बसी है। यह जमीन कई बीघे बताई जा रही है। अधिकांश जमीन पर अवैध कब्जे हैं।

पालिका ने बस्ती में बिजली पानी, सड़क की व्यवस्था की

राजीव नगर खंती अवैध होने के बावजूद पालिका की ओर से राजीव नगर बस्ती में बिजली के लिये खंभे, चमचमाती इंटरलॉकिंग, पानी की व्यवस्था कराई गई थी। करोड़ों के विकास कार्य भी हुये हैं। इतना ही नहीं बस्ती में रहने वाले लोगों का राशन कार्ड से लेकर मतदाता कार्ड तक बना हुआ है।

जेल का निरीक्षण कर निकलते कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान व अन्य।

कारागार मंत्रियों ने जेल का लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने राज्य मंत्री सुरेश राही के साथ गुरुवार दोपहर जिला जेल का निरीक्षण किया। उन्हें जेल में सभी व्यवस्थाएं दुरस्त मिलीं। बंदियों के लिए लाइब्रेरी का उद्घाटन करने की साथ ही मंत्रियों ने पौधरोपण भी किया। दोपहर करीब दो बजे कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान राज्यमंत्री सुरेश साही के साथ जिला जेल पहुंचे। जेल में बंदियों के लिये बने अस्पताल, महिला व पुरुष बैरकों के अलावा भोजशाला व गोशाला का निरीक्षण किया। उच्च सुरक्षा बैरक सहित मंत्रियों ने सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डिवाइडर पर चढ़ी कार बाल-बाल बचे राहगीर

शुक्लागंज उन्नाव। फोरलेन स्थित सब्जी मंडी के पास बुधवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। इस दौरान वहां से गुजर रहे कई राहगीर उसकी चपेट में आते बचे।

बुधवार रात करीब पौने ग्यारह बजे उन्नाव से कानपुर की ओर जा रही एक कार फोरलेन स्थित सब्जी मंडी के पास अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल से टकरा गई। दुर्घटना के दौरान फोरलेन से गुजर रहे गई लोग उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बच गये। वहीं आस पास के लोग दौड़े और कार चालक को बाहर निकाला।

जिले में रोपे जाएंगे 57 लाख पौधे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी ने विकास भवन सभागार में वृक्षारोपण समिति की बैठक कर चालू वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के साथ लगाए जाने वाले पौधों को संरक्षण देने का दायित्व भी पूरा किया जाना चाहिए।

डीएम ने विभिन्न विभागों को पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर पौधे उपलब्ध कराने को कहा। सभी विभागाध्यक्षों को समय पर पौधे प्राप्त करना चाहिए। इससे पहले लक्ष्य के सापेक्ष तैयारियों के क्रम में गड्ढ़े खुदवाकर सुरक्षा के लिए ट्रीगार्ड या बाड़ लगवानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी अधिकारियों से इस संबंध में फीडबैक लेते हुए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित कराना चाहिए, क्योंकि केवल पौधरोपण करने मात्र से नतीजा नहीं प्राप्त होना है। डीएम ने कहा कि सभी विभागों को पौधरोपण के लिए छोटे-छोटे पैच का चयन करते हुए शासन से प्राप्त निर्देशों के तहत विविध वन स्थापित कराने चाहिए।

जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में पौधरोपण की रूपरेखा तय करते डीएम।

सार-संक्षेप

ट्रांसफार्मर फुंकने से अंबिकापुरम और पोनी रोड की बिजली गुल

शुक्लागंज, उन्नाव। बुधवार रात लगभग 10 बजे अंबिका पुरम मोहल्ले में 250 केवीए ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण फुंक गया। जिस कारण क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। रात करीब बारह बजे मरम्मत होने के बाद आपूर्ति चालू हो सकी। कुछ ही देर बाद एबीसी केबिल जल गई। जिसकी जानकारी विभाग को दी गई। जिस पर आपूर्ति बंद करने के बाद आग बुझाई गई। रात तीन बजे मरम्मत के बाद क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। वहीं गुरुवार शाम लगभग 5 बजे 630 केवीए ट्रांसफार्मर फुंक गया, जिससे 600 से अधिक घरों की आपूर्ति बंद हो गई। क्षेत्रीय लोगों की जानकारी पर कर्मचारी फाल्ट ठीक करने पहुंचे लेकिन सही नहीं हो सकी। इसके बाद नया ट्रांसफार्मर मंगवा कर रात लगभग 12 बजे सप्लाई चालू होने की बात बिजली कर्मियों ने कही है।

राम ने तोड़ा धनुष, सीता ने डाली वरमाला

उन्नाव। तौरा गांव स्थित श्री बजरंग धाम मंदिर मेले दो दिवसीय 10 वां रामलीला का आयोजन जिसमें बुधवार की रात रामलीला का कलाकरों ने मंचन किया। रामलीला में रावण वाणासुर , राम रावण संवाद, परशुराम लक्ष्मण संवाद हुआ। जिसमें धनुष यज्ञ की लीला के मंचन में सीता स्वयंवर के समय दूर दूर से आए बड़े-बड़े सूरमा राजा जब शिव जी का विशाल धनुष नहीं तोड़ पाए तो राजा जनक क्रोध में आकर विलाप करने लगते है। लगता है वीरो से धरती खाली हो गई हैं। यह सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो जाते है, भगवान श्रीराम ने विश्वामित्र की आज्ञा पाकर धनुष भंग कर देते है। इस मौके पर सतीश पाण्डेय, भव्य शंकर अवस्थी, कैलाश मिश्रा, विश्वनाथ मिश्र, राम जी शुक्ल, विनोद बाजपेयी, शशांक मिश्रा, बच्चन तिवारी अमित मिश्रा व नरेंद्र दीक्षित सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान सहाय में किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण

बांगरमऊ उन्नाव। क्षेत्र के गांव रसूलपुर रूरी स्थित श्री विशम्भर दयालु त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय का कृषि विज्ञान संकाय पूर्णतया सक्रिय हो चुका है। प्राचार्य डा. दुबे ने बताया कि महाविद्यालय हर संभव कोशिश कर रहा है, कि यहाँ के युवा शिक्षा के साथ-साथ रोजगार परक प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बने। कृषि विज्ञान संकाय का संचालन होने से किसानों को निश्चित रूप से लाभ होगा। मधुमक्खी पालन, पशुपालन, मत्स्य पालन व विभिन्न फसलों के माध्यम से अच्छा उत्पादन कराने में पूर्ण सहयोग किया जायेगा।

खसरे का तीसरा संभावित मरीज मिला

शुक्लागंज, उन्नाव। गुरुवार को मरीज मिलने पर डब्ल्यूएचओ की टीम पीएचसी पहुंची। जहां खसरे के संभावित मरीजों के नमूने लिये गये। जिन्हें जांच को लखनऊ केजीएमयू भेजा गया है। मंगलवार को ओपीडी के दौरान पोनी रोड प्रेम नगर निवासी संजय गौतम की पत्नी अपनी डेढ़ साल की बेटी त्रिशिका के शरीर में लाल दाने दिखे। जिस पर उन्होंने संभावित खसरे का मरीज होना बताया गया था। इसी तरह गुरुवार को चंपापुरवा निवासी सुमित सिंह के तीन वर्षीय बेटे लक्ष्य को कानपुर केपीएम में दिखाया गया। जहां डॉक्टरों ने खसरा के लक्षण देखे गये। सीएमओ सत्य प्रकाश ने संज्ञान में लिया। डब्ल्यूएचओ के अभिषेक शुक्ला ने एलटी अमित कुशवाहा से बच्चे के खून के सैंपल लिये। जिसे जांच के लिये लखनऊ केजीएमयू भेजा गया है। एक सप्ताह से दस दिन के भीतर इसकी रिपोर्ट आयेगी।

साइबर ठगों ने उड़ाई लाखों की नकदी

गंजमुरादाबाद उन्नाव। गंजमुरादाबाद ब्लाक के ग्राम प्रधानों और ब्लाक कर्मियों का सोशल मीडिया ग्रुप पर सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए एक ग्रुप बना है। साइबर ठगों ने इस ग्रुप में जुड़े एक प्रधान का मोबाइल नंबर हैक कर लिया और उससे ग्रुप पर एक लिंक शेयर उसे डाउनलोड करने का संदेश भेजा। लिंक को डाउनलोड करने पर ग्राम सभा ब्योली इस्लामाबाद के प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह के मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आई और इसी दौरान एक बार में एक लाख तथा दूसरी बार में 50 हजार रुपये उनके खाते से निकल गए। ब्लाक कार्यालय में संविदा पर तैनात कंप्यूटर आपरेटर विवेक कुमार के खाते से भी 91 हजार की नगदी ठगों ने पार कर दी।

शांति समिति की बैठक | डीएम ने कहा खुले में कहीं नहीं होनी चाहिए कुर्बानी, निर्बाध बनाए रखी जाए बिजली और पानी की आपूर्ति

सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं कुर्बानी का त्योहार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। डीएम गौरांग राठी ने कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) सौहार्दपूर्वक व शांतिपूर्ण संपंन कराने के लिए विकास भवन सभागार में विभिन्न धर्मगुरुओं, संस्थाओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की। उन्होंने इस दौरान लोगों से सुझाव लेते हुए मातहतों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि त्योहार भाईचारे की भावना से मनाया जाना चाहिए।

डीएम ने निकायों के अधिशासी अधिकारियों को चली आ रही परंपरा के तहत कुर्बानी कराने वाले स्थानों पर साफ-सफाई सहित अन्य बंदोबस्त करने के निर्देश दिए। कुर्बानी खुले स्थानों पर कतई नहीं होनी चाहिए। साथ ही विद्युत, निकायों व जल निगम अधिकारियों को निर्बाध आपूर्ति व पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की ईदगाहों के आसपास पहले से ही अभियान चलाकर साफ-सफाई करा ली जाए, जिससे नमाजियों को असुविधा न हो। डीएम ने अधिकारियों को कुर्बानी के दौरान अपशिष्ट प्रबंधन के समुचित इंतजाम कराने को कहा। कूड़ा गाड़ी के पीछे एक अन्य वाहन रहना चाहिए, जिससे कूड़ा गाड़ी से गिरने वाला अपशिष्ट उठाकर निर्धारित स्थान तक पहुंचाया जा सके।

सभी एसडीएम को सौहार्दपूर्ण वातावरण बकरीद संपंन कराने की हिदायद भी दी। सोशल मीडिया पर नजर बनाए रखते हुए किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाने या अफवाह फैलाने वाली फोटो, वीडीओ या लिखी हुई सामग्री साझा करने वालों से सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहार संयम, मानवीयता, संवेदनशीलता, शालीनता, प्रेम व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाए जाने की परंपरा रही है। सभी को बुजुर्गों की परंपरा के तहत गंगा-जमुनवी तहजीब के तहत बकरीद मनानी चाहिए।

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने सभी सीओ को त्योहार के मद्देनजर गश्त कर क्षेत्र में सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भावना को क्षति पहुंचाने वाले अराजकतत्वों पर नजर बनी रहनी चाहिए। बैठक में सीडीओ प्रेमप्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु गुप्ता, एडीएम(वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सभी एसडीएम सहित सामाजिक व धार्मिक लोग शामिल थे।

थाने में आयोजित पीस कमेटी की बैठक। अमृत विचार

औरास थाना में हुई पीस कमेटी की बैठक

औरास। थाने में आगामी बकरीद को लेकर दरोगा राममोहन व विनोद कुमार ने विभिन्न धर्म गुरुओं के साथ बैठक कर त्योहार को शांतिपूर्ण मनाने के सम्बंध में सख्त दिया निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले में नमाज न पढ़ें और न ही किसी को पढ़ने दें। नमाज बाउंड्री के अंदर पढ़ें, कुर्बानी खुले में न दें, कुर्बानी देने के बाद अवशेषों को जमीन ने दफन कर दें। ताकि अवशेष कुत्ते व अन्य जानवर इधर-उधर न डालें। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रधान सुड्डू सिंह, प्रधान शंकर लाल, साकिर अली, विजय सिंह, परसहारा प्रधान कमल सिंह, प्रधान पति सतीपाल आदि मौजूद रहे।

- डीएम ने साफ-सफाई करवाने के दिए निर्देश

घर व बांस कोठी में लगी आग, पेड़ व गृहस्थी जली

फतेहपुर चौरासी। थानाक्षेत्र के सरहा गांव में गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे अचानक बांस की कोठी में एचटी लाइन छू गई। जिससे आसपास के पेड़ों में आग लग गई। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। काफी देर तक फायर ब्रिगेड न आने पर सभी ने निजी संसाधनों से आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से कई पेड़ जल गए। गनीमत रहीं कि अन्य कोई बड़ी घटना नहीं हुई। वहीं, दूसरी घटना में क्षेत्र के अटिया कबूलपुर गांव के मजरा अटिया निवासी रामनरेश के घर में शार्टसर्किट से आग लग गई। जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक तीन छप्पर, चार कुंतल गेंहू व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। तहसीलदार साक्षी राय ने बताया कि लेखपाल को मौके पर भेजकर नुकसान का आंकलन कराया जाएगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं ,उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो ,प्रजा उसका परित्याग कर देती है।

संपादकीय

राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

संविधान की धारा 51 ए -एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए,उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत है: "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है,उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं,बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में,बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा,मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से ? पता नहीं।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है,वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर,काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैं: नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था,न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित,स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ॥3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ,अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी,वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥ 5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥ 6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है,यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है,यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥ 7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं,जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा,छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था,जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

प्रसंगवश

बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए।

स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं,लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं,जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो,औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार,जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा,यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है,जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है,सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु,जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही,लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता है। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी,दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी,न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है,लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है,जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

सोशल फोरम

पूरा तंत्र ही बदलना होगा

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से,मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों को धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है,उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है,अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा,जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता,क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है,वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस मार्क्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा,किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमिताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं,जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं,उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमिताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

देर आए दुरुस्त आए

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा,बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी,नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा,लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी,जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के.पी. टी. सी. एल. व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है,बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

अनुमति 10 की खोद रहे 30 फीट अवैध मौरंग, खनन की रिपोर्ट दर्ज

ग्रामीणों की शिकायत पर डीएम ने करवाई जांच, शिकायत सही होने पर हुई कार्रवाई

कार्यलय संवाददाता उरई

अमृत विचार। बेतवा नदी में अवैध खनन की शिकायत पर डीएम ने जांच करवाई तो शिकायत सही पाए जाने पर राजस्थान की एक फर्म के खिलाफ अवैध खनन की एफआईआर दर्ज की गई है। खनिज निरीक्षक ने थाना कदौंरा क्षेत्र के बड़ागांव मौरंग खदान में फर्म के संचालकों द्वारा अवैध खनन करते हुए एक मामला पकड़ा तथा फर्म के निदेशक के खिलाफ अवैध खनन का मामला दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार थाना कदौरा क्षेत्र के बड़ा गांव मौरंग खनन का पट्टा राजस्थान 203 जी उद्यान गंगा नगर की मेसर्स महादेव झल्ले प्रालि. के नाम आवंटित किया गया था। मगर बड़ा गांव तथा भेंडी गांव के ग्रामीणों द्वारा उक्त फर्म पर के द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक क्षेत्र में तथा पोकलैंड मशीनों से नदी में 30 फीट गहराई से अवैध मौरंग खनन करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को शिकायती पत्र दिया गया। इसमें कहा गया था कि नदी में 30 फीट गहरे गड्ढे हो जाने से बेतवा नदी के किनारे बसे कई गांवों का जल स्तर बेहद नीचे चला गया है। इसी कारण से बड़ागांव , भेडी समेत कई गांवों के ग्रामीण भीषण गर्मी के चलते पानी के संकट से जूझ रहे हैं इतना ही नहीं सामान्य स्थित में नदी किनारे बसे ग्रामीणों को नदी में कहा कम गहराई है और कहा ज्यादा, इसी को ध्यान में रखकर ग्रामीण कम गहराई वाली जगह से निकल कर नदी के इस पार से उस पार आते जाते हैं, मगर मौरंग खनन करने वाले संचालकों द्वारा 30-30 फीट के गहरे गड्ढे कर दिए गए है, जिसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है, जिससे ग्रामीणों को गहरे गड्ढों में डूब जाने का खतरा बना रहता है। इससे ग्रामीणों का एक से दूसरे गांवों में आना जाना बंद हो गया। ग्रामीणों की शिकायत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए खनिज अधिकारी को जांच सौंपी , जिस पर गुरुवार को खनिज निरीक्षक आनंद कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया और शिकायती पत्र में इंगित आरोप सही पाए गए। जिस पर खनिज निरीक्षक आनंद कुमार ने थाना कदौंरा में फर्म के निदेशक राघव चांडक पुत्र अशोक चांडक निवासी 203 जी उद्यान गंगा नगर राजस्थान के नाम धारा 379 के तहत अवैध मौरंग खनन करने तथा परिवहन करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

बेतवा नदी पर होता खनन।

- राजस्थान के गंगानगर की है खनन करने वाली फर्म

मौरंग खनन के ये हैं नियम

- खनन की नियमावली के अनुसार खनन पट्टा धारक द्वारा नदी की जलधारा को छोड़ कर नदी के किनारे अधिकतम 3 मीटर गहराई (लगभग 10 फीट) तक खनन करने का प्रावधान है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण शर्त यह भी जोड़ी गई है, कि खनन कार्य करते हुए मौरंग की खुदाई उतनी ही गहराई तक की जा सकती है जब तक पानी नहीं निकले,जानकारों का मानना है कि नदी किनारे खुदाई करने पर महज तीन फीट गहराई में ही पानी निकल आता है, इस तरह से जालौन में खनन पट्टा धारक नियमों की अनदेखी कर 30 फीट गहराई से मशीनों से मौरंग खोद रहे हैं।

लू की चपेट में आने से ट्रक चालक की मौत

महोबा। गुरुवार को कस्बा कबरई ने पीएनसी प्लांट के सामने सड़क किनारे एक ट्रक चालक भीषण गर्मी के कारण बेहोश हो गया, बाद में उसकी मौत हो गई।

जिले में गर्मी और लू के थपेड़े कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं, जिसके चलते गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं के बीच जिला प्रशासन की एडवाइजरी जारी होने के बाद भी बच्चों का पेट पालने के लिए तेज धूप से घरों से निकलकर कोई मजदूरी करने जा रहा तो कोई ट्रक व बस चला रहा है। एक तरफ आसमान से बरस रही आग और दूसरी तरफ ट्रक चलाते समय इंजन की गर्मी एक चालक सहन नहीं कर सका और उसकी वाहन में ही गर्मी में चपेट मे आने से मौत हो गई। प्रतापगढ़ के ग्राम कुर्रही निवासी दीपक सिंह पुत्र दुर्गा प्रसाद सिंह गुरुवार को ट्रक लेकर पत्थर मंडी कबरई के उटियां गांव में गिट्टी लेने जा रहा था। पीएनसी प्लाट के पास पहुंचते ही अचानक गर्मी के चलते वह प्लांट के सामने सड़क पर ट्रक में ही बेहोश हो गया और उसकी मौत हो गई।

ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंदा

संवाददाता गाजीपुर

अमृत विचार। गाजीपुर थाना क्षेत्र के खनसेनपुर में नौटंकी देखकर रात को बाइक पर सवार तीन लोग ढाबे में खाना खाने जा रहे थे। तभी ओवरलोड मौरंग ट्रैक्टर तीनों को कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के खनसेनपुर निवासी बब्लू प्रजापति के बेटे के मुंडन संस्कार में नौटंकी का प्रोग्राम देख कर बाइक से खनसेनपुर निवासी रिंकू पुत्र घनश्याम रैदास, रिश्तेदार बवारा निवासी अरविन्द पुत्र स्व. विमल और रिंकू का चचेरा भाई सूरज पुत्र चुन्नी लाल खाना खाने के लिए ढाबा जाने के लिए निकले थे। तभी वह इन्द्रोपुल के पास ही पहुंचे थे कि तभी मोरंग से लोड तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर बाइक सवारों को रौंदते हुए खंती में जा घुसा। हादसे की जानकारी पर लोग पहुंचे लेकिन तब तक रिंकू और अरविन्द की मौत हो चुकी थी।

वहीं हादसे में सूरज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी पर पहुंची एंबुलेंस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने हालत गंभीर देख उसे कानपुर के लिए रिफर कर दिया। वहीं पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया।

- दो लोगों की मौत, एक की हालत गंभीर, इन्द्रोपुल मोड़ के पास हुई मार्ग दुर्घटना

कूलर में उतरे करंट से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। विकासखंड जैतपुर के ग्राम कैथोरा में घरेलू कार्य करते समय कूलर में करंट उतर आने से एक महिला की चिपकर मौत हो गई। गांव की दुकान से सामान लेकर घर वापस आए भाई और बहन ने मां को कूलर से चिपका देखा तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में उसने किसी तरह कूलर का तार बोर्ड से अलग किया और सीएचसी ले गया, जहां पर डाक्टरों ने महिला का चेकअप कर उसे मृत घोषित कर दिया। मां की मौत के बाद परिजनों रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव का पास्मार्टम करने के लिए पंचनामा भरना चाहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम करवाने से मना कर दिया, जिस पर पुलिस ने ग्राम प्रधान और अन्य ग्रामीणों से मृतका का पोस्टमार्टम न किए जाने के बाबत एप्लीकेशन पर हस्ताक्षर करवाकर चले गए। कैथोरा निवासी पुष्पादेवी (40) प्रतिदिन की तरह घर का काम कर रही थी, तभी काम करते अचानक चलते कूलर के पास पहुंच गई, जिससे वह करंट की चपेट मे आकर कूलर में चिप गई। थोड़ी देर बाद पुत्र और पुत्री के आने पर मां को कूलर से चिपका देख उसने कूलर के तार को बोर्ड से अलग किया और ग्रामीणों की मदद से उसे सीएचसी ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

- परिजनों के लिखित आग्रह पर पुलिस ने नहीं कराया शव का पोस्टमार्टम

खिलाड़ी ज्योति कठेरिया ने देश में फहराया जिले का परचम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मन में अगर कुछ कर गुजरने की ख्वाहिश हो तो तमाम अड़चने भी छोटी हो जाती हैं। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है मजदूर की बेटी ज्योति कठेरिया ने। एथलेटिक्स में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतने वाली ज्योति कठेरिया को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। इस कामयाबी पर उनके घर लोग बधाई देने पहुंच रहे हैं।

फतेहगढ़ के मोहल्ला जाफरी निवासी ठेली चालक चरन सिंह की बेटी ज्योति कठेरिया की रूचि शुरू से ही एथलेटिक्स में रही। आर्थिक संकट भी उनके सामने आया, मगर उन्होंने हार नहीं मानी। कड़ी मेहनत और अभ्यास से ज्योति कठेरिया राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतीं। बीते दिन ज्योति कठेरिया को उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स टीम का मुख्य कोच चुन लिया गया। जैसे ही उन्हें यह खबर मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अमृत विचार को मोबाइल पर ज्योति कठेरिया ने बताया कि वह कामयाबी का श्रेय अपने पापा व मां को देती हैं। उन्होंने बताया कि 19वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता विलासपुर (छत्तीसगढ़) में 15 से 17 जून तक होगी। 13 जून को वह यूपी एथलेटिक्स टीम के साथ प्रयागराज से विलासपुर रवाना होंगी। उनके दो भाई दीपक और भरत कुमार हॉकी खिलाड़ी हैं। उनका सपना ओलंपिक खेल में देश के लिए मेडल जीतने का है।

ज्योति कठेरिया

- राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर जीत चुकी हैं कई मेडल

सपा नेता जग्गू यादव गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। सपा नेता देवेंद्र उर्फ जग्गू यादव को पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। उसके भाई को गैंगस्टर में गैंग का सदस्य बनाया गया है। वह योगेंद्र उर्फ चन्नू यादव फरार हैं । आरोपित के ऊपर छात्र नेता अखंड प्रताप सिंह की हत्या व सहित जनपद के थानों में कई गंभीर मामलों में मुकदमें पूर्व में भी दर्ज है।वह एक सपा नेता का काफी करीबी माना जाता रहा है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के लोको रोड रेलवे कालोनी निवासी देवेन्द्र यादव उर्फ जग्गू सपा का पूर्व जिला उपाध्यक्ष रहा है। जग्गू व उसके भाई सपा नेता योगेंद्र यादव उर्फ चन्नू यादव को पूर्व में जिला प्रशासन ने वर्ष 2017 व 2021 में जिला बदर किया था। और वर्ष 2000 में छात्र नेता अखंड प्रताप सिंह की बद्री विशाल कॉलेज में गोली मारकर कर हत्या कर दी थी। भूमाफिया भी घोषित किया जा चुका है।

जग्गू यादव का चिकित्सीय परीक्षण कराती पुलिस। अमृत विचार

कोतवाली फतेहगढ़ में 12 जून की रात गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज कोतवाल हरिश्याम सिंह ने दर्ज कराया।जिसमें उसके भाई को गैंग का सदस्य बनाया गया है। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपित की तलाश में पुलिस जुट गई थी।आरोपित जग्गू यादव को उसके घर के बाहर से ही पुलिस ने गुरुवार को दबोच लिया। कर्नलगंज चौकी इंचार्ज नरसिंह फोर्स के साथ आरोपित को जिला अस्पताल लोहिया लेकर आए, ईएमओ डॉ वैभव यादव का मेडिकल परीक्षण किया। उसी दौरान लोहिया अस्पताल में आरोपित के गुर्गे कई लग्जरी गाड़ियों से मौजूद नजर आए। हालांकि पुलिस का कड़ा पहरा होने से आरोपित के आसपास नहीं फटक पाए।

- गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया गिरफ्तार

सन 2000 में दर्ज हुआ था पहला मुकदमा

शहर के बद्री विशाल डिग्री कॉलेज से छात्र राजनीति शुरू करने वाले देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव पर पहला मुकदमा सन 2000 में दर्ज हुआ। सन 2000 में बद्री विशाल डिग्री कॉलेज के प्रेसिडेंट के चुनाव में अखंड प्रताप सिंह विजय हुए। इसके बाद उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसमें देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू यादव सहित कई नामजद रहे। इस हत्या के मुकदमे के बाद देवेंद्र सिंह उर्फ जग्गू पर मुकदमों की छड़ी लग गई और वह कुछ ही सालों में जरायम की दुनिया का बड़ा नामचीन व्यक्ति बन गया। आरोपित पर फतेहगढ़ कोतवाली में 15 मुकदमा और फर्रुखाबाद कोतवाली में दो और अमृतपुर व मोहम्दाबाद में एक एक मुकदमा दर्ज है।

दो नशा तस्करों को पांच पांच साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आलोक कुमार श्रीवास्तव ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने के दो साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें पांच-पांच साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उन पर पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता योगेंद्र सिहं परिहार ने बताया कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस ने गस्त के दौरान मनोज कुमार पुत्र गोरे लाल निवासी तुलसी नगर तीन किलो सौ ग्राम व आर्यन यादव पुत्र देवी सिंह निवासी यदुवंश नगर नई मंडी को तीन किलो तीन सौ ग्राम गांजा के साथ 14 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया था। छानबीन के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए थे।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने मनोज कुमार व आर्यन यादव को दोषी पाया और उन्हें पांच-पांच साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने दोनो पर पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

- दोनों पर पचास- पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

12 वर्ष की किशोरी 2 साल बाद 23 की

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी की उम्र को लेकर एक विवाद गहरा गया है। एक प्रकरण में 2022 में किशोरी की उम्र 12 वर्ष दर्शाई गई थी। उस दौरान किशोरी ने एक युवक के विरुद्ध छेड़खानी और पॉस्को एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके बाद 2024 में किशोरी की आयु को पुलिस ने बाल विवाह की शिकायत सम्बन्धी आईजीआरएस के प्रार्थना पत्र निस्तारण में उसकी उम्र 23 वर्ष दर्शा दी है। जिसके बाद पीड़ित युवक ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर प्रकरण की जांच कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के बिलरख गांव निवासी रोहित पुत्र कटोरीलाल ने बताया कि अप्रैल 2022 में गांव की एक किशोरी ने उसके ऊपर छेड़खानी और पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें किशोरी की आयु 12 वर्ष दर्शाई गई थी। इस प्रकरण में उसे जेल भी जाना पड़ गया था। बताया कि 2023 के मई माह में आरोपित किशोरी के पिता ने कूटरचित तरीके से कागजों में बदलाव करवा कर उसका विवाह भी कर दिया था। जिसकी उसने राठ कोतवाली सहित जिला प्रोबेशन विभाग में किशोरी के बाल विवाह की शिकायत भी की थी। प्रोबेशन विभाग ने अपनी जांच आख्या में किशोरी को नाबालिग होना दर्शाया था। 2024 के जून माह में कोतवाली पुलिस ने किशोरी की आयु को 23 वर्ष होना दर्शाया है। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मामले की गहनता से जांच की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है। इस संबंध में कोतवाल का कहना था कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली में शिकायती पत्र देने जाता पीड़ित युवक। अमृत विचार

- पीड़ित युवक ने प्रकरण की जांच कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की लगाई गुहार

दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट यज्ञेश चंद्र पांडे ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के करीब दो साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे 20 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा।

विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने सात नवंबर 2022 को थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री मानसिक रूप से पागल है। वह मजदूरी करने के लिए बाहर चला जाता था। पुत्री घर पर रह जाती थी। उसी का फायदा उठाते हुए उसके पड़ोस में रहने वाले चंद्र किशोर ने उसके साथ अवैध संबध बना लिए। जिससे वह गर्भवती हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओ में मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानबीन के बाद पुलिस ने चंद्र किशोर के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

- कोर्ट ने पचास हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

तीर्थ क्षेत्र में पेयजल संकट गहराया

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। अभी गर्मी से राहत की संभावना भी नहीं नजर आ रही। ऐसे में तीर्थक्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था इक्कादुक्का जगहों पर होना जिम्मेदारों की जिम्मेदारी पर सवालिया निशान लगा रहा है।

भीषण गर्मी के प्रकोप से हर तबका बेहाल है। गुरुवार को पारा लगभग 45 डिग्री तक पहुंच गया। गर्मी में तीर्थक्षेत्र आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से कमी हुई है। गर्मी और पत्थरों की तपन से परिक्रमा पथ भी सुबह दस बजे के बाद सूना हो जाता है। दुकानदारों की भी बिक्री काफी कम हो गई है। गुरुवार को भी कामतानाथ परिक्रमा मार्ग, बरहा हनुमान जी मंदिर, खोही, रामघाट आदि जगहों में सन्नाटा पसरा रहा। शाम पांच बजे के बाद धूप कम होने पर परिक्रमा करने आए लोगों से बाजार में चहलहल हुई। उधर, तीर्थक्षेत्र में पेयजल की किल्लत का भी लोग सामना कर रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत खोही परिक्रमा पथ पर है। संतोष नामदेव, राजेंद्र, रामनरेश नामदेव समाज धर्मशाला महंत सर्वेश, रामजी पांडेय आदि ने बताया कि जल संस्थान द्वारा की जाने वाली जलापूर्ति से सुबह शाम ही पानी मिलता है। इनका कहना है कि पानी भी साफ नहीं होता। चित्रकूट नगर पंचायत और कर्वी नगर पालिका के जिम्मेदारों की लापरवाही से भी लोग रोष में हैं।

परिक्रमा पथ पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- भीषण गर्मी के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में आई कमी

संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला छात्र का शव

संवाददाता, थरियांव (फतेहपुर)

अमृत विचार। घर के अंदर कक्षा पांच के छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला। जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने पड़ोस के गैरबिरादरी के युवक पर हत्या का आरोप लगाया है। इलाकाई पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

थरियांव थाना क्षेत्र के घासीपुर निवासी मानसिंह सोनकर के पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह कई वर्षों से सीतापुर मजरे रामपुर थरियांव में प्रधान पति अनूप सिंह यादव के मकान में रहकर मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। बुधवार को वह अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ छोटे बेटे रूपेश की दवा करवाने के लिए बहरामपुर गया था। देर शाम तक घर वापस आने पर दरवाजा बंद था और घर के अंदर टीन शेड में बेटे का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। मृतक की मां रेखा देवी ने बताया कि पड़ोसी युवक ने खुन्नस में बेटे की हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया, ताकि हत्या को आत्महत्या का रूप दिया जा सके। बताया आरोपी युवक ने बीते फरवरी माह में भी घर के सदस्यों पर हमला किया था, लेकिन राजनीतिक संरक्षण मिलने की वजह से स्थानीय पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। हौसले बुलंद होने से आरोपी युवक ने मौका पाकर बेटे की हत्या कर शव लटका दिया है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा है। मृतक कक्षा पांच का छात्र था।

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, मौके पर मिला खून

ई- संजीवनी एप | विशेषज्ञ ऑनलाइन करेंगे मरीजों का उपचार

टेलीमेडिसिन सेवा से घर बैठे मिलेगा इलाज

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को राहत देते हुए शासन की ओर से टेलीमेडिसिन सेवा शुरू की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को बड़े अस्पतालों में चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। गांव के अस्पतालों से विशेषज्ञ ऑनलाइन माध्यम से मरीजों का उपचार करेंगे। ई- संजीवनी एप के जरिए पूरा सिस्टम संचालित रहेगा। डॉक्टरों को टेलीमेडिसिन की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि टेली मेडिसिन सुविधा शुरू हो गई है। इससे पहले ई-संजीवनी पोर्टल की पूरी ट्रेनिंग दी जा चुकी है। जिला अस्पताल से लेकर सभी सीएचसी के डाक्टर ऑनलाइन परामर्श देंगे। सीएमएस डा पीके सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर सीएमओ द्वारा यह व्यवस्था शुरू की गई है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रो से दूर दराज अस्पतालों में दिखाने आने वाले मरीजों को राहत पहुंचाना है। यह सेवा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को जिला अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उनका समय भी बचेगा। टेलीमेडिसिन सेवा के लिए ग्रामीणों को नजदीक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर जाना पड़ेगा। जहां सीएचओ की तैनाती की गई है। सामान्य स्थिति में सीएचओ मरीजों को दवाइयां दे देंगे।

यदि मरीज को अधिक समस्या है। तो वह तत्काल ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से टेलीमेडिसिन सेवा के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करेंगे। लैपटॉप पर टेलीमेडिसिन डॉक्टर मरीजों से ऑनलाइन सीधे बातचीत कर उनकी समस्या व उनकी बीमारी के बारे में पूरी तरह जानकारी लेंगे। मरीजों से पूरी जानकारी लेने के बाद विशेषज्ञ लैपटॉप के माध्यम से मरीज को दी जाने वाली सारी दवाइयां लिखेंगे। जिसका प्रिंट संबंधित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर निकाल कर दवाइयां मरीज को मुहैया कराईं जाएगी।

- अस्पताल न जाकर ऑनलाइन ले सकेंगे परामर्श
- डॉक्टरों को टेलीमेडिसिन की ट्रेनिंग दी जा चुकी

आरोग्य मंदिरों से मिलेगी सुविधा

टेली मेडिसिन की सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में खुले आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में मिलेगी। जिलेभर में करीब 80 आयुष्मान मंदिर खुल चुके हैं। जिन्हें संचालित करने के लिए हब शुरू किए गए हैं। जहां से विशेषज्ञ मरीजों को ऑनलाइन परामर्श व दवाइयां लिखेंगे। जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

सार-संक्षेप

बहन व दो भांजी के हत्यारोपी की जमानत अर्जी खारिज

हमीरपुर। कुरारा थाना क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी पीड़ित पति राजू पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है। उसके घर पर उसकी पत्नी अनीता दो मासूम बेटियों के साथ रहती थी। उसके घर पर उसका साला रामप्रकाश पाल निवासी भवानीपुर थाना चिल्ला जिला बांदा करीब 10 दिनों से रुका था। जो 11 जनवरी 2023 की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसकी पत्नी व बेटियों को घर में हत्या कर बेड पर लिटा दिया और साक्ष्य मिटाने के लिए हीटर को बेड के नीचे रखकर आग लगा दी। बताया कि आरोपी दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर ताला लगा दिया। लोगों ने घर जलता देख दौड़कर आए और आग बुझाकर घर का ताला तोड़कर अंदर गए। जहां तीनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपी साले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया है। सुनवाई करते हुए अदालत ने आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

फसल की रखवाली कर रहे पिता-पुत्र को सांड़ ने पटका

क़ायमगंज फर्रुखाबाद। थाना क्षेत्र के गांव अलैयापुर निवासी मुन्नालाल (70) अपने खेत मे मक्का की फसल को रखाने गए हुए थे । तभी सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अपने पिता के उपर सांड का हमला होते देख छोटा पुत्र 17 वर्षीय नारायण सिंह बचाने आ गया। सांड़ ने उसे भी पटक कर घायल कर दिया। सरकारी एम्बुलेंस में बाप बेटे को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया गया।

पुल पर भार का परीक्षण करने को बनी कमेटी

औरैया। औरैया को जालौन से जोड़ने वाले शेरगढ़ घाट स्थित यमुना पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर मंगलवार देर शाम से पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया था। बुधवार को आठ फुट छह इंच का हाइट गेज भी लगा दिया गया है। अब सिर्फ दो और चार पहिया हल्के वाहन ही निकल रहे हैं। अब लोक निर्माण विभाग की तरफ से पुल के भार परीक्षण को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया है। जो पुल का स्थलीय निरीक्षण कर भार परीक्षण का फैसला लेगी।

राजद्रोह खत्म और चेन स्नेचिंग के लिए होगा सख्त कानून

एक जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे नए आपराधिक कानून, दंड की जगह न्याय पर रहेगा जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शीघ्र न्याय के लिए जांच और साक्ष्य की आधुनिकतम तकनीक को शामिल किया
- छोटे-मोटे मामलों के निस्तारण के लिए पहली बार कम्यूनिटी सर्विसेज होगी

अमृत विचार। भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर देने वाले नए कानून 1 जुलाई से लागू हो जाएंगे। सर्वाधिक आबादी के नाते उप्र. में आपराधिक मुकदमों की संख्या भी सर्वाधिक है। स्वाभाविक रूप से इसका सबसे ज्यादा फायदा भी उप्र. को मिलेगा। नए क्रिमिनल जस्टिस में जहां राजद्रोह का कानून खत्म कर दिया गया है। पर भारतीय संप्रभुता का किसी भी तरह विरोध करने वालों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं से चेन स्नैचिंग और मोबाइल छीनैती जैसी घटनाओं के लिए कानून अब सख्त होगा।

दरअसल, महिलाओं के लिए चेन और मोबाइल छीनैती कानून व्यस्था के लिए बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। जिस भी महिला के साथ ऐसी घटना होती है,उसे गहरा आघात लगता है। कभी कभी तो इस छीना झपटी में महिला को गंभीर चोट आती है। ऐसी चोट जो जानलेवा हो सकती है या अपंगता की वजह। इसके लिए भी पहली बार नए कानून लाए गए हैं। अब चेन स्नैचिंग के मामलों में कुछ ही दिन में छूटकर बाहर आना इतना आसान नहीं होगा। नए कानून की धारा 304 के तहत इसमें तीन साल तक की सजा होगी। यदि स्नैचर किसी गैंग का सदस्य है, तो संगठित अपराध के तहत सजा बढ़कर सात साल तक हो सकती है।

आतंकवाद जो देश की प्रमुख समस्याओं में से एक है उसे पहली बार साफ तौर पर परिभाषित करते हुए दंड की व्यवस्था की गई है। इसी तरह संगठित अपराध और मॉब लीचिंग को पहली बार परभाषित किया गया है। लालच, दबाव और डर की वजह से गवाहों का मुकरना आम बात रही है। नए कानूनों में उनकी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। साथ ही तकनीक के जरिए जिस तरह परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर जोर दिया गया है। उससे गवाह मुकर भी नहीं पाएंगे। इससे पुलिस भी पूरी प्रक्रिया के दौरान जवाबदेह बनेगी। वह अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी।

नये कानूनी बदलावों में सुशासन, पारदर्शिता, संवेदनशीलता, जवाबदेही, बच्चों और महिलाओं के हित पर खासा ध्यान दिया गया है। दंड की जगह न्याय पर सारा जोर दिया गया है। शीघ्र न्याय मिले इसके लिए नीचे से ऊपर तक जांच और साक्ष्य के लिए आधुनिकतम तकनीक को शामिल किया गया है। किसी भी मामले न्याय मिलने की सीमा तय होगी। छोटे मोटे मामलों के निस्तारण के लिए पहली बार कम्यूनिटी सर्विसेज की शुरुआत की गई है। अकेले इस बदलाव से सेशन कोर्ट में ही 40 फीसद मुकदमो का निस्तारण हो जाएगा।

अंग्रेजी कानून के नाम में होगा बदलाव

- अब इंडियन पेनल कोड का नया नाम होगा, भारतीय न्याय संहिता। भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नाम से जानी जाएगी। इसी क्रम में इंडियन एवीडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य कानून लागू होगा। ये सारे बदलाव दंड की जगह न्याय पर केंद्रित हैं।

फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे

- सात साल से अधिक उम्र के अपराध में फोरेंसिक जांच जरूरी होगी। गंभीर मामलों की विवेचना एसीपी व डीएसपी से कराई जा सकेगी। पोक्सो की विवेचना 2 महीने में पूरी करनी होगी। 3 साल से कम सजा वाले अपराध में गिरफ्तारी के लिए एसीपी से अनुमति लेनी होगी। फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे। साथ ही, डॉक्टर, पुलिस व अन्य गवाहों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही हो सकेगी।

शराब के लिए पिता को पीटकर मार डाला

कासगंज। शराब के लिए रुपये न देने पर एक युवक ने लाठी से पीटकर पिता की हत्या कर दी। लोहारा गांव निवासी महिपाल सिंह के तीन बेटे गौरव, सौरव और गौतम हैं। सबसे बड़ा गौरव कासगंज में प्राइवेट नौकरी करता है। दूसरे नंबर का सौरभ और तीसरा गौतम मजदूरी करते हैं। गौतम शराब पीने का आदी है। आए दिन उसका किसी न किसी से विवाद होता रहता है। मंगलवार रात गौतम नशे में घर पहुंचा और पिता से शराब के लिए रुपये मांगने लगा। महिपाल ने रुपये देने से इनकार कर दिया तो बौखलाए गौतम ने लाठी से बेरहमी से पिटाई की। महिपाल चीखते रहे लेकिन गौतम के डर की वजह से कोई बचाने नहीं आया। महिपाल बेसुध होकर जमीन पर गिर गए तो गौतम चला गया। परिजन महिपाल को जिला अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन शव लेकर घर लौट गए।

बुधवार सुबह गौतम फिर शराब पीकर घर पहुंचा और हंगामा करने लगा। भाई सौरभ ने विरोध किया तो उससे मारपीट की। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गुरुवार को किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस गांव पहुंची और जानकारी ली। हालांकि देर शाम तक तहरीर नहीं दी गई।

बकरीद हो या बड़ा मंगल, स्वच्छता और शांति बनाए रखें : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा
- कुर्बानी के बाद सड़कों के किनारे अपशिष्ट न फेंकने के दिए निर्देश

अमृत विचार। बकरीद और ज्येष्ठ मंगल समेत आने वाले अन्य त्योहारों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस-प्रशासन को सतर्क करते हुए स्वच्छता और शांति बनाए रखने के आवश्यक सुझाव दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जहां बकरीद पर कुर्बानी के बाद अपशिष्ट के निस्तारण को व्यवस्थित इंतजाम करने का निर्देश दिया वहीं, बड़ा मंगल पर होने वाले भंडारा के बाद अपशिष्ट सड़क किनारे न फेंकने की हिदायत भी दी।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आने वाले त्योहारों के संबंध में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शामिल पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तान गणों को मुख्यमंत्री ने दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि, हर एक पर्व शांति और सौहार्द के बीच संपन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाएं। यदि कोई भी कानून हाथ में लेने का प्रयास करे, अराजक तत्वों पर नजर रखें, यदि कोई शांति व्यवस्था को खराब करने का प्रयास करता मिले तो उसके साथ पूरी कड़ाई की जाए।

योगी के मुताबिक, पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता बनाए रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। हमें इनसे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं।

सरकारी व निजी वाहनों से तत्काल हटाए जाएं हूटर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी व निजी वाहनों से हूटर तत्काल हटाये जायं। वीआईपी फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजना चाहिए, अन्य किसी वाहन में नहीं। उन्होंने कहा कि इसे स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि अगर कहीं से भी प्रेशर हॉर्न या हूटर बजने की सूचना मिली तो संबंधित थाने पर कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी

आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आगामी त्योहारों के संबंध में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीआईपी कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसलिए प्राथमिकता के साथ इस पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को देखते हुए प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाय। गंगा दशहरा को देखते हुए गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जानी चाहिए। स्नान कहां करना है, यह सुनिश्चित किया जाय।

कहीं पर न की जाए आपात बिजली कटौती : मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी में प्रदेश के सभी गांवों व शहरों में आपात बिजली कटौती न की जाय। ट्रांसफार्मर खराब होने या खराबी की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराया जाय। आम लोगो की जरूरतों का ध्यान रखा जाय। यातायात विभाग के साथ-साथ परिवहन विभाग की ओर से सुनिश्चित किया जाय कि कहीं भी अवैध वसूली न हो। आम आदमी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। ऐसी शिकायतें मिलीं तो कार्रवाई होनी तय है।

लखनऊ में बनेगी देश की पहली नाइट सफारी, चिड़ियाघर भी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- विश्व पटल पर दर्ज होगा नाम, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने दी हरी झंडी

अमृत विचार। कामगारों की बस्ती के रुप में पहचान रखने वाले अकबर नगर का नाम विश्व पटल पर दर्ज होने जा रहा है। यहां देश की पहली और दुनियां की पांचवीं नाइट सफारी बनाने का खाका तैयार हो गया है। लखनऊ चिड़ियाघर भी यहीं पर स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से नाइट सफारी की अनुमति मिलने के बाद इसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है।

योगी सरकार कुकरैल वन क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब बनाने जा रही है। रहीमनगर, भीखमपुर और अकबर नगर से अवैध निमार्ण को हटाकर जगह खाली कराया जा रहा है। यहां के 855.07 एकड़ क्षेत्र में परियोजना विकसित की जाएगी। यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आएगी, जिससे विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे। नाइट सफारी में 42 इनक्लोजर में 54 प्रजातियों के जानवरों को रखा जाएगा। सफारी की अधिकतम क्षमता 8 हजार व्यक्ति प्रति रात्रि होगी। पर्यटकों के सैर के लिए 5.5 किमी ट्राम-वे व 1.92 किमी का पाथ-वे बनेगा। सफारी में एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेन्दुआ, हायना आदि जीव आकर्षण का केंद्र होंगे।

कुकरैल नदी के दोनों तरफ सुंदर पार्क विकसित किए जाएंगे और एडवेंचर एक्टिविटी भी होंगी।

गोल्डी मसाले समूह की सफलता में वितरक साथियों का योगदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- समान मार्केटिंग सिस्टम को बताया सफलता की वजह
- विदेशों में मसालों की महक बढ़ाने पर दिया गया जोर

अमृत विचार। शुभम् गोल्डी मसाले प्रालि की ओर से वितरक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान विक्रेताओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान वितरकों के बीच समान मार्केटिंग सिस्टम को सफलता की बड़ी वजह बताया गया। इसके अलावा विदेशों में बेहतर प्रदर्शन पर जोर दिया गया।

समारोह की शुरुआत कंपनी के प्रबंधक निदेशक सुदीप गोयनका ने की। इस दौरान उन्होंने निदेशकों, वितरकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, बढ़िया क्वालिटी और वाजिब दाम पर चर्चा की। इसी तरह बदलते मार्केटिंग परिवेश को ध्यान में रखते हुए टेक्नोलॉजी, उत्पादन विस्तार, मार्केटिंग तथा प्रचार में नए प्रयोग को सफलता की वजह बताया। कार्यक्रम में पूर्व में चली 'भारत अमृत महोत्सव' उपहार योजना व लकी ड्रा में निकली कार की चाबी विक्रेता मे शीतला ट्रेडर्स, लखनऊ व मोटर साइकिल की चाबी विक्रेता मे सार्थक इन्टरप्राइजेज को पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में बिक्री महाप्रबन्धक आलोक सेठ ने कंपनी को अब तक मिली सफलता के बारे में बताया। उधर कार्यक्रम में कंपनी की ओर से उत्पादित नये उत्पादन के रूप में गोल्डी डबल इंजन नाम से डिटर्जेंट पाउडर व केक लांच किया गया।

समारोह में क्षेत्रीय बिक्री अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अरविन्द शर्मा भी मौजूद रहे।

वितरक को कार की चाबी देते समूह के निदेशक सुदीप गोयनका। अमृत विचार

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष से वसूली का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदर्शन के फोटो, वीडियो वायरल कर छवि धूमिल करने का भी आरोप

अमृत विचार। भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य ने अज्ञात लोगों पर वसूली के लिए दबाव बनाने का मामला हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराया है। उनका कहना है कि निराधार आरोप लगाकर किए गए प्रदर्शन के वीडियो और फोटो अनजान नंबर से वायरल कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, राकेश कुमार चत्री भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि अराजकतत्वों ने 18 अप्रैल 2024 को बिशप डायसिस ऑफ लखनऊ के मुख्य कार्यालय स्थित सिविल लाइन प्रयागराज के सामने धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान उनपर निराधार आरोप लगाए गए थे। प्रदर्शन का वीडियो व फोटो कई नंबरों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल किए गए। उक्त लोगों का उद्देश्य दबाव बनाकर वसूली करना है। अभी भी कई नंबरों से वीडियो व फोटो वायरल किए जा रहे हैं। इससे उनकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रहे हैं। इससे वह मानसिक तनाव में हैं। उपाध्यक्ष ने आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया मोबाइल नंबरों के आधार पर जेएसएम विल्सन, अशोक कुमार सिंह, दीपक विलियम समेत छह के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

हजारों वर्ष से इतिहास रहा है समृद्धः शंकराचार्य

झूंसी। पुरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने अपने छह दिवसीय प्रवास के दौरान बृहस्पतिवार को झूंसी के शिवगंगा आश्रम में भक्तों को रामचरित मानस की चौपाइयों के साथ विभिन्न धार्मिक विषयों पर बात की। भक्तों से कहा कि बिना भक्ति के भगवान का मिलना संभव नहीं है। उन्होंने देश में लगातार दलितों के नाम पर हो रही रही राजनीति पर चिंता जताई। एक भक्त ने पुरी शंकराचार्य से सवाल किया कि कुछ स्वार्थ लोगों के बहकावे में आने के कारण दलित वर्ग समाज की मुख्य धारा से दूर होता जा रहा है। इसके जवाब में पुरी शंकराचार्य ने कहा कि हजारों वर्ष पूर्व भी इस दलित वर्ग का इतिहास समृद्ध रहा है। काशी में अगर ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्यों का ही वर्चस्व होता तो राजा हरिश्चंद्र को खरीदने की क्षमता डोम राजा में कहां से आ जाती।

अधिशासी अधिकारी निलंबित, कई पर एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

> हमारी संस्कृति एवं परम्परा किसी भी रूप में पशु क्रूरता के खिलाफ है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता के प्रति सरकार की सहनशीलता शून्य है। इसी के तहत संबंधित दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गयी।
>
> – ए.के. शर्मा, नगर विकास मंत्री

अमृत विचार। कान्हा गौशाला में गोवंशों की बीमारी और रखरखाव के अभाव में मृत्यु हो जाने की घटना का संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार ने अमरोहा जिले की हसनपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी पीएन दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए दोषी पाये गए अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज करवायी है। जिलाधिकारी अमरोहा द्वारा जांच कराने पर उप जिलाधिकारी हसनपुर भगत सिंह, अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, उपमुख्य पशुचिकित्साधिकारी चमन प्रकाश, गौशाला प्रभारी दिनेश कुमार एवं करन सिंह, सहायक गौशाला प्रभारी आदि अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गोवंशों के रखरखाव में घोर लापरवाही बरतना पाया गया।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा के निर्देश पर निदेशक नगरीय निकाय डॉ. नितिन बंसल ने अमरोहा जिले की हसनपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी पीएन दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्तुति कर दी गयी है। पीएन दीक्षित द्वारा हसनपुर नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित कान्हा गौशाला में गोवंशों के रखरखाव, संरक्षण और इनके स्वास्थ्य के प्रति घोर अनियमितता बरतने के साथ पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उदासीनता और लापरवाही बरतने के दोषी पाये गये हैं। निलम्बन अवधि में अधिकारी को मण्डलायुक्त कार्यालय मुरादाबाद से संबंद्ध कर दिया गया है।

पूर्व खेल मंत्री के मामले में सुनवाई 27 को

सुलतानपुर। पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत 6 आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण टल गई। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला विचाराधीन है।

सदन में उठाएंगे पुलिस की ड्यूटी का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

अमृत विचार। नगीना लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने धूप में 24 घंटे काम कर रहे पुलिस बल के लिए चिंता व्यक्त की। कहा पुलिस वालों से 8 घंटे ड्यूटी कराई जाए। सप्ताह में एक दिन छुट्टी दी जाए। बॉर्डर स्कीम भी समाप्त की जाए। उन्होंने अयोध्या में भाजपा की हार पर अयोध्या वासियों को बधाई दी। नीट की परीक्षा में गड़बड़ी होने को लेकर कहा अगर गड़बड़ हुई तो सड़कों पर आंदोलन होगा।

सांसद चंद्रशेखर आजाद। अमृत विचार

चंद्रशेखर दिल्ली से लखनऊ की फ्लाइट मिस होने के बाद वह दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे थे। इसके बाद वह सड़क मार्ग द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

इससे पहले पत्रकारों से बात करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण ने कहा कि चुनाव में अयोध्यावासियों ने बहुत बड़ा काम किया है। यह स्पष्ट हो गया कि धर्म अब राजनीति से दूर रहे तो ज्यादा अच्छा है। क्योंकि अब बुनियादी मुद्दों पर बात होनी चाहिए। रोजगार महंगाई पर बात होनी चाहिए। पुलिसकर्मियों की छुट्टी के मुद्दे को संसद भवन में उठाऊंगा।

कार्रवाई | डीआरआई के निशाने पर बुलियन ट्रेडर्स और बड़े सराफा करोबारी, हवाई और सड़क मार्ग से हो रही तस्करी

प्रदेश में प्रत्येक वर्ष पकड़ा जा रहा 200 किलो से ज्यादा तस्करी का सोना

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार। हवाई और सड़क मार्ग से तस्करी करके लाया जा रहा अधिकांश सोना प्रदेश के पांच शहरों में खप रहा है। सोने की तस्करी की रोकथाम करने वाली केंद्रीय एजेंसी राजस्व आसूचा निदेशालय (डीआरआई) ने तस्करों का नया रूट मैप तैयार किया तो यह जानकारी सामने आई। एजेंसी तस्करी के सोने के खरीदारों की सूची तैयार कर रही है। डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक हर साल 200 किलो से ज्यादा सोना पकड़ा जा रहा है। इसकी मौजूदा बाजार कीमत 144 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इस साल चुनाव आचार संहिता की सख्ती के बावजूद अप्रैल तक कस्टम और डीआरआई ने 58 किलो सोना जब्त किया। अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर व वाराणसी में तस्करी का सोना सबसे ज्यादा खपाया जा रहा है।

डीआरआई की लखनऊ इकाई व कस्टम विभाग ने चार साल में 684 किलो तस्करी का सोना जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत 492.48 करोड़ रुपये है। एजेंसी के मुताबिक यह तस्करी करके लाए जा रहे कुल सोने का महज 2 या 3 फीसदी हिस्सा है। 1 या 2 प्रतिशत सोना भविष्य निधि के रूप में निवेशकों की तिजोरी में रुक जा रहा है। बाकी का 95 फीसदी सोना बाजार तक पहुंच जा रहा है। इतने बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी का अध्ययन किया गया तो पता चला कि यूपी के रास्ते दिल्ली और जयपुर पहुंचाया जाने वाला सोना अब यही रुक जा रहा है। 2018 के बाद लखनऊ से दुबई सहित कई देशों के लिए कई सीधी विमान सेवाएं शुरू होने से तस्करों ने यूपी को मंडी बना लिया। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद सड़क मार्ग से सोने को बहुत दूर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। इसलिए खरीदारों की मांग के हिसाब से विदेश से सोना उठाते हैं और एयरपोर्ट के बाहर निकलते ही उनके एजेंट को सौंप देते हैं।

सोने की तस्करी से जेवर में भारी छूट : अधिकारियों ने बताया कि कारीगरी पर आने वाला खर्च जोड़कर जेवर की कीमत तय होती है। इसमें ज्वैलर्स अपना मुनाफा भी जोड़ते हैं। इसके बाद शुद्ध सोने की कीमत 12 से 15 फीसदी तक बढ़ जाता है। इसी वजह से बड़ी कंपनियां रेट में किसी तरह का छूट नही देती हैं।

लखनऊ व कानपुर के ज्वैलर्स हैं ग्राहक

- डीआरआई के अधिकारी ने बताया कि जयपुर और दिल्ली के करोलबाग में तस्करी का सोना खपाया जाता था। लेकिन वर्ष 2018 के बाद से लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर और वाराणसी के ज्वैलर्स इसके खरीदार बने हैं। इसमें कानपुर और लखनऊ सराफा बाजार में सबसे ज्यादा सोना पहुंच रहा है। कुछ ज्वैलर्स तस्करों से सीधे सोना खरीद रहे हैं, लेकिन ज्यादातर बुलियन ट्रेडर्स के जरिए डील करते हैं। बुलियन ट्रेडर्स बैंक से जितना सोना लेते हैं उससे अधिक तस्करों से खरीदकर मोट मुनाफा कमा रहे हैं।

रियल एस्टेट में गिरावट से सोने में बढ़ा निवेश

- एजेंसी के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि कोरोना काल में बिजनेस सेक्टर में मंदी आ गई थी। सबसे ज्यादा मुनाफ देने वाला रियल एस्टेट कारोबार तेजी से गिर गया था। इस दौरान निवेशकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ गया। विदेश से लाए गए सोने में करीब 18 फीसदी से अधिक मुनाफा है। इसलिए निवेशकों का बड़ा समूह सोने के काले कारोबार में उतर गया।

कस्टम ड्यूटी और जीएसटी बचने से मुनाफा

- अधिकारियों के मुताबिक यूएई में सोना पर कस्टम ड्यूटी नही लगता है। यूपी में सोने का रेट 72 लाख रुपये प्रति किलो है। तस्करी करके लाए गए सोने में 12% कस्टम ड्यूटी, 3% जीएसटी और 3% सेस चार्ज बच जाता है। इससे प्रति किलो 12 लाख 96 हजार रुपये का मुनाफा हो रहा है। दुबई से सोना लाने में 40 से 50 हजार रुपये का खर्च आता है। तस्कर जोखिम पर फायदा लेकर सोना आसानी से पहुंचा देते हैं।

डीआरआई ने जब्त किया 515 किलो सोना

2020-21 में 129 किलोग्राम
2021-22 में 154 किग्रा
2022-23 में 222 किग्रा
2023-24 में 10 किग्रा

कस्टम ने पकड़ा सोना

2020-21 में 51.73 किग्रा
2021-22 में 26.62 किग्रा
2022-23 में 47.67 किग्रा
2023-24 में 43.00 किग्रा

असामाजिक गतिविधियों वाले पत्रकारों के लाइसेंस करें रद

लखनऊ, विधि संवाददाता

- प्रदेश में पत्रकारों के नाम पर सक्रिय है ब्लैकमेलिंग का गिरोह : राज्य सरकार

अमृत विचार। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हरदोई के एक कथित पत्रकार को आपराधिक मुकदमे में कोई भी राहत देने से इंकार करते हुए कहा है कि असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस रद् किए जाएं। न्यायालय ने कहा कि सरकार के पास ऐसी मशीनरी है जो इन गतिविधियों पर रोक लगा सकती है। इसके पूर्व राज्य सरकार की ओर से इसके अपर महाधिवक्ता व शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि पूरे प्रदेश में एक गिरोह सक्रिय है जो आम लोगों को ब्लैकमेल कर के पैसे ऐंठने जैसे असामाजिक गतिविधियों में शामिल है। यह आदेश न्यायमूर्ति शमीम अहमद की एकल पीठ ने हरदोई जनपद में एक अखबार के पत्रकार पुनीत मिश्रा व अखबार के डिस्ट्रीब्यूटर प्रदीश वैश की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में दोनों ने वसूली, एससी-एसटी एक्ट व अन्य धाराओं में दाखिल आरोप पत्र व तलबी आदेश को चुनौती दी थी। याचियों का कहना था कि याची संख्या 1 बतौर पत्रकार हरे पेड़ों की कटान के खिलाफ खबरें लिखा करता है, इसी वजह से उन्हें वर्तमान मामले में झूठा फंसाया गया है। कहा गया कि उनके खिलाफ आरोप है कि जब वादी लकड़ी बेंचने एक धर्म काँटा पर गया था तो अभियुक्तगण वहाँ आ गए और उस से वसूली मांगी तथा जाति सूचक गालियां दीं। दलील दी गई कि उक्त कथित घटना की एफआईआर 15 दिनों बाद लिखाई गई व देर से एफआईआर लिखाने का कोई कारण भी नहीं बताया गया।

एक नजर

चोर दरवाजे से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा कारॅपोरेशन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन 'चोर दरवाजे' से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, पर किसी तरह दरों में बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के पक्ष में निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में अगले पांच सालों तक बिजली दरों में आठ प्रतिशत की कमी किए जाने व नोएडा पावर कंपनी के मामले में अगले दो सालों तक 10 प्रतिशत की कमी की मांग की।

बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन ने आयोग में पेश नहीं किया प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, दरों पर आयोग स्वयं ले निर्णय

अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर इस बार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता श्रेणीवार विस्तृत प्रस्ताव पेश नहीं किया। कॉरपोरेशन ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता का उल्लेख करते हुए आयोग से स्वतः दरों के निर्धारण की मांग की है।

आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन समेत प्रदेश की बिजली कंपनियों ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता से संबंधित आंकडे समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये, पर बिजली दरों में न तो बढोतरी का और न ही कमी का कोई उल्लेख किया गया। बिजली कंपनियों ने आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर बिजली लागत व खर्च के बीच अंतर को देखते हुए बिजली दर पर स्वतः उचित फैसला लेने की मांग की।

यह पहला मौका है कि जब आयोग के निर्देश के बाद भी कॉरपोरेशन ने उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव पेश नहीं किया। हर साल कॉरपोरेशन अपने विस्तृत प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक, उद्योग समेत विभिन्न श्रेणी की नई बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करता रहा है। साथ ही, कॉरपोरेशन की ओर से बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग की जाती रही है। हालांकि, उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं।

खुर्जा व बुलंदशहर को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

मुख्यमंत्री ने कहा, सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना आवश्यक, तैयार करें कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर नया प्राधिकरण गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और सुनियोजित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा और बुलंदशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जिले बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने व उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए।

सरकारी आवास पर आवास विभाग की लंबित महायोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

उन्होंने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना जरूरी है, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज करें, ग्रीन बेल्ट के रूप में दर्ज न किया जाय। नदियों, पोखरों व अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण न होने दिया जाय। लखनऊ की कुकरैल नदी की तर्ज पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित किये जायं। जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं व नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो।

सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 23 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत संभावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियों, शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्हें मार्केट उपलब्ध कराएं। सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं।

फिर टूटा रिकॉर्ड, बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट के पार

ओबरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, अन्य स्रोतों से पूरी की गई मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मांग के 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, ओबरा बिजलीघर की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन इकाइयों में बिजली संकट बढ़ गया और एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली की मांग पूरी की गई।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, ओबरा की 660 मेगावाट व 200 मेगावाट की एक-एक इकाई ठप हो गई, जबकि पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की बंद चल रही इकाई चालू नहीं हो सकी। ओबरा की 200 मेगावाट की इकाई के गुरुवार की देर रात तक व बाकी इकाइयों के 14 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।



▸▸ 30 हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली आपूर्ति देने वाला पहला राज्य बना प्रदेश

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश देश का पहला राज्य है। जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया। गुरुवार को अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकॉर्ड बनाया।

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण बिजली मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बिजली कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकॉर्ड भी बन रहे हैं। सभी कार्मिक इस चुनौती पूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं, क्षेत्र में 'पेट्रोलिंग' करें, साथ ही, टोल फ्री नंबर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करें।

संभल के अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि : पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में उदासीनता बरते जाने पर मुरादाबाद जोन के संभल में तैनात अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं। मुरादाबाद जोन की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने बिलिंग व राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

संकट केवल स्थानीय खराबी से

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि सिस्टम की क्षमता के कारण कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही है। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में बिजली कर्मी कम से कम समय में उसे ठीक कर आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं।

कुछ समय का कीर्तिमान, बाकी समय बदहाली

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन बिजली आपूर्ति का रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है, पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली संकट की वजह से गर्मी में पसीना बहाते बीत रहा है। उन्होंने कहा कि बीती रात 10 बजे से रात 11 बजे के बीच केवल 35 मिनट के लिए 30 हजार मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग रही। उन्होंने कहा कि 'ब्रेकडाउन' को जोड़ लिया जाए तो बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट के ऊपर जा रही है। उन्होंने स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न बिजली संकट दूर कर लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने की मांग की।

डीएसपी और महिला डॉक्टर विवाद प्रकरण की जांच शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बस्ती में महिला मित्र विवाद में फंसे डिप्टी एसपी के प्रकरण को लेकर जांच शुरू हो गई है। महिला मित्र की ओर से दर्ज करायी गयी एफआईआर की जांच के लिए सभी पक्षों को बयान के लिए नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि डिप्टी एसपी विनय सिंह चौहान व उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ जयपुर की एक महिला डॉक्टर ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करायी। आरोप है कि वह विनय सिंह चौहान से पांच वर्षों से जुड़ी हुई हैं। वह विनय से मिलने के लिए बस्ती उनके सरकारी आवास पर पहुंची थीं। इस दौरान अचानक विनय की पत्नी और बेटी आवास पर पहुंच गईं और उसे लाठी डंडों से पीटा, जिससे वह घायल हो गई। मारपीट में विनय ने भी पत्नी और बेटी की मदद की थी। महिला थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। अब मामले की जांच शुरू हो गई है। सभी पक्षों को बयान देने के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उन महिला कांस्टेबल को भी बयान लेने के लिए बुलाया गया, जिसने महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया था। साथ में महिला डॉक्टर को भी नोटिस भेजा गया है।

कोऑपरेटिव सेल के विलय से सीबीसीआईडी का बढ़ा कद

डीपी शुक्ल, लखनऊ

अमृत विचार : शासन के निर्देश पर पिछले वर्ष नवंबर माह में कोऑपरेटिव सेल का विलय सीबीसीआईडी में हो गया। इससे इसकी साख व धाक में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने पुलिस विभाग की प्रमुख जांच एजेंसी आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ईओडब्ल्यू से करीब 260 मामलों की विवेचना सीबीसीआईडी को स्थानांतरित की है।

दो जोनल अफसरों की देख-रेख में प्रदेश में कुल नौ खंड बनाए गए हैं, जिसमें मेरठ, आगरा, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर नगर, वाराणसी व जौनपुर शामिल है। यहां प्रत्येक खंड में खंडाधिकारी नियुक्त हैं।

सीबीसीआईडी में तैनात एडीजी के. सत्यनारायण और आईजी राजेश डी. मोदक की देख-रेख में मामलों की विवेचना होती है। कोऑपरेटिव सेल से सीबीसीआर्डडी में इस वर्ष कुल 40 मामलों की विवेचना की जा रही है। वर्तमान में 350 मामले विवेचनाधीन हैं। एक अधिकारी का कहना है कि हर विवेचक को समय रहते हुए निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश है।

"सीबीसीआईडी में कुल 350 मामले विवेचना के लिए लंबित हैं। सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह स्वतंत्र होकर गुणवत्तापरक, निष्पक्ष और समय रहते विवेचना कर मामलों का निस्तारण करें।

–एसएन साबत, पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी

सूत्रों के अनुसार, 14 बार विवेचना बदले जाने वाले गोंडा के चर्चित मामले की विवेचना लखनऊ खंडाधिकारी के पर्यवेक्षण में हो रही है, जबकि एक एएसपी पर लगे शारीरिक शोषण की विवेचना कानपुर के खंडाधिकारी को सौंपी गयी है। इसी तरह आगरा के चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड की भी विवेचना करने की जिम्मेदारी सीबीसीआईडी को मिली है।

प्रमुख विवेचनाधीन मामले

- ▸▸ लखनऊ के एएसपी पर लगा शोषण का आरोप
- ▸▸ गोंडा के तरबगंज का चर्चित दलित हत्याकांड
- ▸▸ आगरा का चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड

शून्य सीट पर सिमटी बसपा को गिरते वोट प्रतिशत की चिंता

संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी, कई पदाधिकारियों पर गिर सकती है गाज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटी बसपा को गिरते मत प्रतिशत ने चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में मिले मतों का आंकड़ा बता रहा है कि बसपा का कोर वोटर भी उससे छटककर इंडी गठबंधन के पाले में चला गया।

करारी हार और गिरते वोट प्रतिशत पर पार्टी में समीक्षा का दौर जारी है, संगठन के पदाधिकारी कारण गिना रहें हैं। सूत्रों का कहना है इस मुद्दे पर मायावती बहुत गंभीर हैं और संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी चल रही है। 23 जून के बाद कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है, पार्टी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

फैक्ट फाइल

- ▸▸ बसपा को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में
- ▸▸ 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे 2019 के लोकसभा चुनाव में
- ▸▸ 9.43 प्रतिशत मत मिले 2024 के लोकसभा चुनाव में

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, हालांकि तब पार्टी को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। तब वोट प्रतिशत तो गिरा लेकिन, सीटों की संख्या शून्य से 10 पहुंच गई। 2019 में बसपा को 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे। तब पार्टी में घटे मत प्रतिशत पर चर्चा नहीं हुई थी।

गठबंधन के दौर में बसपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरी। लेकिन, 18वीं लोकसभा चुनाव में उसे केवल 9.43 प्रतिशत मत ही मिले। सीट तो एक भी नहीं मिल पाई। मतों में करीब 10.04 फीसदी की कमी बसपा प्रमुख मायावती के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके लिए आंतरिक रूप से मंडलवार, विधानसभा क्षेत्रवार और ब्लॉक स्तर पर कोर मतदाताओं से संवाद प्रबंधन कार्य की समीक्षा की जा रही है।

▸▸ इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा

इस चुनाव में सबसे ज्यादा लाभ इंडी गठबंधन को हुआ है। इस चुनाव में सपा की तो पौ बारह हो गई। सपा ने वर्ष 2019 में 18.11 फीसद मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2024 के चुनाव में 33.59 प्रतिशत मत प्राप्त कर वह सीटों के लिहाज से राज्य की सबसे बड़ी और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी 6.36 प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी कर ली। प्रदेश में कांग्रेस का मत प्रतिशत 9.46 प्रतिशत और सीटों की संख्या छह पहुंच गई। अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि पीडीए फार्मूले पर चुनाव लड़ने वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के कोर मतदाता ने ज्यादा विश्वास किया।

▸▸ गठबंधन से बसपा को होता है फायदा

इस चुनाव में गठबंधन न करना मायावती का निर्णय पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। सपा के साथ वर्ष 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जीतीं थी। गठबंधन न होने से इनमें से ज्यादातर सीटें इंडी गठबंधन के पास चली गईं और अन्य सीटों पर दूसरे दलों में बाजी मार ली। बसपा से छिनने वाली सीटों में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर में सपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। सपा के समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी ने सहारनपुर सीट झटक ली। अकेले चुनाव लड़ी बसपा बिजनौर सीट भी नहीं बचा सकी। यह सीट रालोद ने जीत ली है। नगीना सीट पर बसपा के कोर मतदाताओं पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर ने जीत दर्ज की।

"लोकसभा चुनाव की जीत स्थायी नहीं एक्सीडेंटल जीत है। भाजपा को हराने के नाम पर पार्टियों ने मतदाताओं को बरगलाने का काम किया है। इस मुद्दे पर पार्टी गंभीर चिंतन कर रही है और नई रणनीति के तहत 2027 का चुनाव बसपा जीतेगी।

–विश्वनाथ पाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बसपा

वर्ग पहेली-100

बाएं से दाएं

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

ऊपर से नीचे

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



वर्ग पहेली -99 का हल

1 जी					2 अ	
वि		3 द	4 ब	का	ना	
त			ग		ड़ी	
	5 ब	6 त	र	स		7 ख
8 झ	ड़	क	ना		9 मौ	न
		री				ख
10 ऐ	ल	ब	म		11 था	ना

सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2		8			4		6
	4		7				3	
1			2	6	4			7
4	7			5				8
6				9			2	1
5			3	7	1			9
	3				2		5	
2		8			6		7	

सुडोकू - 12 का हल

8	5	2	6	4	1	9	7	3
9	4	1	3	8	7	6	5	2
6	7	3	5	2	9	1	8	4
2	6	5	9	1	4	7	3	8
4	1	7	8	3	5	2	9	6
3	8	9	7	6	2	4	1	5
1	3	8	4	7	6	5	2	9
5	2	4	1	9	8	3	6	7
7	9	6	2	5	3	8	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

वृष — आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

मिथुन — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

कर्क — आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई-बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह — आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

कन्या — आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

तुला — आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

वृश्चिक — आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

धनु — आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

मकर — आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

कुंभ — आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

मीन — आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- शिव शक्ति — सुबह : 10.46
- मजाल — रात : 07.00

&pictures
- रोड साइड राउडी — सुबह : 11.31
- वेलकम बैक — शाम : 05.13

SONY PIX
- द डार्क नाईट राइसेस — सुबह : 10.44
- रैमपेज — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- गुमनाम — सुबह : 09.30
- आरआरआर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- महा चोर — सुबह : 08.35
- जुग जुग जियो — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सऐप पर चिपकाती है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 930 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	11000-12000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7700-7800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	17100-17200
अरहरस्पेशल1	14600-14700
चनादाल	8100-8200
मटरदाल	4850-4950
मसूरमलका	7300-7350
मसूरदाल	7400-7450
उड़ददाल	9000-13300
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8100-9700
मूँग धोवा	9700-11000
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1380-1430
मैदा	1350-1400
सूजी	1410-1430
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1325-1350
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर दरें कम करने, आधार बढ़ाने की जरूरत

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर विशेषज्ञों ने दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। ईवाई इंडिया के वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा-पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा कि सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा-भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा। नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

अंबुजा सीमेंट्स ने पेन्ना सीमेंट का किया अधिग्रहण

नई दिल्ली। अडाणी समूह की कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने बृहस्पतिवार को 10,422 करोड़ रुपये के उपक्रम मूल्य पर पेन्ना सीमेंट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीसीआईएल) का अधिग्रहण करने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि इस अधिग्रहण के लिए दोनों कंपनियों ने एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस समझौते के तहत अंबुजा सीमेंट्स पीसीआईएल के मौजूदा प्रवर्तक समूह पी प्रताप रेड्डी एवं परिवार से कंपनी के 100 प्रतिशत शेयर खरीदेगी। हैदराबाद स्थित पेन्ना सीमेंट के अधिग्रहण से अडाणी समूह की सीमेंट उत्पादन क्षमता में 1.4 करोड़ टन सालाना की बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही अडाणी समूह की कुल सीमेंट उत्पादन क्षमता 8.9 करोड़ टन प्रति वर्ष हो जाएगी।

देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार आयात शुल्क में नहीं होगा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा-बदलाव का नहीं है इरादा

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और यदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा। रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	71,500
सोना जेवरात गिन्नी	70,500
चांदी पक्की	876 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,400
चांदी आभूषण	89,750।

एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण(एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं।

कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा-यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल' (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद्द करने को कहा गया था।

सोने के दाम में 50 और चांदी में 550 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं।

बाजार में सेंसेक्स-निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

मुंबई, एजेंसी

- खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स 204 और निफ्टी 75 अंक उछला

विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई खरीदारी की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नए शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई में धातु, बैंकिंग, यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार में 0.89 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 15 अन्य समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कैपिटल गुड्स 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.01, रियल्टी 2.15, कमोडिटीज 0.55, सीडी 0.88, ऊर्जा 0.54, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 1.67, आईटी 1.08, ऑटो 0.87, तेल एवं गैस 0.53, टेक 0.45 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा।

राष्ट्रीय

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 4 आतंकियों के जारी किए स्केच

डोडा आतंकी हमला: गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

ब्यूरो, जम्मू

अमृत विचार: जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में दो हमलों में शामिल 4 आतंकियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि मंगलवार को भद्रवाह के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जबकि बुधवार को जिले के गंडोह इलाके में तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा-जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों से इन आतंकियों की मौजूदगी और आवाजाही के बारे में सूचना देने की अपील करती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

रियासी बस हमले के 50 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर नौ जून को हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में पुलिस ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि कांडा इलाके में गहन पुलिस जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके अधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जांच से उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है, जो हमले की साजिश रचने में संभावित रूप से शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए दूर-दराज के सुदूर इलाकों में अपनी तलाशी बढ़ा दी है। ज्ञातव्य है कि बस पर हमला पौनी के कांडा इलाके में हुआ था, जिसमें 10 लोग मारे गये थे और 33 घायल हुए थे। प्रवक्ता ने कहा-व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूर-दराज के इलाकों तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य और सबूतों को उजागर करना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों तथा आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीआरपीएफ की बस में लगी आग

रामबन/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस में तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस श्रीनगर से जम्मू जा रही थी और इसमें सवार जवान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के काफिले की बस में दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के निकट आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। रामबन के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग इंजन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

नागपुर के निकट कारखाने में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत

नागपुर के पास एक विस्फोटक-निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

नागपुर, एजेंसी

- विस्फोटक कारखाने में दोपहर में हुई घटना, तीन लोग घायल

महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने बताया कि कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में लाया गया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तब ज्यादातर श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शाम को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को रद्द करने की भी अपील की है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के बाद गडकरी के फिर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहर में उनके स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट के बाद से कारखाने के मालिक और प्रबंधक लापता हैं। उन्होंने कहा-उनके समर्थकों ने पीड़ितों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

एक नजर

दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक दुकान में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं।

आतंकवादी के मददगार का मकान कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आतंकवादियों के मददगार एक व्यक्ति के दो मंजिला मकान को कुर्क कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में गडोले इलाके के लोहार सेन्जी में स्थित रियाज अहमद भट के मकान पर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संभागीय आयुक्त कश्मीर के आदेश पर यह कार्रवाई की।

शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें

चेन्नई, एजेंसी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी
- कहा-सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए।

न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें। भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा। अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि उसने अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे।

पेमा खांडू बने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

इटानगर, एजेंसी

भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई।

कर्नाटक में दूषित जल पीने से दो लोगों की मौत

तुमकुरु (कर्नाटक)। कर्नाटक के तुमकुरु जिले के मधुगिरि तालुका के चिन्नेनाहल्ली गांव में दूषित जल पीने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार बुधवार को यहां एक अस्पताल में जान गंवाने वाले चिक्कादासप्पा (76) और पेद्दान्ना (72) उन लगभग 100 लोगों में शामिल हैं, जो ग्रामीण मेले के दौरान टंकी और पेयजल इकाई का पानी पीने के बाद 10 जून को बीमार पड़ गए थे। जिले के प्रभारी मंत्री परमेश्वर आज अस्पताल पहुंचे और इलाज करा रहे लोगों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली।

जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को दिया एक महीने का समय

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

- मराठा आरक्षण: मनोज ने अनिश्चितकालीन अनशन निलंबित किया

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छह दिन पहले आरक्षण के मुद्दे पर शुरू किया अपना अनिश्चितकालीन अनशन बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया और समुदाय की मांगों को स्वीकार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को एक महीने का समय दिया।

उन्होंने यह घोषणा उस समय की जब महाराष्ट्र के मंत्री और मराठा आरक्षण उप-समिति के सदस्य शंभूराज देसाई, शिवसेना सांसद सांदीपन भुमरे ने जालना जिले में उनके पैतृक गांव अंतरवाली सरती में उनसे मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। इससे पहले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने भी अंतरवाली सरती में जरांगे से मुलाकात की। धरना स्थल पर लोगों को संबोधित करते हुए जरांगे ने कहा, "हम मराठा समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं। लेकिन हम आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी भी जारी रखेंगे। अगर सरकार हमें आरक्षण नहीं देती है तो हम इसमें (चुनाव में) जाएंगे और इसे (आरक्षण) हासिल करेंगे।

उन्होंने कहा-अगर एक महीने में मांगें पूरी नहीं की गईं तो न तो विपक्ष के सदस्य और न ही सरकार में बैठे लोग हमारे पास आएं। हम (राज्य विधानसभा चुनावों में) उम्मीदवारों के नाम घोषित करके उन्हें हरा देंगे। जरांगे ने आठ जून से अपना विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। वह मसौदा अधिसूचना के क्रियान्वयन की मांग कर रहे हैं, जिसके तहत कुनबियों को मराठा समुदाय के सदस्यों के सगे सोयरे (रक्त संबंधी) के रूप में मान्यता दी गई है। साथ ही वह कुनबियों को मराठा के रूप में मान्यता देने के लिए एक कानून की भी मांग कर रहे हैं। कुनबी एक कृषि प्रधान समूह है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आता है। जरांगे मांग कर रहे हैं कि सभी मराठों को कुनबी प्रमाण पत्र जारी किए जाएं, जिससे वे आरक्षण के लाभ के लिए पात्र बन सकें। जरांगे से मुलाकात के बाद मंत्री देसाई ने कहा-इस मुद्दे पर कल एक बैठक बुलाई जाएगी। पिछले पांच महीनों में से दो महीने आदर्श आचार संहिता (लोकसभा चुनावों के लिए) लागू होने में बीत चुके हैं।

सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

फ्लोरिडा, एजेंसी

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरना है तो अर्शदीप को मिले तरजीह : कुंबले

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूर्व स्पिनर बोले- मौजूदा फॉर्म को देखते हुए सिराज से आगे हैं अर्शदीप
- विविधता मुहैया कराते हैं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह

पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए।

अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता। तेज गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह टीम के पहली पसंद के गेंदबाज है और कुंबले का मानना है कि इस विभाग में अर्शदीप और हरफनमौला हार्दिक पंड्या को यह जिम्मेदारी उठानी चाहिए। कुंबले ने कहा मुझे लगता है कि जिस तरह से अर्शदीप ने पाकिस्तान के खिलाफ आखिरी ओवर में गेंदबाजी की और उसके पास टी-20 क्रिकेट के लिए जिस तरह की विविधता है उससे लगता है कि वह निश्चित रूप से उसे मोहम्मद सिराज से आगे है। अगर भारत दो तेज गेंदबाजों और हार्दिक पंड्या के साथ जाने का विकल्प अपनाता है तो अर्शदीप विविधता भी मुहैया कराएंगे। अर्शदीप ने अब तक टी-20 विश्व कप के तीनों मैचों में भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने 6.2 की इकॉनमी और 10.28 के स्ट्राइक रेट से सात विकेट लिए हैं। इसकी तुलना में सिराज ने तीन मैचों में 66 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ एक विकेट लिया है।

खेल डायरी

विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

चेन्नई। पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दो चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

मैसुरु। एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

लांग एन (वियतनाम)। भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

मुबंई। दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरू होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

13 रन से हारने के बाद ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर पहुंची न्यूजीलैंड, आगे की राह कठिन

टरूबा, एजेंसी

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

68 रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	3	3	0	6	1.137	0
अमेरिका	3	2	1	4	0.127	0
पाकिस्तान	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	2	1	1	2	-0.309	0
इंग्लैंड	1	0	1	1	-1.800	1
ओमान (बा)	3	0	3	0	-1.613	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
अफगानिस्तान	2	2	0	4	5.225	0
युगांडा	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड	2	0	2	0	-2.425	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	2	1	1	2	0.075	0
नीदरलैंड	2	1	1	2	0.024	0
नेपाल	2	0	1	1	-0.539	1
श्रीलंका	3	0	2	1	-0.777	1

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम	9	12	0/1
जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट	0	5	0/0
निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी	17	12	3/0
रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन	0	3	0/0
रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी	1	5	0/0
शरफेन रदरफोर्ड नाबाद	68	39	2/6
अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर	15	17	0/1
आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट	14	7	2/1
रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन	13	13	0/1
अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट	6	6	1/0
गुडाकेश मोटी नाबाद	0	1	0/0

अतिरिक्त : 6 रन, **गेंदबाजी** : बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन	5	8	0/0
फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ	26	23	3/1
रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी	10	13	0/0
केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी	1	2	0/0
डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी	12	13	1/0
ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ	40	33	3/2
जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ	10	11	0/1
मिचेल सैंटनर नाबाद	21	12	0/3
टिम साउदी कैच आउट जोसेफ	0	1	0/0
ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल	7	4	0/1
लॉकी फर्ग्युसन नाबाद	0	0	0/0

अतिरिक्त : 4 रन, **गेंदबाज** : अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ओपन

भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- 100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल
- टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई दिग्गज टीमें

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा। स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल

लंदन। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

लंदन। ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

ओलंपिक कोटा देश का होता है, खिलाड़ी का नहीं : बिंद्रा

मुंबई, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं।

पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा-निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है। बिंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम से इतर कहा देखिए चयन के लिए एक उचित प्रक्रिया तैयार की गई है और उन्होंने भी उसका पालन किया है।

मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी

अटलांटा। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

- ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर केस

वाशिंगटन। अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रेंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की परीक्षा है।

जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह

जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।

रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुन: शामिल नहीं किया जा रहा है।

भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

एक नजर

रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

मॉस्को। रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

त्रिपोली। लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

- इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो
- जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस

जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

ओटावा। कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

फेसबुक से मिले अलर्ट से सात मिनट में बचाई जान

मेरठ, एजेंसी

- पत्नी से अनबन के बाद सुसाइड करने जा रहे थे प्रोफेसर

फेसबुक अलर्ट ने मेरठ के सिविल लाइन थानाक्षेत्र में एक प्रोफेसर की जान बचा ली। अनबन के बाद पत्नी के मायके चले जाने से परेशान एक डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर ट्रेन के आगे कूदकर जान देने जा रहे थे। अमेरिका में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के हेडक्वार्टर में जैसे ही ये लाइव वीडियो दिखाई दिया तो उसने भारत में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पुलिस मुख्यालय को जानकारी दी। हरकत में आए महकमे ने लाइव लोकेशन का पता लगाया और मेरठ पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद मात्र सात मिनट में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रोफेसर को आत्महत्या करने से रोका लिया।

जीआरपी इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि फेसबुक लाइव आकर प्रोफेसर आत्महत्या करने जा रहे थे। थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक शशांक द्विवेदी ने प्रोफेसर की जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह सिविल लाइन क्षेत्र में रहते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी को फोन कर प्रोफेसर के घरवालों को जानकारी देने को कहा।

एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप

स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

चीन में पढ़ने वाले छात्रों के एफएक्यू जारी किए गए

बीजिंग, एजेंसी

- साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं

भारतीय दूतावास ने चीन में अध्ययन कर रहे भारतीयों के लिए अपनी वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) प्रकाशित किए हैं ताकि उन्हें चीनी कॉलेजों से प्राप्त दस्तावेजों व डिग्रियों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा सके। साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं, ऐसे में चीनी कॉलेजों से प्राप्त डिग्री के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण से संबंधित कई प्रश्न बुधवार को प्रकाशित किए गए हैं।

एफएक्यू में इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए दूतावास और शंघाई व गुआंगजू में भारतीय वाणिज्य दूतावासों द्वारा ली जाने वाली फीस, त्वरित आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन में लगने वाला समय, भारत में स्वीकृति के लिए दूतावास से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता, भारत में विभिन्न चिकित्सा परिषदों द्वारा दूतावास को भेजे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और वाणिज्य दूत नितिनजीत सिंह ने छात्रों से अनुभव जाने।

नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

गाजा, एजेंसी। गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

- आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि आईएसआई के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है।

तोड़फोड़ के मामले में इमरान खान बरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया था।

बॉलीवुड हलचल

आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

मुंबई, एजेंसी। महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात ‹bha›@‹/bha›आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

करण की किल का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

मुंबई, एजेंसी। देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ' 'यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

खगोल विज्ञान | नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

नैनीताल : नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।

सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।